आपकी आवाज

दैनिक ट्रिब्यून

वर्ष/VOL : 42 अंक : 72 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ कार्तिक 10 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 4.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com | शनिवार, 26 अक्तूबर, 2019 | www.dainiktribuneonline.com

KAPSONS
BRINGING GLOBAL BRANDS TOGETHER

Kapkids
FOR Some CITIZENS

DIWALI CELEBRATIONS
KEEPS GETTING BRIGHTER!

CELEBRATING 30 YEARS

This diwali bring home happiness with exclusive offers only at KAPSONS

AVAIL GREAT OFFERS ON GLOBAL BRANDS
& ALSO GET BRAND VOUCHERS WITH YOUR PURCHASE!

TOMMY HILFIGER — Shop for Rs 6999 & Get a voucher worth Rs 1500
Calvin Klein Jeans — Shop for Rs 14999 & Get vouchers worth Rs 3000
GAP — Shop for Rs 10000 & Pay Rs 7500 only
Superdry — Shop for Rs 14999 & Get free shop worth Rs 3000
GAS — Shop for Rs 14990 & Get a duffle bag free worth Rs 6990
fcuk — FLAT 20% off (Selected Style)
U.S. POLO ASSN. — Shop for Rs 6999 & Get Rs1000 off
PUMA — Buy 2 Get 20% off
AÉROPOSTALE — Shop for Rs 4999 & Get Rs 1000 off
JACK & JONES — Shop for Rs 5990 & Get Rs 1000 off
INDIAN TERRAIN — Shop for Rs 4999 & Get Rs 1000 off
BLACKBERRYS — Shop for Rs 6995 & Get merchandise worth Rs 1000 free
FOREVER NEW — UPTO 50% off
VERO MODA — Shop for Rs 5990 & Get Rs 1000 off
KAZO — Flat 30% off (NEON COLLECTION)
UNITED COLORS OF BENETTON. — Shop for Rs 4999 & Get Rs 1000 off
THE CHILDREN'S PLACE — Buy 1 Get 1
cherry crumble — FLAT 25% off
Pepe Jeans LONDON — Shop for Rs 3499 & Get a Head phone free
& MANY MORE

AMRITSAR MALL ROAD | BARNALA NANASKAR ROAD | BATHINDA GONIANA ROAD | CHANDIGARH SECTOR 17 & ELANTE MALL | DHARAMSHALA MAXIMUS MALL | HOSHIARPUR COURT ROAD | JALANDHAR MODEL TOWN | JAMMU WAVE MALL & GANDHI NAGAR
KARNAL KUNJPURA ROAD | LUDHIANA GRAND WALK MALL & MALL ROAD | MOHALI BESTECH MALL | PATIALA BHUPINDRA ROAD | ROHTAK SKY TECH MALL | SANGRUR ROXY ROAD | UDAIPUR CELEBRATION MALL | YAMUNANAGAR GOVINDPURI ROAD

*T&C Apply

खट्टर के साथ दुष्यंत का समझौता, अकेले पड़े आजाद

निर्दलीय विधायकों की 'शर्त' भाजपा को नहीं आई रास

'मजबूरी' में सरकार को देना पड़ सकता है बिना शर्त समर्थन

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा के उन निर्दलीय विधायकों को धनतेरस के मौके पर बड़ा झटका लगा है, जो चुनावी नतीजों के बाद से 'किंग मेकर' की भूमिका में दिख रहे थे। हरियाणा के विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद बनी त्रिशंकु विधानसभा के चलते सत्तारूढ़ भाजपा को सरकार के गठन में पसीने छुट रहे थे। बेशक, चालीस सीटों पर जीत के साथ भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर उभरा, लेकिन सरकार बनाने के लिए कम से कम छह और विधायकों की जरूरत थी।

सात निर्दलीयों के अलावा इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला और हरियाणा लोकहित पार्टी के गोपाल कांडा के तौर पर भाजपा के सामने विकल्प खुला था। इनके साथ बातचीत भी चल रही थी। सूत्रों का कहना है कि निर्दलीय विधायकों की शर्तों की वजह से भाजपा ने एक-एक करके आठ-नौ विधायकों को मनाने की बजाय 10 विधायकों वाले दुष्यंत चौटाला के साथ बातचीत करना ही उचित समझा। निर्दलीयों को साथ लेकर सरकार बनाने में सबसे बड़ी दिक्कत यह आ रही थी कि अधिकांश विधायक मंत्री पद चाह रहे थे। जातिगत व क्षेत्रीय समीकरणों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी इस मांग को पूरा करने की स्थिति में नजर नहीं आ रही थी। इसी के चलते दुष्यंत चौटाला के साथ बातचीत शुरू की गई। दुष्यंत की पार्टी जजपा ने 10 हलकों में चुनाव जीता है।

सूत्रों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व की अंदरूनी बैठकों में भी निर्दलीयों की बजाय दुष्यंत को साथ लेकर सरकार बनाने की राय देने वालों की संख्या अधिक है। इसका बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि दुष्यंत के साथ गठबंधन एक तरह से पूरी पार्टी के साथ समझौता होगा और सभी विधायकों से अलग-अलग बात करने की जरूरत नहीं होगी। पार्टी हाईकमान की ओर से भी हुड्डा को फ्री-हैंड दिया गया था। कांग्रेस के 31 विधायक हैं। ऐसे में अगर जजपा के 10 विधायक भी सरकार बनाने के लिए साथ आते तो यह आंकड़ा 41 तक पहुंचता। फिर भी सरकार के लिए कम से कम पांच और विधायकों की जरूरत पड़ती। ऐसे में कांडा के अलावा निर्दलीय विधायकों की जरूरत पड़ती।

वहीं दूसरी ओर, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी सरकार बनाने की कोशिश में जुटे रहे। निर्दलीय विधायकों में रानियां से रणजीत सिंह चौटाला, दादरी से सोमबीर सिंह सांगवान, महम से बलराज कुंडू, बादशाहपुर से राकेश दौलताबाद, पुंडरी से रणधीर सिंह गोलन, नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंदर व पृथला से नैनपाल रावत शामिल हैं। वहीं ऐलनाबाद से इनेलो के अभय सिंह चौटाला चुनाव जीते हैं। पूर्व गृह राज्य मंत्री गोपाल कांडा सिरसा से हरियाणा लोकहित पार्टी की टिकट पर विधायक बने हैं। अभय चौटाला पहले ही कह चुके हैं कि वे कांग्रेस को किसी सूरत में समर्थन नहीं देंगे।

ये हैं आजाद विधायक

रणजीत चौटाला | सोमबीर | बलराज कुंडू | राकेश | रणधीर गोलन | धर्मपाल गोंदर | नयनपाल रावत

दिनभर चला मिलने का सिलसिला

नयी दिल्ली (एजेंसी) : इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और भाजपा के हरियाणा प्रभारी अनिल जैन के साथ पांच निर्दलीय विधायकों ने सरकार गठन मसले पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। भाजपा नेता जवाहर यादव ने बताया कि निर्दलीय विधायकों धर्मपाल गोंदर, नयनपाल रावत और सोमबीर सांगवान, राकेश दौलताबाद और रणधीर गोलन ने नड्डा से मुलाकात की और समर्थन देने की बात कही। इन पांचों के अलावा रानिया से निर्दलीय विधायक रंजीत चौटाला ने भी भाजपा के लिये समर्थन जताया है।

2014 में थीं 13 महिलाएं, अब केवल 9, भाजपा की 7 प्रत्याशी हारीं चुनाव

इस बार केवल 10 प्रतिशत महिलाएं ही पहुंची विधानसभा

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा की चौदहवीं विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी घट गई है। नब्बे सदस्यों वाली विधानसभा में इस बार महज 9 ही महिला विधायक सदन पहुंचेंगी। कुल 104 महिला उम्मीदवार चुनावी रण में थीं, लेकिन केवल 9 ही चुनाव जीत पाईं। यानी विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत ही रहेगा। 2014 की विधानसभा में कुल 13 महिलाएं सदन में पहुंचीं थी।

इनमें सत्तारूढ़ भाजपा की 3, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की पांच और एक जेजेपी विधायक शामिल हैं। भाजपा की निर्मल चौधरी और कमलेश ढांडा तथा कांग्रेस की शैली चौधरी व रेणु बाला ऐसी हैं, जो पहली बार विधानसभा में कदम रखेंगी। बाकी पांच महिला विधायकों में गीता भुक्कल व किरण चौधरी चौथी बार तो शकुंतला खटक तीन और सीमा त्रिखा दूसरी बार विधानसभा पहुंच रही हैं।

विधानसभा चुनावों में भाजपा, कांग्रेस, इनेलो, जेजेपी, लोसुपा, बसपा व आम आदमी पार्टी की महिला उम्मीदवारों सहित कुल 104 महिला उम्मीदवार मैदान में थीं। भाजपा ने 10 महिला उम्मीदवारों पर भरोसा जताया। मगर इनमें से केवल तीन महिलाएं ही जीत दर्ज कर पाई हैं। बड़खल से सीमा त्रिखा ने लगातार दूसरी बार तो गन्नौर से निर्मल चौधरी और कलायत से कमलेश ढांडा ने पहली बार चुनाव जीता है।

कांग्रेस ने कुल सात महिलाओं को टिकट दिया था। इनमें झज्जर से गीता भुक्कल, तोशाम से किरण चौधरी, कलानौर से शकुंतला खटक, सढ़ौरा से रेणु बाला और नारायणगढ़ से शैली चौधरी ने चुनाव जीता है। 2014 के चुनावों में सदन पहुंची 13 महिलाओं में से 8 भाजपा की ही थीं। इनमें कविता जैन, प्रेमलता, रोहिता रेवड़ी, संतोष चौहान सारवान, बिमला चौधरी, संतोष यादव व लतिका शर्मा शामिल थीं।

भाजपा ने सोनीपत से कविता जैन, कालका से लतिका शर्मा व उचान कलां से प्रेमलता को ही फिर से टिकट दिया था, लेकिन तीनों चुनाव हार गईं। वहीं अटेली से विधायक बनी व डिप्टी स्पीकर रही संतोष यादव, पानीपत सिटी से विधायक रहीं रोहिता रेवड़ी, मुलाना से विधायक रहीं संतोष चौहान सारवान तथा पटौदी से विधायक रहीं बिमला चौधरी का टिकट भाजपा ने काट दिया था।

हरियाणा गठन के बाद केवल दो बार ही महिला विधायकों की संख्या का आंकड़ा दहाई को पार कर पाया है। हर बार 5 से 7 के बीच में ही महिलाएं विधानसभा में चुनकर पहुंचती थी। केवल वर्ष 2005 के चुनाव में 11 व 2014 के चुनाव में 13 महिला विधायक विधानसभा पहुंची थी, लेकिन इस बार यह संख्या घटकर 9 रह गई।

कब कितनी एमएलए चुनीं

वर्ष	विधायक		
1967	4	1991	6
1968	7	1996	4
1972	4	2000	4
1977	4	2005	11
1982	7	2009	9
1987	5	2014	13
		2019	9

ये दिखेंगी सदन में

निर्मल चौधरी | गीता भुक्कल | नैना चौटाला | शकुंतला खटक | किरण चौधरी | रेणु बाला | कमलेश ढांडा | सीमा त्रिखा | शैली चौधरी

फरीदाबाद में सबसे अधिक ने दबाया नोटा, दादरी में सबसे कम

65 हजार वोटरों को पसंद नहीं आया कोई भी प्रत्याशी

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा में जहां एक करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में 65 हजार से अधिक मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को खारिज करते हुए नॅन ऑफ दी अबव (नोटा) को चुना। विधानसभा चुनाव परिणाम का अगर रिव्यू किया जाए तो इस बार नोटा के खाते में जाने वाली वोटों में 0.09 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

चुनाव आयोग ने सबसे पहले वर्ष 2014 में ईवीएम में नोटा शुरू किया था। इसमें मतदाताओं को एक ऐसा विकल्प देना है, जिसके तहत वह भले ही किसी प्रत्याशी को अपने प्रतिनिधि के रूप में न चुनें, लेकिन मतदान प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए मतदान केंद्र तक जरूर जाएं। इसी साल लोकसभा चुनाव के दौरान 53.7 लाख मतदाताओं ने वोट नहीं डाली। इसके उलट हरियाणा में कुल 41 हजार 781 मतदाताओं ने नोटा का इस्तेमाल किया। इससे पहले वर्ष 2014 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले हरियाणा के करीब एक करोड़ 15 लाख मतदाताओं में से 34 हजार 225 मतदाताओं ने नोटा का इस्तेमाल किया। आंकड़ों से साफ पता चलता है कि वर्ष 2014 में केवल 0.30 प्रतिशत मतदाता ही प्रत्याशियों को खारिज करने के लिए मतदान केंद्र तक पहुंचे थे।

14वीं विधानसभा में नोटा के खाते में करीब 65 हजार 573 वोट गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब साढ़े 11 हजार की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस वर्ष नोटा के बटन को 0.52 प्रतिशत मतदाताओं ने दबाया, यानि इन मतदाताओं को 1169 उम्मीदवारों में से किसी भी उम्मीदवारी पंसद नहीं आई।

चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार फरीदाबाद जिले में कुल 69 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे जहां 9135 मतदाताओं ने नोटा का इस्तेमाल किया। हिसार में सात सीटों पर 118 उम्मीदवार थे और 4678 मतदाताओं की नोटा पहली पसंद रहा। करनाल जिले में 59 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे और यहां पर 4784 मतदाताओं ने नोटा के पक्ष में वोट किए। नोटा के पक्ष में सबसे कम वोट चरखी-दादरी जिले में गए, यहां से केवल 994 वोट ही पड़े, जबकि पंचकूला से नोटा के खाते में 1932 वोट गए। हरियाणा में बड़खल विधानसभा क्षेत्र ऐसे है, जहां सबसे ज्यादा 2274 वोट नोट के पक्ष में पड़े। इसी तरह फरीदाबाद से 1754, तिगांव से 1569 और बादशाहपुर से 1654 मत नोटा के पक्ष में पड़े।

नोटा : कहां कितने वोट

जिला	वोट
चरखी दादरी	994
पंचकूला	1932
अंबाला	3585
यमुनानगर	3833
कुरुक्षेत्र	3114
कैथल	2338
पानीपत	3575
सोनीपत	2239
जींद	2413
फतेहाबाद	2152
सिरसा	4138
रोहतक	2102
झज्जर	1305
भिवानी	1932
महेंद्रगढ़	1723
रेवाड़ी	1927
गुरुग्राम	3297
नूंह	1028
पलवल	2050

लोकसभा के मुकाबले भाजपा का वोट प्रतिशत गिरा

अब जजपा को मिलेगी क्षेत्रीय दल की मान्यता

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

विधानसभा चुनाव के दौरान तेजी से आगे बढ़ी जननायक जनता पार्टी (जजपा) को अब क्षेत्रीय दल के रूप में मान्यता मिल जाएगी। इस चुनाव में जजपा को 15.3 प्रतिशत वोट हासिल हुए हैं। वहीं, प्रदेश में फिर से सरकार बनाने की तरफ अग्रसर भारतीय जनता पार्टी के वोट प्रतिशत में महज छह माह के अंतराल में गिरावट आई है।

लोकसभा चुनाव के दौरान हरियाणा में भाजपा को कुल 58 फीसदी वोट मिले थे। यह आंकड़ा देशभर के पहले तीन राज्यों में शुमार था। इतनी बंपर वोट मिलने के बाद ही भाजपा ने अबकी बार 75 पार का नारा दिया था। इसके उलट, गत दिवस घोषित चुनाव परिणाम में भाजपा ने 45 लाख 69 हजार 016 वोट लेकर कुल वोटिंग का 36.49 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया है।

भले ही भाजपा को बहुमत नहीं मिला है, लेकिन यह वोट शेयर अन्य दलों के मुकाबले अधिक है। इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 35 लाख 15 हजार 429 वोट के साथ 28.8 प्रतिशत हिस्सेदारी दिखाई है। बहुजन समाज पार्टी ने इस चुनाव में पांच लाख 18 हजार 842 वोटों के साथ 4.14 प्रतिशत तथा इनेलो ने 306028 वोटों के साथ 2.44 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया है।

हार के बाद चढ़ूनी ने दिया इस्तीफा

शाहाबाद मारकंडा, 25 अक्तूबर (निस)

भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने किसानों व मजदूरों की आवाज को विधानसभा व संसद तक पहुंचाने के लिए चुनाव लड़ने का निर्णय लिया था, जिसे लाडवा की जनता ने स्वीकार नहीं किया। ऐसे में उन्होंने लोगों की भावनाओं को देखते हुए और अपनी गलती को स्वीकारते हुए भाकियू से त्यागपत्र देने का निर्णय लिया है। वह यह त्यागपत्र सार्वजनिक कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गुरनाम सिंह चढ़ूनी प्रदेश के किसानों की आवाज उठाते रहे हैं। चढ़ूनी को देश, प्रदेश में प्रभावशाली किसान नेता के रूप में जाना जाता है।

बसपा, लोसुपा, आप, स्वराज के सभी प्रत्याशी रहे फिसड्डी

हिसार, सिरसा, फतेहाबाद में 199 उम्मीदवारों की जमानत जब्त

कुमार मुकेश/हप

हिसार, 25 अक्तूबर

हिसार, सिरसा और फतेहाबाद की 15 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने वाले विभिन्न पार्टियों सहित 234 निर्दलीय प्रत्याशियों में से 199 की जमानत जब्त हो गई। विजेता 15 प्रत्याशियों के अलावा सिर्फ 20 प्रत्याशी ही अपनी जमानत बचा पाए। पार्टियों की बात करें तो बसपा, लोसुपा, आप, स्वराज इंडिया के सभी तो इनेलो-शिअद के 14 में से 12, कांग्रेस के 15 में से 8, जजपा के 15 में से 7 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। वहीं क्षेत्रीय पार्टियों में जजपा ने इनेलो को, आप ने स्वराज को, हलोपा ने लोसुपा को दी शिकस्त। इनमें जजपा नंबर वन, इनेलो नंबर 2, हलोपा नंबर 3 पर रही।

खास बात यह रही कि जजपा ने इस क्षेत्र में कांग्रेस को सीटों व वोट प्रतिशत दोनों ही मामलों में पछाड़ दिया है। हिसार जिले के सात, फतेहाबाद के तीन व सिरसा के पांच हलकों में भारतीय जनता पार्टी के अलावा बात करें तो जननायक जनता पार्टी को सबसे ज्यादा 443359 वोट मिले जबकि कांग्रेस को 433479, चुनाव मैदान में मौजूद इनेलो-शिअद के ग्यारह प्रत्याशियों को 135392 वोट मिले। इनेलो के बाद हरियाणा लोकहित पार्टी के पांच प्रत्याशियों को 81641 और फिर बसपा को 39925 तथा राजकुमार सैनी की लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के दस प्रत्याशियों को 14056 वोट मिले। इनेलो-शिअद ने सिरसा में अपना प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा था। पहली बार विधानसभा चुनाव मैदान में उतरे आम आदमी पार्टी के नौ प्रत्याशियों को 11963 तो स्वराज इंडिया के चार प्रत्याशियों को 2188 वोट मिले।

नहीं दिखा संपत सिंह का असर

नलवा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट न मिलने से भाजपा में शामिल होने से पहले आदमपुर प्रत्याशी कुलदीप बिश्नोई को हराने और नलवा से कांग्रेस प्रत्याशी रणधीर पनिहार की जमानत जब्त करवाने का दावा करने वाले पूर्व मंत्री प्रोफेसर सिंह अपनी ताकत नहीं दिखा पाए। यहां बता दें कि प्रोफेसर संपत सिंह की टिकट कुलदीप बिश्नोई ने कटवाई और अपने खास रणधीर पनिहार को दिलवाई।

हांसी में लोसुपा से हारी कांग्रेस

हांसी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की हालत इतनी खराब हुई कि वह राजकुमार सैनी की लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी से भी हार गई। यहां पर लोसुपा के प्रत्याशी को 6726 और कांग्रेस के प्रत्याशी को मात्र 2468 वोट मिले। इसके अलावा कांग्रेस को नारनौंद, बरवाला व रानिया में दस हजार भी वोट नहीं मिल पाए।

इनेलो-शिअद प्रत्याशियों का हाल भी खराब

विधानसभा चुनाव में इनेलो-शिअद प्रत्याशियों की हालत खराब रही। ऐलनाबाद में इनेलो के अभय चौटाला को 57055 वोट मिले। उनके अलावा कालांवाली में थोड़ा असर गठबंधन का दिखा। कालांवाली में गठबंधन प्रत्याशी को 33816 वोट मिले। रानिया में 9753, डबवाली में 8825, रतिया में 9965, फतेहाबाद में 2111, टोहाना में 1213, हिसार में 824, बरवाला में 694, नलवा में 1282, आदमपुर में 1994, उकलाना में 1873, हांसी में 1388, नारनौंद में 4599 वोट गठबंधन प्रत्याशी को मिले।

कांडा के मामले में अभियोजन पक्ष के सबूतों की रिकॉर्डिंग 27 नवंबर से

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

गोपाल कांडा के खिलाफ एयर होस्टेस को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दिल्ली की एक अदालत में सात वर्षों से चल रहा है और अभी तक अदालत में अभियोजन पक्ष के सबूतों को दर्ज नहीं किया गया है। कांडा ने हरियाणा विधानसभा में भाजपा को बिना शर्त समर्थन देने की बात कही है। कांडा को 27 और 28 नवंबर को विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। अदालत ने चार और 11 अक्तूबर को उन्हें निजी पेशी से छूट दी थी। कांडा ने कहा था कि वह विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान में व्यस्त है। उन्होंने हरियाणा लोकहित पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर सिरसा से चुनाव जीता है।

चालती चाक्की — सत्यवीर नाहड़िया

छोड़ चुनावी बात इब, आग्या सै त्योहार।
बणा रहै यो आपसी, भाईचारा-प्यार।
भाईचारा-प्यार, सार यो त्योहारां का।
कुछ ना बिगड़ै देख, बोट के इन मारां का।
दिखे चुनावी जहर, हुवै ना इब रै हावी।
कर त्योहारी बात, बात इब छोड़ चुनावी।।

गीतिका शर्मा सुसाइड केस सुर्खियों में आते ही भाजपा ने किया किनारा

'किंग मेकर' बनते-बनते हाशिये पर पहुंचे गोपाल कांडा

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा की राजनीति में 2009 की तरह ही इस बार भी 'किंग मेकर' बनने की कोशिश हरियाणा लोकहित पार्टी (हलोपा) के सिरसा से विधायक गोपाल कांडा को भारी पड़ती दिख रही है। भाजपा को सरकार बनाने के लिए समर्थन देने वालों में सबसे पहले आगे आये कांडा से अब खुद भाजपा ने ही दूरी बना ली है। दिल्ली की एयर होस्टस गीतिका शर्मा सुसाइड मामला कांडा के चुनाव जीतते ही फिर से सुर्खियों में आ गया है।

खुद भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने कांडा के समर्थन से भाजपा की सरकार बनाने पर सवाल उठाते हुए ट्वीट कर दिया है। उनके ट्वीट के बाद भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यही नहीं, कांग्रेस को भी इस बहाने भाजपा को घेरने का मुद्दा मिल गया है। विवाद बढ़ता देख, भाजपा ने खुद ही कह दिया है कि कांडा ने उन्हें बिना किसी शर्त के खुद समर्थन दिया है। पहले तो संभावना यही जताई जा रही थी कि निर्दलीयों के सहारे सरकार बनने की सूरत में कांडा को मंत्री बनाया जा सकता है, लेकिन अब इसके आसार खत्म होते दिख रहे हैं।

2009 में कांडा ने सिरसा से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीता था। उस समय हुड्डा के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार कांग्रेस तो सत्ता में आई, लेकिन मौजूदा भाजपा की तरह कांग्रेस को भी 40 सीट ही मिली थीं। ऐसे में कांडा के जरिये निर्दलीयों को इकट्ठा किया गया और कांडा को गृह राज्यमंत्री बनाया गया। 21 अक्तूबर को घोषित हुए नतीजों में जब त्रिशंकु विधानसभा बनी तो भाजपा ने निर्दलीयों पर डोरे डाले। सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल खुद विशेष विमान से चौ.रणजीत सिंह और गोपाल कांडा को लेकर नयी दिल्ली पहुंचीं।

बृहस्पतिवार तक तो समय सही चल रहा था, लेकिन शुक्रवार को सोशल मीडिया पर गीतिका शर्मा सुसाइड केस की गूंज सुनाई पड़ी। भाजपा के भी अधिकांश नेता कांडा को साथ लेकर सरकार बनाने के पक्ष में नहीं हैं। कैथल से चुनाव हारने वाले कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा द्वारा कांडा के समर्थन से सरकार बनाने पर सवाल उठाते हुए कहा, भाजपा ने ही गोपाल कांडा के खिलाफ सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया था।

उमा ने किया यह ट्वीट

गोपाल कांडा वही व्यक्ति है, जिसकी वजह से एक लड़की ने आत्महत्या की थी। बाद में उसकी मां ने भी न्याय नहीं मिलने पर आत्महत्या कर ली थी। मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। यह व्यक्ति जमानत पर बाहर है। गोपाल कांडा बेकसूर है या अपराधी, यह तो कानून साक्ष्यों के आधार पर तय करेगा, किंतु उसका चुनाव जीतना उसे अपराधों से बरी नहीं करता। चुनाव जीतने के बहुत सारे फैक्टर होते हैं। मैं अध्यक्ष जी से अनुरोध करूंगी कि हम अपने नैतिक अधिष्ठान को न भूलें। हमारे पास तो नरेंद्र मोदी जी जैसी शक्ति मौजूद है एवं देश क्या पूरे दुनिया की जनता मोदी जी के साथ है। मोदी जी सतोगुणी ऊर्जा के आधार पर राष्ट्रवाद की शक्ति खड़ी है।

-उमा भारती ने जैसा अपने ट्वीट में लिखा

समर्थन देने का आया था प्रस्ताव : अनिल जैन

भाजपा के हरियाणा मामलों के प्रभारी अनिल जैन ने कहा कि हरियाणा के निर्दलीय विधायकों ने समर्थन देने का प्रस्ताव भाजपा के पास भेजा था। इनमें गोपाल कांडा भी शामिल थे। सरकार बनाने के लिए किस विधायक का समर्थन लेना है और किसका नहीं, इसका फैसला बाद में पार्टी अध्यक्ष अमित शाह के साथ बैठक में किया गया।

सरगम में आज पढ़ें
बॉलीवुड के रैप स्टार...

दैनिक ट्रिब्यून

आपकी आवाज

वर्ष/VOL : 42 अंक : 72 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ कार्तिक 10 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 4.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com | शनिवार, 26 अक्तूबर, 2019 | www.dainiktribuneonline.com

ट्रंप ने दो अखबारों पर लगायी रोक -पेज 7

रूसी सैनिक ने 8 सहकर्मियों को मार डाला

मॉस्को (एजेंसी) : रूस के एक सैनिक ने साइबेरिया स्थित एक सैन्य प्रतिष्ठान में शुक्रवार को अपने सहकर्मियों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिससे 8 सैनिक मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। देश की समाचार एजेंसियों ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा, 'गोलीबारी करने वाले सैनिक को हिरासत में ले लिया गया है।' खबरों में बताया गया है कि घटना संभवतः आरोपी के मानसिक रूप से परेशान होने के चलते हुई।

बरसात के मौसम ने ली 2,155 की जान

नयी दिल्ली (एजेंसी) : गृह मंत्रालय के अनुसार इस बार के मॉनसून के मौसम में बारिश एवं बाढ़ जनित घटनाओं में 2,155 लोगों की मौत हो गयी। 22 राज्यों में 26 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। अधिकारियों ने बताया कि देश में 361 जिले बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन जनित घटनाओं से प्रभावित रहे और इसके कारण महाराष्ट्र में अधिकतम 430 लोगों की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल में 227 लोगों की मौत हुई। 14.09 लाख हेक्टेयर फसल बर्बाद हो गयी।

बटमालू में 7 दुकानें जलकर खाक

श्रीनगर (एजेंसी) : श्रीनगर के बटमालू इलाके में सात दुकानें जल कर खाक हो गईं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि बटमालू के मुख्य बाजार में बृहस्पतिवार की रात को लगी आग में सात दुकानें नष्ट हो गईं। उन्होंने कहा कि आग का कारण इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट होने की आशंका है। हालांकि दुकान मालिकों का दावा है कि दुकानों को शरारती तत्वों ने आग लगाई।

पाकिस्तान ने फिर तोड़ा सीज फायर

जम्मू (हप्र) : एलओसी से सटे इलाकों में पाकिस्तानी सेना ने फिर गोलाबारी की है। भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें उसके कई बंकर और फारवर्ड पोस्टों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार तड़के तीन बजे पाकिस्तानी सेना ने भारतीय चौकियों को निशाना बनाते हुए मोर्टार दागे। सेना की 8 गढ़वाल रेजिमेंट में तैनात जेसीओ महेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया।

कल पढ़ें

दीवाली बनायें बच्चों के लिए खास खुशियों वाला जायका उजाला सबके लिए

आज के अंक के साथ 4 पेज का साप्ताहिक 'सरगम' भी शामिल है।

ताऊ बोल्या संदीप जोशी

बेटा, गिणती, पहाड़े इसतै ना पूछ, इसकी तो अपणी गिणती 46 पै रुकी होयी सै।

हरियाणा को लेकर दिल्ली में हुआ मंथन, भाजपा संग समझौते में जजपा के होंगे 2 कैबिनेट और एक राज्यमंत्री

खट्टर सरकार में डिप्टी होंगे दुष्यंत

दिनेश भारद्वाज/ट्रिब्यून
चंडीगढ़, 25 अक्तूबर

हरियाणा की जनता द्वारा दिए गए त्रिशंकु विधानसभा के नतीजों का तोड़ निकालते हुए भाजपा ने जजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने का फैसला किया है। समझौते के तहत सीएम भाजपा का होगा और दुष्यंत सिंह चौटाला डिप्टी-सीएम होंगे। जजपा नेता दुष्यंत सिंह चौटाला की शुक्रवार की रात नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा अध्यक्ष अमित शाह की कोठी पर हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम खट्टर, प्रदेश प्रभारी अनिल जैन व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला मौजूद रहे।

आमतौर पर शाह की अधिकांश कान्फ्रेंस पार्टी मुख्यालय में होती रही हैं, लेकिन यह पहला मौका था जब खुद शाह ने दुष्यंत के साथ साझा प्रेस कांफ्रेंस की। समझौते के तहत जजपा कोटे से राज्य सरकार में दो कैबिनेट और स्वतंत्र प्रभार के साथ एक राज्य मंत्री बनेगा।

दिल्ली से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस गठबंधन के तहत जजपा का राज्यसभा में भी खाता खुलेगा। खबरें तो इस तरह की भी हैं कि राज्यसभा के जरिये जजपा के किसी नेता की मोदी मंत्रिमंडल में भी आने वाले दिनों में एंट्री संभव है। हालांकि आधिकारिक तौर पर गठबंधन की शर्तों का ऐलान शनिवार को चंडीगढ़ में सरकार बनाने की प्रकिया शुरू करने के दौरान हो सकता है। सीएम खट्टर शनिवार सुबह राज्यपाल को इस्तीफा सौंपेंगे। इसके बाद वे विधायक दल की बैठक में शामिल होंगे। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को पर्यवेक्षक बनाया है। उनकी मौजूदगी में मनोहर लाल खट्टर को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद खट्टर राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

दुष्यंत के साथ बंद कमरे में चली बैठक में यह समझौता सिरे चढ़ा। बाद में मीडिया से रूबरू हुए अमित शाह ने कहा, 'हरियाणा की जनता ने जो जनादेश दिया है, हम उसका सम्मान करते हैं। प्रदेश में स्थायी सरकार देने के लिए भाजपा और जजपा ने मिलकर सरकार बनाने का फैसला किया है। शाह ने कहा, शनिवार को चंडीगढ़ में सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा, 'अगले पांच वर्षों तक यह सरकार मोदीजी के नेतृत्व में प्रदेश को आगे लेकर जाएगी। जनादेश देखकर ही दोनों दलों ने मिलकर यह फैसला लिया है।'

नयी दिल्ली में शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के कार्यकारी प्रधान जेपी नड्डा के साथ हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर और जजपा अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला।-प्रेट्र

अनुराग ठाकुर बने सेतु

लोकसभा में रहते हुए दुष्यंत चौटाला और भाजपा के युवा चेहरे अनुराग ठाकुर की पुरानी दोस्ती हरियाणा में भाजपा की राहें आसान करने के काम आई। बताते हैं कि पार्टी नेतृत्व ने अनुराग की ही ड्यूटी लगाई थी कि वे दुष्यंत के साथ बातचीत करें। दुष्यंत के साथ बातचीत होने के बाद खुद अनुराग ठाकुर अपनी कार से दुष्यंत को उनके घर से लेकर शाह की कोठी पर पहुंचे। यही नहीं, बैठक खत्म होने और सरकार बनाने का ऐलान होने के बाद ठाकुर ही दुष्यंत को उनके घर तक छोड़कर आए। यहां ठाकुर ने दुष्यंत के छोटे भाई दिग्विजय सिंह चौटाला से भी मुलाकात की।

तिहाड़ में पिता से मिलकर आए दुष्यंत, सुरक्षा भी बढ़ी

इससे पहले जजपा विधायक दल की बैठक में दुष्यंत को नेता चुना गया था। गुहला से विधायक डॉ ईश्वर सिंह को उपनेता और जुलाना से विधायक अमरजीत ढांडा को मुख्य सचेतक चुना गया। अमित शाह के साथ मुलाकात करने से पहले शुक्रवार को दोपहर बाद दुष्यंत ने तिहाड़ जेल में अपने पिता व पूर्व सांसद डॉ अजय सिंह चौटाला से मुलाकात की। बताते हैं कि पिता के साथ प्रदेश के राजनीतिक हालात पर विचार-विर्मश के बाद ही दुष्यंत ने भाजपा के साथ मिलकर सरकार में शामिल होने का फैसला किया। सरकार बनाने का फार्मूला तय होते ही हरियाणा पुलिस ने दुष्यंत चौटाला की सिक्योरिटी बढ़ा दी है। दुष्यंत की हिसार व सिरसा कोठी पर भी पुलिस गारद लगा दी गई है। बताते हैं कि दुष्यंत को एस्कार्ट और पायलट भी दे दी गई है।

"प्रदेश में भाजपा और चौ. देवीलाल परिवार ने पहले भी मिलकर सरकारें बनाई हैं। दोनों मिलकर चुनाव लड़ते रहे हैं। प्रदेश के विकास को गति देने और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए दोनों दल मिलकर सरकार बनाने जा रहे हैं। यह स्थायी सरकार होगी।
-**मनोहर लाल खट्टर**, मुख्यमंत्री

"जजपा विधायक दल की बैठक में भाजपा के साथ सरकार बनाने का फैसला हुआ। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने भी इस पर मुहर लगाई। जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरूंगा। प्रदेश के विकास के लिए यह फैसला लिया है।
-**दुष्यंत चौटाला**, जजपा नेता

मुर्मू जम्मू कश्मीर, माथुर लद्दाख के उपराज्यपाल नियुक्त

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

गिरीश चंद्र मुर्मू

आरके माथुर

आईएएस अधिकारियों गिरीश चंद्र मुर्मू और आरके माथुर को क्रमशः जम्मू कश्मीर और लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया। मुर्मू जहां गुजरात काडर के 1985 बैच के अधिकारी हैं और केंद्रीय वित्त मंत्रालय में व्यय सचिव के तौर पर कार्यरत हैं, वहीं माथुर 1977 बैच के अधिकारी हैं और वह रक्षा सचिव के तौर पर कार्य कर चुके हैं। वे मुख्य सूचना आयुक्त भी रह चुके हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेश 31 अक्तूबर को अस्तित्व में आ जाएंगे।

मोदी सरकार ने गत पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान समाप्त कर दिये थे। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि जम्मू-कश्मीर से सत्यपाल मलिक को गोवा भेजा गया है। जम्मू कश्मीर के पूर्व वार्ताकार दिनेश्वर शर्मा को लक्षद्वीप का प्रशासक नियुक्त किया गया है।

महाराष्ट्र समझौते के करीब भाजपा-शिवसेना

मुंबई, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

महाराष्ट्र में भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिये शिवसेना के साथ हाथ मिलाने से विपक्षी कांग्रेस और राकांपा के इनकार करने के बाद राज्य में फिर से भगवा दलों की सरकार बनने की संभावना मजबूत हो गई है। कुल 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 105 और शिवसेना ने 56 सीटें जीती हैं। राकांपा 54 और कांग्रेस 44 सीटों पर विजेता रही।

महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख बालासाहेब थोराट ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिये शिवसेना से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया है। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने भी शिवसेना से गठजोड़ से इनकार किया। उन्होंने कहा, 'हम शिवसेना के साथ नहीं जाएंगे।

भाजपा अपने बूते सरकार बनाने के लिये जरूरी सीटों से पीछे रह गई है। ऐसे में ठाकरे ने कहा, 'यह वक्त भाजपा को उस फार्मूले की याद दिलाने का है जब भाजपा प्रमुख अमित शाह मेरे घर आए थे...हमने गठबंधन के लिये 50:50 फार्मूले पर फैसला किया था।' सूत्रों ने बताया कि ठाकरे शनिवार को विधायकों के साथ बैठक करेंगे।

भाजपा की बी टीम हैं जजपा-इनेलो : सुरजेवाला

कहा-सरकार ने भाजपा को नकारा, सरकार गठन गैर कानूनी

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

हरियाणा के नए सियासी हालात पर कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने ट्वीट किया, 'आख़िर 'ढोल की पोल' खुल ही गई। जजपा-इनेलो भाजपा की 'बी' टीम थे, हैं और सदैव रहेंगे।' एक अन्य ट्वीट में सुरजेवाला ने कहा, 'सच्चाई यह है की खट्टर सरकार को जनता ने जनमत से दरकिनार किया। सच्चाई यह भी है कि जजपा-भाजपा के खिलाफ लोगों से जनमत मांग 10 विधायक जीत कर आई। सच्चाई यह भी है की जजपा ने वायदा किया कि कभी भाजपा से गठबंधन नहीं करेंगे। सच्चाई यह भी है की सत्ता की ड्योढ़ी कसमों-वादों से बड़ी हो गई।'

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अगुवाई में गठित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के विशेष समूह की शुक्रवार को हुई पहली बैठक में कृषि और आर्थिक संकट एवं बेरोजगारी सहित कई मुद्दों पर विचार के बाद पार्टी ने भाजपा सरकार पर किसानों और कारोबारियों के हितों के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाया। बैठक के बाद कांग्रेस के प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा कि 17 सदस्यीय विशेष समूह की बैठक में किसानों, छोटे दुकानदारों और उद्योग जगत के हितों के साथ हो रहे खिलवाड़ जैसे अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

भाजपा पर हरियाणा में विधायकों की ख़रीद-फ़रोख़्त कर सरकार बनाने का आरोप लगाते हुए रणदीप ने कहा कि चुनाव में भाजपा के मंत्रियों और बड़े नेताओं के हारने से साबित हो गया है कि भाजपा को जनता ने नकार दिया है। चुनाव परिणाम के बारे में उन्होंने कहा, 'हरियाणा ने भाजपा को नकार दिया है। अब खरीद फरोख्त से सरकार बनाने की कोशिश हो रही है। खट्टर सरकार के ज्यादातर मंत्री हार गए। उन्हें जनता ने नकार दिया और बहुमत नहीं दिया।'

बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी के महासचिव अहमद पटेल, गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, कपिल सिब्बल और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी सहित अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा इस समूह में शामिल नहीं हैं।

सूचना आयुक्तों का कार्यकाल घटाकर किया 3 साल

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

केंद्र ने बृहस्पतिवार रात को अधिसूचित नयी आरटीआई नियमावली के तहत देशभर में पारदर्शिता पैनलों में सूचना आयुक्तों का कार्यकाल घटाकर तीन साल कर दिया है जिसे सूचना कार्यकर्ताओं ने उनकी स्वतंत्रता एवं स्वायत्तता पर हमला करार दिया है। केंद्र ने जुलाई में सूचना के अधिकार कानून, 2005 में संशोधन किया था। सूचना का अधिकार नियमावली, 2019 नयी नियुक्तियों पर लागू होगी। नयी नियमावली से सरकार को इस नियमावली में शामिल नहीं हुई भत्ते या सेवा संबंधी किसी खास शर्त पर निर्णय लेने का अधिकार मिल गया है और सरकार का फैसला बाध्यकारी होगा। सरकार के पास इन नियमों में ढील देने का भी अधिकार है।

धनतेरस सोने, चांदी की बिक्री में 40 फीसदी की गिरावट

अहमदाबाद में शुक्रवार को धनतेरस के मौके पर नोटों और गहनों को छूकर पूजा संपन्न कराता एक परिवार। - रॉयटर

नयी दिल्ली/मुंबई (एजेंसी) : इस बार धनतेरस पर सोने और चांदी की बिक्री में 40 प्रतिशत तक की गिरावट होने का अनुमान है। धनतेरस पर सोना, चांदी और अन्य कीमती चीजें खरीदना शुभ माना जाता है। हालांकि, आभूषण कारोबारियों का कहना है कि इस बार माहौल ठंडा रहा। दिल्ली में शुक्रवार को सोना 220 रुपये बढ़कर 39,240 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। पिछले साल धनतेरस में सोना 32,690 रुपये पर था। इस दौरान, कीमतों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। खुदरा व्यापारियों के संगठन कैट के मुताबिक, इस साल धनतेरस में शाम तक करीब 6,000 किलो सोना बिकने का अनुमान है। इसका मूल्य 2,500 करोड़ रुपये के आसपास है। पिछले साल धनतेरस पर 17,000 किलो सोने की बिक्री हुई थी। इसका मूल्य 5,500 करोड़ रुपये था। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन अनंत पद्मनाभन ने बताया, 'मात्रा के आधार पर, बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 20 प्रतिशत कमी आने का अनुमान है। मूल्य के आधार पर बिक्री पिछले साल के स्तर पर ही रहेगी, क्योंकि कीमती धातु के दाम काफी बढ़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश ग्राहकों ने शुभ काम मानते हुए कम मूल्य की वस्तुएं खरीदी। इस बीच, कल्याण ज्वैलर्स के चेयरमैन टीएस कल्याणरमण ने कहा, 'हमने अपने शोरूमों में सकारात्मक रुख देखा। पूरे रुख पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी।'

पीओके पर है आतंकियों का नियंत्रण : रावत

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) आतंकवादियों द्वारा नियंत्रित है। शुक्रवार को यहां विशिष्ट लोगों की एक सभा में रावत ने यह भी बहा कि पीओके और गिलगित बाल्टिस्तान को जम्मू-कश्मीर का हिस्सा हैं और पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि हमारे जम्मू और कश्मीर कहने का अर्थ जेएंडके राज्य में पीओके और गिलगित बाल्टिस्तान का होना भी शामिल रहता है।

हरियाणा के नेताओं को रास नहीं आता वित्त, शिक्षा मंत्रालय

संयोग या परंपरा

1991 से अब तक जिसने भी संभाला खजाना, हारा अगला चुनाव

शिक्षा मंत्रियों की भी ऐसी ही दास्तां, गीता भुक्कल ने तोड़ी थी धारणा

सरकारी आवास और कार्यालयों को लेकर भी चर्चित हैं कई किस्से

दिनेश भारद्वाज/ट्रिब्यून
चंडीगढ़, 25 अक्तूबर

अब इसे संयोग ही कहा जा सकता है कि पिछले तीन दशकों से प्रदेश में जो भी नेता वित्त मंत्री बना, वह अगला चुनाव नहीं जीत सका। ऐसी ही दास्तां सूबे के शिक्षा मंत्री रहे नेताओं की है। बेशक, इनमें झज्जर से जीत की हैट्रिक लगाने वालीं कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल एक अपवाद हैं। खट्टर सरकार में वित्त मंत्री रहे कैप्टन अभिमन्यु और शिक्षा मंत्री रहे प्रो. रामबिलास शर्मा भी इस परंपरा को तोड़ने में नाकामयाब रहे।

वैसे तो हरियाणा की राजनीति, चंडीगढ़ स्थित मंत्रियों की सरकारी कोठियों व हरियाणा सिविल सचिवालय में मंत्रियों के कार्यालयों से जुड़े कई किस्से हैं। इन किस्सों के साथ-साथ लोगों की धारणाएं भी जुड़ी हैं। आमतौर पर ये धारणाएं सही साबित हुई हैं। विधानसभा के ताजा नतीजों को ही अगर देखें तो खट्टर कैबिनेट के सबसे हेवीवेट मंत्री रहे कैप्टन अभिमन्यु नारनौंद हलके में खुद को सुरक्षित नहीं कर सके। कहने को तो उनके पास आबकारी एवं कराधान, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन सहित 10 के करीब मंत्रालय थे।

चूंकि वित्त मंत्रालय को सबसे बड़ा माना जाता है। प्रोटोकॉल के हिसाब से भी ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास वित्त मंत्रालय है, वह मुख्यमंत्री के बाद कैबिनेट में नंबर-दो का मंत्री रहता है। खट्टर कैबिनेट के मामले में ऐसा नहीं था। नंबर-दो के मंत्री का दर्जा प्रो. रामबिलास शर्मा के पास था। पिछले तीन दशक के आंकड़ों पर अगर गौर करें तो 1991 में मांगेराम गुप्ता, भजनलाल की सरकार में वित्त मंत्री थे। वे सूबे के शिक्षा मंत्री भी रहे।

1991 के बाद 1996 में हुये चुनावों में गुप्ता चुनाव नहीं जीत सके। 1996 में बंसीलाल के नेतृत्व में हविपा-भाजपा गठबंधन सरकार में रोहतक से विधायक बने सेठ श्रीकिशन दास वित्त मंत्री बने। अहम बात यह है कि इसी सरकार में रामबिलास के पास ही शिक्षा मंत्रालय था। भाजपा ने गठबंधन से हाथ खींच लिया और बंसीलाल की सरकार गिर गई। 2000 में हुये आम चुनावों में सेठ श्रीकिशन दास चुनाव हार गये।

चौटाला के नेतृत्व में 2000 में इनेलो सत्तासीन हुई। इनेलो सरकार में प्रो. संपत्त सिंह को वित्त मंत्रालय सौंपा गया। संपत सिंह भी अगले चुनावों में विधानसभा नहीं पहुंच सके। 2005 में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार में चौ. बीरेंद्र सिंह वित्त मंत्री रहे। बाद में बीरेंद्र कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गए। इससे पूर्व प्रो. संपत्त सिंह भी इनेलो छोड़कर कांग्रेस में आ चुके थे। इस बार के विधानसभा चुनावों में संपत सिंह ने कांग्रेस से भी नाता तोड़ लिया और भाजपा में आ गये।

शेष पेज 10 पर

कोठी नंबर-79 का रहस्य

पंजाब राजभवन के सामने सेक्टर-7 यानी हरियाणा के मंत्रियों का ठिकाना है। इस सेक्टर में कोने की कोठी नंबर-79 का भी बड़ा रहस्य है। ऐसा माना जाता है कि इस कोठी में रहने वाले मंत्री लगातार चुनाव नहीं जीत सके। रोचक बात यह भी है कि कोठी में प्रवेश से पहले पूजा हवन-यज्ञ भी करवाया जाता है और वास्तुदोष भी दूर करवाए जाते हैं लेकिन नेताओं को यह कोठी रास नहीं आती। खट्टर सरकार ने अपने परिवहन मंत्री कृष्णलाल पंवार को यह कोठी अलॉट की थी। वे इस बार कांग्रेस प्रत्याशी के हाथों इसराना से चुनाव हार गए। 1982 में डिप्टी स्पीकर कुलबीर सिंह को कोठी अलॉट हुई थी। वे भी अगला चुनाव नहीं जीत सके। केंद्रीय मंत्री रहीं स्व सुषमा स्वराज को हरियाणा में कैबिनेट मंत्री रहते हुए यह कोठी अलॉट हुई थी। 1987 के बाद हुये चुनाव में वे भी नहीं जीत सकीं। 1991 में करतार देवी, 1996 में बहादुर सिंह, 1999 में प्रो.रामबिलास शर्मा और 2005 में फूलचंद मुलाना इस कोठी में रहे। ये सभी नेता चुनाव हारे। 2009 की हुड्डा सरकार में मुलाना के पास यह कोठी इसलिए रही क्योंकि उन्हें 20 सूत्री कार्यक्रम का उपाध्यक्ष बना दिया गया था। उन्होंने कोठी में शिवलिंग भी स्थापित करवाया लेकिन आखिर में उन्हें कोठी खाली ही करनी पड़ी।

epaper.dainiktribuneonline.com

सोनीपत जिले में ऐसे हारी भाजपा

जाट थे पहले नाराज, पिछड़ों और पंजाबियों ने भी छोड़ा साथ

पुरुषोत्तम शर्मा/हप्र
सोनीपत, 25 अक्तूबर

- रामचंद्र जांगड़ा की गोहाना से टिकट कटना रहा घातक
- खरखौदा में पवन की अनदेखी पड़ी भाजपा को भारी

सोनीपत जिले में 4 सीटों पर कांग्रेस को मतदाताओं ने क्यों जितया, यह जानना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही शहर सीट के सबसे मजबूत किले को ढहने से भाजपा क्यों नहीं रोक सकी, यह भी चिंतन करना होगा।

इन सीटों पर हार की मूल वजह यह पंजाबियों और पिछड़ों की उपेक्षा करना। वह भी तब, जब जाट पहले से ही भाजपा से नाराज थे। ऐसे में गैर जाट के वोट बैंक की धुरी इन दो वर्गों को भाजपा ने नाराज किया। नजीता यह रहा कि भाजपा को यहां मात खानी पड़ी।

गौरतलब है कि सोनीपत जिले में जिस से भाजपा ने टिकटों का वितरण किया, वह बेहद चौंकाने वाला था। कई ऐसे जिताऊ उम्मीदवारों को एक किनारे कर दिया गया, जो भाजपा का कमल आसानी से खिला सकते थे। अगर सीट वार इसका विश्लेषण करें, तो सबसे पहले बरोदा में भाजपा ने गलत दांव लगाया। ओलंपियन योगेश्वर दत्त को यहां से मैदान में उतारने की गलती भाजपा ने की। जाटों का गढ़ रही इस सीट पर गैर जाट को उतारने का फार्मूला जो सोचा गया था, वह कारगर नहीं था। चूंकि एक तो जाट पहले से ही भाजपा से नाराज चल रहा था और ऐसे में जाटों के गढ़ में ब्राह्मण को टिकट देकर भाजपा ने जले पर नमक डालने का काम किया। जबकि यहां से जजपा छोड़ कर भाजपा में आए कपूर नरवाल पर अगर भाजपा दांव लगाती, तो बहुत संभव है कि यह सीट उसकी झोली में होती।

इसी तरह गोहाना सीट से रामचंद्र जांगड़ा से 5 साल काम कराकर ऐन वक्त पर उनका टिकट काटना उचित निर्णय नहीं रहा। इससे पिछड़ा वर्ग में काफी नाराजगी बड़ी और वह सारा वोट राजकुमार सैनी की ओर रूख कर गया। राजकुमार सैनी ने यहां दावेदारी भी तभी की, जब भाजपा ने अपने पत्ते खोल दिए। संभव है कि अगर रामचंद्र जांगड़ा मैदान में होते, तो यहां भी कमल खिल सकता था। पिछड़ों की इस नाराजगी का असर पूरे जिले में दिखा। इसी तरह खरखौदा की जीती हुई सीट भाजपा ने गलत निर्णय करके हारी। जिप की चेयरपर्सन मीना नरवाल को मैदान में उतारने की बजाए पवन खरखौदा पर पार्टी दांव लगाती, तो जीत तय ही थी। चूंकि एक रात पहले जजपा में गए पवन महज 1544 वोट से हारे हैं।

नाराजगी नहीं कर पाये दूर

इधर, सोनीपत का किला बचाने में भाजपा इसलिए विफल हो गई है कि सरकार में पंजाबियों का पूरा दबदबा होने के बावजूद वह बिरादरी को साध नहीं सकी। बिरादरी से सीएम होने के बावजूद लोगों ने सोनीपत में काफी हद तक भाजपा के खिलाफ वोटिंग की। इसके पीछे एक कारण यह भी रहा कि पंजाबियों को लग रहा था कि अगर कविता जैन यहां से हैट्रिक लगाती है, तो यह सीट सदा के लिए पंजाबी कोटे से बाहर हो जाएगी। ऐसे में उन्होंने भाजपा का साथ देने की बजाए, अपनी दावेदारी मजबूत करने पर फोकस किया। वहीं, गैर पंजाबियों में नाराजगी इस बात की थी कि सरकार में पंजाबियों के अलावा किसी की नहीं सुनी गई। वह भी इस नाराजगी के चलते भाजपा से दूर हो गए। अब मौजूदा सरकार को इन सभी पहलुओं पर नये सिरे से चिंतन और मंथन करना होगा।

रोहतक शहरी सीट का मिजाज नहीं भांप पायी भाजपा

भितरघात, वर्करों की अनदेखी महंगी पड़ी पूर्व सहकारिता मंत्री ग्रोवर को

अनिल शर्मा/निस
रोहतक, 25 अक्तूबर

रोहतक शहरी सीट पर किए गए मंथन को लेकर जो समीकरण सामने आए है कि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर भितरघात और कार्यकर्ताओं की अनदेखी नहीं समझ पाए। यहां तक कि उन्होंने कांग्रेस के बागी प्रत्याशी मोहित धनवंतरी को हलके में लिया। मोहित धनवंतरी करीब दस हजार मत लेकर गए है, जोकि 80 फीसदी के करीब मत भाजपा की मानी जा रही थी। यहीं नहीं गांधी कैंप के लोगों की नाराजगी और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के बूथों पर भी कांग्रेस को बढ़त मिली है। इससे साफ है कि पूर्व सहकारिता मंत्री भितरघात का शिकार हुए है। यह भी चर्चा है कि मतदान से पहले निर्दलीय प्रत्याशी मोहित धनवंतरी से भाजपा के कुछ लोगों ने बैठक करने को कहा था, लेकिन भाजपा प्रत्याशी मनीष ग्रोवर ने इससे नहीं माना और वे अति आत्मविश्वास में रहे। भाजपा में शामिल हुए शहर से काफी दिग्गज भी कोई प्रभाव नहीं दिखा पाए। रोहतक शहरी सीट पर जो नतीजे सामने आए है अब उनको लेकर भाजपा ने बूथ स्तर पर मंथन किया तो यह बात सामने आई कि भाजपा से जुड़े दिग्गज नेता व कार्यकत्र्ताओं के बूथों पर भी कुछ खास प्रभाव भाजपा का नहीं रहा। इसके अलावा आउटर क्षेत्र तो पूर्व सहकारिता मंत्री को मात ही दे गया। आउटर क्षेत्र में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की हवा चली, इस बात का अंदेशा भाजपा प्रत्याशी ग्रोवर को था, लेकिन उन्हें विश्वास था कि शहर से उन्हें भारी समर्थन मिलेगा। शहर के गांधी कैम्प क्षेत्र से गुजर रहे ऐलिवेटिड रेलवे ट्रैक के निर्माण को लेकर स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी आ रही थी और उन्होंने रास्ते की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन तक किया, लेकिन मनीष ग्रोवर उनकी नाराजगी तक दूर नहीं कर पाए।

निर्दलीय ने बिगाड़ा खेल : गांधी कैंप से अच्छी खासी वोट निगम चुनाव में भाजपा को मिली थी, लेकिन इस बार कांग्रेस प्रत्याशी भारत भूषण बतरा यहां सेंध लगाने में कामयाब हो गए।

कांग्रेस से टिकट न मिलने से बागी उतरे मोहित धनवंतरी ने भाजपा प्रत्याशी ग्रोवर का खेल बिगाड़ कर रख दिया। धनवंतरी को करीब दस हजार मत मिले है, जो सीधे सीधे भाजपा के वोट बैंक में सेंध है।

उसका कारण यह है कि मोहित धनवंतरी शहर में लोगों को सस्ते दरों पर अनाज वितरण करते है, जिसको लेकर उनका गरीब व मध्य वर्ग में सही रूतबा रहा है। भाजपा को यह अंदेशा नहीं था कि मोहित धनवंतरी इतनी वोटों में सेध लगा जाएंगे।

जीत का विश्वास पड़ा भारी

वर्ष 2014 में मनीष ग्रोवर ने बीबी बतरा को करीब दस हजार हजारों से हराया था और अभी भी भाजपा प्रत्याशी ग्रोवर को अति आत्मविश्वास था कि उनकी जीत पक्की है। यह भी बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने मतदान से दो दिन पहले यहां तक संदेश दिया था कि मोहित धनवंतरी अच्छे खासे मत ले जा सकते है, लेकिन अति विश्वास में चल रहे मनीष ग्रोवर ने उन्हें बहुत ही हलके में लिया। पूर्व सहकारिता मंत्री दावा करते थे कि इस बार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का 25 नंबर चंडीगढ का प्लैट खाली करा देंगे, लेकिन अब उनकी कोठी खाली हो गई। पूर्व सहकारिता मंत्री के इस बयान का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

टूटा 52 वर्ष का मिथक

दोबारा जीत हासिल करने वाले विधायक बने मूलचंद शर्मा

राजेश शर्मा/हप्र
फरीदाबाद, 25 अक्तूबर

बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार चुनाव जीतकर भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने फरीदाबाद के 52 वर्ष के मिथक को तोड़ दिया है। अब तक बल्लभगढ़ सीट पर एक मिथक बना हुआ था कि यहां से कोई भी ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधि लगातार दो बार विधायक नहीं बना। वे ब्राह्मण समाज के विधायक बनने वाले चौथे जनप्रतिनिधि हैं। उनसे पहले तीन बार विधायक ब्राह्मण समाज से एक-एक बार रह चुके हैं। कोई भी ब्राह्मण समुदाय का विधायक चुनाव जीतने के बाद लगातार दो बार भाजपा की टिकट भी नहीं ले पाया। वे चुनाव जीतने के बाद लगातार दो बार टिकट लाए हैं। मूलचंद शर्मा ऐसे पहले विधायक है कि जो भाजपा की टिकट पर लगातार दूसरी बार बने हैं। उनसे पहले कोई भी भाजपा के टिकट पर बल्लभगढ़ से लगातार दोबारा चुनाव नहीं जीता। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से सबसे पहले 1967 में पंडित तुहीराम शर्मा विधायक चुने गए। वे यहां से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीते। वे विशाल हरियाणा पार्टी की तत्कालीन मुख्यमंत्री राव बीरेंद्र सिंह की सरकार में गृहमंत्री बने। 1968 के विधानसभा चुनाव में लड़े, लेकिन हार गए। 1987 में यहां से लोकदल की टिकट पर पूर्व विधायक योगेश शर्मा चुनाव लड़े और जीत कर विधायक बने। उन्होंने दोबारा किसी भी पार्टी से टिकट यहां से नहीं लिया। 1991 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की टिकट पर आनंद शर्मा चुनाव लड़े और वे कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र बीसला के सामने चुनाव हार गए। वे 1996 में भाजपा की टिकट पर फिर से चुनाव लड़े और उन्होंने कांग्रेस प्रत्यशी राजेंद्र सिंह बीसला को हराकर चुनाव में जीत दर्ज की। 1996के विधानसभा चुनाव में समता पार्टी की टिकट पर मूलचंद शर्मा भी चुनाव लडे, लेकिन वे तीसरे नंबर पर रहे।

बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से दोबारा जीतने के बाद भाजपा विधायक मूलचंद शर्मा अपने समर्थकों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए। -हप्र

वर्ष 2000 में चुनाव हारे थे रामबिलास शर्मा

2000 के विधानसभा चुनाव में बल्लभगढ़ से भाजपा की टिकट पर प्रदेश के शिक्षामंत्री राम बिलास शर्मा चुनाव लड़े और वे निर्दलीय प्रत्याशी बीसला से चुनाव हार गए। 2005 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की टिकट पर पूर्व विधायक आनंद शर्मा चुनाव लड़े और वे कांग्रेस प्रत्याशी शारदा राठौर के सामने चुनाव हार गए। इसी चुनाव में मूलचंद शर्मा इनेलो की टिकट पर चुनाव लड़ा और दूसरे स्थान पर रहे। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने टिकट मूलचंद शर्मा को दिया और वे विधायक चुने गए। भाजपा ने उन पर दोबारा विश्वास जताया और उन्हें फिर 2019 में टिकट दे दिया। इस तरह से वे दोबारा लगातार विधायक बनने वाले ब्राह्मण समुदाय के पहले नेता है। भाजपा की टिकट पर वे बल्लभगढ़ से चुनाव जीतने वाले भी पहले नेता है।

नारनौल या नांगल चौधरी को मंत्री पद मिलने की आस

नारनौल, 25 अक्तूबर (हप्र)

महेंद्रगढ़ से भाजपा प्रत्याशी रामबिलास शर्मा की हार पार्टी स्तर पर निराशाजनक जरूर है, लेकिन जिला के दो विधायक और उनके समर्थक अंदरूनी तौर पर इससे खुश भी हैं। वजह है कि अब इस दूसरी बार जीत कर आये नारनौल या नांगल चौधरी के विधायक को कैबिनेट मंत्री का पद मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। अगर रामबिलास शर्मा जीत जाते तो जिला से उनका मंत्रिमंडल में स्थान तय था।

गौरतलब है कि रामबिलास शर्मा भाजपा के संस्थापक सदस्यों में रहे हैं। 2014 में वो मुख्यमंत्री पद के दावेदार भी थे और उस चुनाव में उनकी बंपर जीत भी इसी के चलते हुई थी। बाद में वो मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सदस्य रहे। इस बार भी यही संभावना थी कि अगर रामबिलास शर्मा विजयी होते हैं तो उनका कैबिनेट मंत्री बनना तय था। ऐसे ने जिला के बाकी तीन विधायक ये मान चुके थे की उनके लिए मंत्री पद दूर की कौड़ी है। लेकिन रामबिलास शर्मा की हार ने उनके लिए मंत्रिमंडल के दरवाजे खोल दिए हैं। नारनौल से ओमप्रकाश यादव व नांगल चौधरी से अभय सिंह यादव दूसरी बार चुनाव जीत कर आये हैं और वो भी पिछली बार से कई गुणा ज्यादा मतों से। उल्लेखनीय है कि जिला की 4 में से भाजपा को 3 सीट मिली हैं, ऐसे में जिले को एक मंत्री पद मिलना संभावित है।

भिवानी बंसीलाल परिवार की तोशाम में 12वीं जीत

कहीं विकास तो कहीं जातीय समीकरण रहे चुनावी मुद्दे

अजय मल्होत्रा/हप्र
भिवानी, 25 अक्तूबर

भिवानी जिले में विधानसभा चुनाव के परिणाम विकास और जातीय समीकरणों पर आधारित रहे। तोशाम से कांग्रेस उम्मीदवार किरण चौधरी व लोहारू से भाजपा उम्मीदवार जेपी दलाल जहां विकास के मुद्दों पर चुनाव जीते, वहीं भिवानी व बवानीखेड़ा में जातीय समीकरणों ने चुनावी परिणामों को प्रभावित किया है।

किरण चौधरी चौथी बार चौधरी बंसीलाल के गढ़ माने जाने वाले तोशाम से विधायक बनने में कामयाब रहीं। अब तक हुए विधानसभा चुनाव में तोशाम से 8 बार चौ. बंसीलाल और चौ. सुरेंद्र सिंह चुनाव जीते हैं और चार बार किरण चौधरी। बंसीलाल परिवार की तोशाम से यह 12वीं जीत है। किरण चौधरी ने यह चुनाव खुद के 2005 से 2014 तक के कार्यकाल में करवाए गए विकास कार्यों और चौधरी बंसीलाल के नाम पर जीता। अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान किरण चौधरी निरंतर मतदाताओं को यह बताती रही कि क्षेत्र का विकास जिस रूचि से बंसीलाल परिवार करवा सकता है उतना रूचि कोई और नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि तोशाम में बिजली, पानी, सड़क और शिक्षा के क्षेत्र में उनके परिवार ने काफी विकास कराया है।

राजस्थान से सटे लोहारू में पहली बार कमल खिला है। यहां से भाजपा उम्मीदवार जेपी दलाल ने भी विकास को ही मुद्दा बनाया। उन्होंने 5 वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा क्षेत्र की नहरों में अंतिम छोर पर पानी पहुंचाने के प्रयासों को मुख्य मुद्दा बनाया। साथ ही वे क्षेत्र में सड़कों और बिजली के सुधारीकरण व अन्य मुद्दों को भुनाने में कामयाब रहे। उन्होंने दो बार क्षेत्र से विधायक रहे पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के दामाद सोमबीर सिंह को पराजित किया। बवानीखेड़ा में लोगों ने अपना समर्थन बिशम्बर वाल्मीकि को दिया। जोकि 14 राउंड तक महज 100 से 500 मतों के अंतर से आगे पीछे थे। आखिरी के दो राउंड में 10 हजार से अधिक मतों की छलांग लगाकर चुनाव जीत गए। अपने पैतृक गांव खरक व कलिंगा जो कि राजपूत बाहुल्य हैं में बिशम्बर वाल्मीकि को जोरदार समर्थन मिला। 2014 के विधानसभा चुनाव में भी बिशम्बर वाल्मीकि को इन्हीं दो गांवों की बदौलत चुनाव में विजयी रहे थे।

सर्राफ की मिलनसार छवि आई काम

बवानीखेड़ा व भिवानी में विकास की बजाए जातीय समीकरण ज्यादा हावी हुए। भिवानी में भाजपा के घनश्याम सर्राफ ने हैट्रिक बनाई। घनश्याम सर्राफ को गैर जाट वोट बहुतायात संख्या में मिले। सर्राफ की मिलनसार छवि भी उनके काम आई। उन्हें मुकाबला दे रहे प्रत्याशी डा. शिव शंकर भारद्वाज द्वारा चुनाव से ठीक पहले भाजपा छोडक़र जेजेपी में जाना लोगों के गले नहीं उतरा।

जगाधरी में 6 उम्मीदवारों से ऊपर रहा नोटा

जगाधरी, 25 अक्तूबर (निस)

जगाधरी विधानसभा क्षेत्र से इस बार 10 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। चुनाव नतीजों में इनेलो सहित 6 उम्मीदवारों को नोटा से भी कम वोट मिले। 36 से ज्यादा बूथों पर इनेलो उम्मीदवारों का खाता तक नहीं खुला है। जगाधरी विधान सभा क्षेत्र में 1091 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया है। यह संख्या इनेलो के बलजीत शर्मा, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के उम्मीदवार नरेश कुमार,भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के उम्मीदवार प्रवीन कुमार, जिंदाबाद क्रांति पार्टी के उम्मीदवार रणजीत सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार जगदीप सिंह व निर्दलीय उम्मीदवार योगेश सेठी को मिले मतों से ज्यादा है। बता दें कि इनेलो उम्मीदवार बलजीत शर्मा को 861 वोट, लोसुपा के उम्मीदवार नरेश कुमार को 460 वोट, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के उम्मीदवार प्रवीन कुमार को 270 वोट, जिंदाबाद क्रांति पार्टी के उम्मीदवार रणजीत सिंह को 307 वोट, निर्दलीय उम्मीदवार जगदीप सिंह को 370 वोट तथा निर्दलीय उम्मीदवार योगेश सेठी को 641 वोट मिले हैं। जबकि नोटा को 1091 वोट मिले। कई बूथों पर इनेलो उम्मीदवार को एक भी वोट नहीं मिला। इसी प्रकार बूथ 135, 139,148,167, 193, 206 व 226 पर भी खाता नहीं खुला है। कभी इनेलो के गढ़ रहे गांव भी कोई कमाल नहीं हुआ है।

दादा, पिता की परंपरा को रखा कायम

चिरंजीव राव ने जीत से शुरू की राजनीतिक पारी

तरुण जैन/निस
रेवाड़ी, 25 अक्तूबर

रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी चिरंजीव राव ने पहला चुनाव जीतकर अपने राजनीतिक जीवन की पारी की शुरुआत की है। उन्होंने अपने परिवार की पहली बार में चुनावी जीत की परंपरा को भी कायम रखा। उनके दादा व पिता ने भी पहला चुनाव लड़कर जीत दर्ज की थी। चुनाव में मामूली 1331 मतों के अंतर से अप्रत्याशित जीत दर्ज कर सभी को चौंका देने वाले चिरंजीव राव पूर्व मंत्री कै. अजय सिंह के बेटे हैं और राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के सचिव भी हैं।

यह भी एक रिकार्ड है कि कैप्टन अजय यादव ने 1989 से लगातार 6 बार कांग्रेस टिकट पर रेवाड़ी हलका से चुनाव जीते और उनके मुकाबले में खड़े हुए अनेक धुरंधरों को उन्होंने टिकने नहीं दिया। 2014 का विधानसभा चुनाव व पिछला लोकसभा चुनाव हारने के बाद उनके राजनीतिक करियर पर प्रश्न चिन्ह लग गया था और मायूसी ने उन्हें घेर लिया था। बेटे चिरंजीव ने मायूसी को को दूर कर परिवार में खुशी लौटाई है। उनके दादा राव अभय सिंह ने 1952 में रेवाड़ी से पहला चुनाव कांग्रेस टिकट लड़ा था और उन्होंने राव बीरेंद्र सिंह को पराजित किया था। इसके बाद राव अभय सिंह 1957 व 1972 में भी विधायक बने। 1989 में लोकदल के विधायक रघु यादव द्वारा चौ. देवीलाल से मतभेदों के चलते विधानसभा से दिए गए इस्तीफे के बाद हुए उप-चुनाव में कांग्रेस ने कैप्टन अजय को मैदान में उतारा था। उनका यह पहला चुनाव था और भारी मतों के अंतर से जीते थे। इसके बाद उन्होंने पलटकर नहीं देखा और 2009 तक लगातार 6 बार विधायक बने। अब जीत की उसी परंपरा को चिरंजीव राव ने भी कायम रखा है। उनकी संघर्षशील छवि व युवापन उनकी जीत में काम आया।

उनकी इस जीत में उनकी माता शकुंतला यादव का अहम योगदान है। चुनाव की पूरी कमान उन्होंने ने ही संभाल रखी थी। उनका सपना बेटे की जीत के साथ जब पूरा हुआ तो उनकी आंखें छलक आई। चिरंजीव का राजनीतिक द्वार सफलता के साथ खुला है।

रेवाड़ी में जीत के बाद कांग्रेस प्रत्याशी चिरंजीव अपनी माता शकुंतला यादव के साथ। -निस

हार का सदमा

कांग्रेस प्रत्याशी तेवतिया के समर्थक ने लगाया फंदा, हालत नाजुक

पलवल, 25 अक्तूबर (हप्र)

पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर सिंह तेवतिया के चुनाव का सदमा उनके एक समर्थक को लगा। ऐसा ही एक मामला पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव दूधौला में आज उस समय देखने को मिला जब दूधौला निवासी बीर सिंह पृथला से कांग्रेस प्रत्याशी रतेवतिया की हार का सदमा सहन नहीं कर पाए और विचलित हो गये। इसके बाद फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गनीमत रही कि उन्हें फांसी लगाते गांव के लोगों ने देख लिया और तुरन्त ही फंदे से निकाल लिया गया। बाद में बीरसिंह को पलवल के एक निजी अस्पताल में लाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले की जानकारी मिलते ही तेवतिया परिवार अस्पताल पहुंच गया और कार्यकर्ता का हालचाल जाना और सांतवना दी। वहीं पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया ने अपने समर्थकों से कहा है कि हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू होते हैं, इसलिए वह किसी गम व सदमे में न रहें क्योंकि चुनावी समर में एक ही योद्धा की जीत होती है तो दूसरे को मिलती है हार। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह संयम न खोएं।

पलवल में शुक्रवार को एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन कांग्रेस कार्यकर्ता। -हप्र

epaper.dainiktribuneonline.com

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

आरसीईपी के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

■ महापंचायत में भाकियू नेताओं ने की केंद्र सरकार की आलोचना

करनाल, 25 अक्तूबर (हप्र)

भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय व्यापक, आर्थिक भागेदारी (आरसीईपी) के प्रस्तावित समझौते के विरोध में शुक्रवार को करनाल की सड़कों पर उतर कर केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री व प्रधानमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर किसानों के हित में निर्णय लेने की मांग की गई। इससे पूर्व, महात्मा गांधी चौक पर जिलेभर से आए किसानों ने महापंचायत का आयोजन किया।

करनाल में शुक्रवार को केन्द्र सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते किसान। -हप्र

भाकियू नेताओं ने इस समझौते को लेकर केंद्र सरकार की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि सरकार खेती किसानी को खत्म करने पर तुली हुई है और किसानों का जमकर शोषण किया जा रहा है। इस समझौते के लागू होने के बाद विदेशी कंपनियों का राज कायम हो जाएगा। डेरी उद्योग चौपट हो जाएगा। बीज कंपनियों को अपने बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा करने के लिए अधिक शक्तियां मिलेंगी।

लघु सचिवालय के सामने दिया धरना

पानीपत (एस) : भारतीय किसान यूनियन ने केंद्र सरकार द्वारा किये जाने वाले आरसीईपी समझौते के विरोध में शुक्रवार को लघु सचिवालय के सामने जीटी रोड ऐलिवेटिड पुल के नीचे करीब दो घंटे तक धरना दिया और उसके उपरांत लघु सचिवालय में डीआरओ को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आरसीईपी समझौता लागू करने से पहले देश के किसान संगठनों की भी इस मामले में राय ली जाए। इस मौके पर भाकियू के जिला प्रधान कुलदीप बलाना, प्रताप माजरा, कुलदीप, तेजपाल बापौली, धर्मबीर महावटी, पूर्व प्रधान जयकरण कादियान आदि मौजूद रहे।

कैथल में भी विरोध

कैथल (हप्र) : भाकियू ने शुक्रवार को आरसीईपी समझौते के विरोध में लघु सचिवालय में नारेबाजी करते हुए रोष जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत 15 अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते का किसानों की आजीविका पर बुरा असर पड़ेगा।

नारनौल के गांव में आपसी कलह बनी परिवार के खात्मे का कारण

पत्नी, 2 बच्चों को दूध में जहर पिलाकर मारा, खुद भी दी जान

नारनौल, 25 अक्तूबर (हप्र)

गांव कमानिया में एक पति ने पत्नी और 2 बच्चों को दूध में जहर मिलाकर दे दिया, जिससे तीनों की मौत हो गई। बाद में आरोपी पिता ने भी जहर खाकर जान दे दी।

कृष्ण कुमार के 2 बच्चे थे। बड़ा बेटा दीपाशू गांव के स्कूल में छठी कक्षा का छात्र था और बेटी यशिका पांचवी कक्षा में पढ़ती थी। शुक्रवार रात कृष्ण का पत्नी मुकेश के साथ झगड़ा हो गया, परिजनों द्वारा मामला शांत कराने के बाद दंपति अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद दोबारा झगड़ा होने पर परिजन कृष्ण को अपने पास ले गए, जिस पर मुकेश देवी आक्रोशित हो गई और पुलिस में केस दर्ज कराने की चेतावनी दी। जिससे डरकर परिजनों ने कृष्ण को वापस उसकी पत्नी के पास भेज दिया। रात करीब 11 बजे कमरे में अजीब सी आवाजें आने लगी तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर दोनों बच्चे बेहोश मिले तथा पति-पत्नी तड़प रहे थे। चारों को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवय गया, जहां गंभीर हालात होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद पीडितों को बहरोड़ के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां दोनों बच्चों व कृष्ण कुमार ने रात को ही दम तोड़ दिया।

> गांव कमानिया में पति-पत्नी के बीच झगड़ा होने का मामला दर्ज किया गया है, जिसमें पति कृष्ण कुमार ने पत्नी व 2 बच्चों को जहर देकर मार दिया। इसके बाद उसने खुद भी जहर खा लिया। चारों की मौत हो गई।
> -संतोष कुमार, थाना इंचार्ज

व्यक्ति ने जहर खाकर दी जान

रेवाड़ी (निस) : सरकारी टूरिस्ट कांप्लेलेक्स में एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसने अपने पीछे छोड़े सुसाइड नोट में मौत के लिए 4 लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने बताया कि गांव सुरहेली निवासी 45 वर्षीय संजीव कुमार 22 अक्तूबर को यहां के नाईवाली चौक स्थित सेंडपाइपर कांप्लेक्स में रुके हुए थे। देर शाम यहां पर उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। उन्हें परिजन गुरुग्राम अस्पताल ले जाया गया। वहां उनकी मौत हो गई। संजीव ने सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उन्होंने 4 लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया है।

बुलंद नहीं हुआ नामी चेहरों का भी सितारा

अपनी पार्टी छोड़ दूसरे दलों में गये नेताओं को मिली हार

नूंह/मेवात,25 अक्तूबर (निस)

प्रदेश के सर्वाधिक पिछड़े मेव बाहुल्य जिला मेवात में दो नामी चेहरों का दल बदलने पर भी 2019 के चुनाव में किस्मत का सितारा बुलंद नहीं हो पाया। चुनाव से पहले अपना दल छोड़कर दूसरे दलों में शामिल हुए नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है।

नूंह से इनेलो विधायक जाकिर हुसैन व फिरोजपुर झिरका से इनेलो विधायक नसीम अहमद ने चुनाव से पहले पार्टी को अलविदा कहकर भाजपा की हवा देखकर मुख्यमंत्री मनोहरलाल की मौजूदगी में भगवा का पटका पहन लिया, इसी तरह पुन्हाना से निर्दलीय विधायक रहीस खान ने भी लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री की बडकली चौक पर आयोजित रैली में भगवा धारण कर लिया था, लेकिन पार्टी द्वारा उन्हें टिकट न देकर विदेश में पढ़ी-लिखी दलित नेत्री नौक्षम चौधरी को रणक्षेत्र में उतारने से वह खफा होकर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोक दी। नूंह से भाजपा प्रत्याशी जाकिर हुसैन, पुन्हाना से निर्दलीय प्रत्याशी रहीस खान व फिरोजपुर झिरका से भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद जिला के नामी सियासी घरानों से ताल्लुक रखते हैं और मेवात की राजनीति में उनका अच्छा खासा दखल रहता हैं। लेकिन उनके पाला बदलने के बाद भी तीनों को हार का सामना करना पड़ा। दहंगल गौत्र से ताल्लुक रखने वाले अमन अहमद, सिंगारिया पाल के साहब खान , जैलदार परिवार के इकबाल अहमद व अडबरिया नासिर हुसैन व तैयब हुसैन घासेडिया द्वारा भी दल बदलने से वह भी जीत की लाइन में काफी पीछे रह गये।

प्रदर्शनकारियों को मिला आश्वासन, धरना स्थगित

घोटालों की जांच की मांग कर रहे थे कर्मचारी

सोनीपत, 25 अक्तूबर (हप्र)

शुक्रवार को हूडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यालय के सामने धरना दिया और प्रदर्शन किया। संगठन के चेयरमैन आरके नागर ने धरने का नेतृत्व किया, जबकि सुरेश रोहिल्ला ने संचालन किया।

इस दौरान विभाग के कार्यकारी अभियंता ने यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष आरके नागर को वार्ता के लिए बुलाया। नागर यूनियन के शिष्टमंडल के साथ अधिकारी से मिले। बातचीत के दौरान अधिकारी ने मांगों को जायज बताया और कहा कि अधीक्षक अभियंता रोहतक को पत्र लिखकर ईपीएफ व ईएसआई तथा वर्करों के नामों की लिस्ट नहीं होने के बारे में अवगत कराया गया है। इस बारे में जांच स्टेट विजीलेंस ब्यूरो को अनुरोध पत्र लिखा गया है। आश्वासन के बाद सर्वसम्मति से हूडा के गेट पर चल रहे धरने को स्थगित करने की घोषणा की गई। इस मौके पर सतीश शर्मा, समेश कुमार, ध्रुव कुमार, समे सिंह मौजूद रहे।

सोनीपत में शुक्रवार को हूडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के सदस्य प्रदर्शन करते हुए। -हप्र

इन मांगों पर मिला भरोसा

कर्मचारियों ने बताया कि कार्यकारी अभियंता ने खराब हालत क्वार्टरों की एक सप्ताह में रिपेयर कराने, गलत बनाए गए ईएसआई कार्ड ठीक कराने, 7 तारीख तक वेतन का भुगतान कराने व सीवरमैनों को फुल सीवर किट देने का लिखित आश्वासन दिया है।

epaper.dainiktribuneonline.com

रेत का रिश्ता...

चंडीगढ़ में शुक्रवार को पंजाब कला भवन में नाटक 'रेत का रिश्ता' में अभिनय करती एक कलाकार। -दैनिक ट्रिब्यून

स्वच्छता सम्मान समारोह में यूटी प्रशासक ने कही दिल की बात

डंपिंग ग्राउंड पर आश्वासन देने पर आने लगी है शर्म : बदनोर

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

चंडीगढ़ के प्रशासक वीपी सिंह बदनोर ने टैगोर थिएटर में आज स्वच्छता सम्मान समारोह के दौरान स्वच्छता कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे डड्डूमाजरा के डंपिंग ग्राउंड की समस्या को लेकर व्यथित हैं। स्मार्ट सिटी के इस प्रोजेक्ट के दिवाली से पहले खुदाई के कार्य का एलान तो किया गया था पर अभी तक काम शुरू नहीं हो सका। प्रशासक ने अपने संबोधन में कहा कि लोग उनके पास यह समस्या लेकर बार-बार आते हैं, जिन्हें आश्वासन देते-देते अब उन्हें शर्म आने लगी है।

टैगोर थिएटर में हुए स्वच्छता सम्मान समारोह के दौरान मंच पर महापौर, निगम आयुक्त और एमओएच विंग के अधिकारी उपस्थित थे पर पार्षद गिनती के ही थे। जिनमें सेनीटेशन कमेटी के चेयरमैन शक्ति प्रकाश देवशाली, भारत कुमार, रविकांत शर्मा, मनोनीत पार्षद सचिन लोहटिया, शिप्रा बंसल और हाजी खुर्शीद शामिल थे। जबकि अधिकतर पार्षद समारोह से नदारद रहे। सफाई कर्मचारी यूनियन ने नगर प्रशासक को मांग पत्र भी सौंपा। इसमें उनकी लंबित मांगे शामिल रहीं। उन्होंने कहा कि स्वछता के आधुनिक मापदंडों की बढ़ती मांग से संसाधनों की बेहतर समझ की जरूरत है। प्रशासक, महापौर और आयुक्त ने इस दौरान कई कर्मचारियों को सम्मानित किया। महापौर राजेश कालिया ने शहर को स्वच्छ रखने की अपील की है। निगमायुक्त केके यादव ने स्वच्छता अभियान को लेकर नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा संचालित अन्य जागरूकता पहलों के बारे में भी जानकारी दी।

चंडीगढ़ में सेक्टर शुक्रवार को टैगोर थिएटर में स्वच्छता सम्मान समारोह कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों के साथ यूटी प्रशासक वीपी सिंह बदनोर। - मनोज महाजन

कार्यक्रम में देखने को मिली अव्यवस्था

स्वच्छता समारोह में तो इस बात पर जोर दिया गया कि अगर सड़क पर कागज भी गिरा हुआ हो तो उसे डस्टबीन में डालने के लिए जेब में रखा जाये। हालांकि कार्यक्रम में काफी अव्यवस्था देखने को मिली। कार्यक्रम में खाने के बाद लोगों ने स्वच्छता कार्यक्रम को ठेंगा दिखाते हुये वहां काफी पैकेट खुले में ही डाल दिये। कागज के डिब्बे में लोगों को पैक रिफ्रेशमेंट बांटी गई थी, खाने के बाद इन डिब्बों को वहीं फेंका गया।

सोनूशाह हत्याकांड

4 हत्यारोपियों की हुई शिनाख्त

पंजाब पुलिस ने लूटपाट गिरोह की सूचना पर दबोचा एक हत्यारा

चंडीगढ़/पंचकूला, 25 अक्तूबर (नस)

28 सितंबर को बुड़ैल में सोनूशाह (40) की हत्या कर भागे 4 हत्यारों की शिनाख्त हो चुकी है। गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के करीबी और सोनूशाह हत्याकांड के मुख्य आरोपी शुभम बिगनी को खन्ना पुलिस ने गिरफ्तार कर चंडीगढ़ पुलिस को इसकी जानकारी दे दी। शुक्रवार को यूटी पुलिस शुभम को लाने के लिए पंजाब रवाना हो गई। सूत्रों की माने तो शुभम बिगनी ने हत्याकांड में शामिल 3 अन्य आरोपियों के नामों का खुलासा किया। उसने शाह की हत्या राजू, राजन और काला के साथ मिलकर की थी। खन्ना पुलिस ने आरोपी को एक लुटेरा गिरोह की छानबीन के वक्त दबोचा और उसके कब्जे से भारी हथियार भी मिले। शुभम के गिरोह में खन्ना पुलिस ने एक युवती और अन्य आरोपियों को उस वक्त काबू किया जब वे एक गाड़ी लूटने की फिराक में थे। सूत्रों ने बताया कि खन्ना पुलिस द्वारा शुभम की जानकारी यूटी पुलिस को देने पर यहां से एक टीम आरोपी को लाने रवाना हो गई है। हालांकि सोनूशाह हत्याकांड को सुलझाने में जुटी पुलिस ने बुड़ैल के होटल मैनेजर महेन्द्र को गिरफ्तार किया था। सूत्रों का यह भी दावा है कि क्राइम ब्रांच पंजाब में हत्यारों की छानबीन के लिए लगातार वहां दबिश दे रही थी।

यह है मामला

सेक्टर 45 के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर सोनू शाह की उसके ऑफिस में घुस कर आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी थी। सोनू दोपहर 12.30 अपने ऑफिस में जोगिंदर और रोमी के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था कि राजू, राजन, काला और शुभम हथियारों से लैस होकर उसके ऑफिस में दाखिल हुए व शाह के सीने और पेट में गोलियां मार कर उसकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड की अब तक की जांच में पकड़े गए होटल मैनेजर धर्मेन्द्र के दोस्त मोहाली के रहने वाले चंदन के रोल की भी जांच की गई। आरोपी ने चारों हत्यारों को उसके होटल में शरण दी थी।

अटल मिशन योजना में चंडीगढ़ को दूसरा स्थान

12 विकास कार्यों में 9 कार्यों को किया गया पूरा

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अमरुत योजना में अटल मिशन के तहत किए गए कार्यों के लिए चंडीगढ़ को देशभर में दूसरा स्थान दिया है। चंडीगढ़ के निगमायुक्त केके यादव ने कहा कि कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन को वर्ष 2015 में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में 12 परियोजनाओं के लिए 54 .09 करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे। इन परियोजनाओं के लिए 100 प्रतिशत फंडिंग केंद्र सरकार द्वारा की गई। दीप कॉम्प्लेक्स, हल्लोमाजरा के खुले क्षेत्रों में नई पानी की आपूर्ति लाइनें बिछाने, मद्रासी कालोनी और पुनर्वास कॉलोनी मलोया में डीआई पानी की आपूर्ति के लिए पीवीसी पाइपों को बिछाने, पुनर्वास कॉलोनी डड्डूमाजरा में पानी की आपूर्ति लाइनों को बदलने, इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा में आपूर्ति लाइनें बिछाने, राम दरबार कॉलोनी में अतिरिक्त सीवरेज प्रणाली की लाईनें बिछाने तथा जलापूर्ति परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना करना शामिल था। आयुक्त ने कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से पुनर्वास कालोनियों में पानी के कन्टेमिनेशन से बचने और शहरों के अनुकूल ग्रीन पार्कों की संख्या बढ़ाने, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल प्रदान करने में निगम सक्षम रहा है। आयुक्त ने कहा निगम ने 12 कार्यों में से 9 को पूरा कर लिया है और शेष 3 कार्यों की आगामी 31 दिसंबर तक पूरा होने की संभावना है।

मेडिकल क्लेम का भुगतान करने के आदेश

चंडीगढ़/पंचकूला, 25 अक्तूबर (नस)

मेडिकल क्लेम न देने पर उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी के खिलाफ आदेश दिया और शिकायतकर्ता को मुआवजे का भुगतान 9 प्रतिशत ब्याज के साथ करने के आदेश दिया है। एक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. के खिलाफ मनीमाजरा निवासी कमल बृजमोहन अरोड़ा ने उपभोक्ता फोरम को शिकायत दी थी, जिस पर उसने अपना फैसला सुनाया। अरोड़ा निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी में निदेशक हैं और फोरम ने बीम कंपनी को उन्हें 15000 रुपये मुआवजा राशि और 10 हजार रुपये केस का खर्च देने को कहा है। कमल के मुताबिक उन्होंने एक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. से अपनी कंपनी के कर्मचारियों और खुद के लिये वर्ष-2016 से 2017 तक ग्रुप इंश्योरेंस खरीदी थी। कमल बृजमोहन को मुम्बई के लीलावती अस्पताल में भर्ती होना पड़ा, लेकिन कंपनी ने उन्हें मेडिकल क्लेम देने से साफ इनकार कर दिया। थकहार कर बृज मोहन अरोड़ा को उपभोक्त फोरम का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

विदेश भेजने वाली फर्जी कंपनियों पर पुलिस सख्त

चंडीगढ़/पंचकूला, 25 अक्तूबर (नस)

पिछले कई सालों से शहर में इमिग्रेशन के नाम पर युवाओं को ठग रहीं इमिग्रेशन कंपनियों का फ्रॉड सामने आते ही पुलिस ने संचालकों पर सख्त कार्रवाई की है। सेक्टर 3 पुलिस ने सेक्टर 9 में एक इमिग्रेशन ऑफिस के संचालकों के खिलाफ जांच की। पंजाब के खरड़ के कुराली इलाके में रह रहे अमरजीत सिंह ने संचालक दीपक बख्शी पर उससे 1,65,000 रुपये ठगने के आरोप लगाए। अमरजीत सिंह ने बताया कि वह अपने बेटे को विदेश भेजना चाहते थे। किसी के कहने पर वह दीपक बख्शी से मिले। दीपक बख्शी ने युवक को विदेश भेजने के लिए जालसाजी की। आरोपी ने युवक के बैंक की जाली स्टेटमेंट बना कर अंबेसी को दे दी ताकि युवक के बैंक बेलेंस को लेकर वीजा कैंसल न हो जाए परंतु यूएस अंबेसी ने विजा रिजेक्ट कर दिया। सिंह के मुताबिक इस जालसाजी का पता लगते ही उन्होंने दीपक बख्शी से अपने पैसे मांगे तो उसने देने से साफ इनकार कर दिया। उधर, चंडीगढ़ में जीरकपुर के ग्लोबल बिजनेस पार्क में इमिग्रेशन का काम कर रहे पंकज नाम के शख्स के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

आरोपी ने शिकायतकर्ता मोनिका समेत अन्य युवाओं से वर्क परमिट के नाम पर विजा बनाने के लिए चंडीगढ़ में लाखों रुपयों की धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता नेपाल निवासी संजीव कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि सेक्टर 35 सी में इमीग्रेशन आफिस चला रहे देव कुमार प्राइम ने दुबई का जाली वीजा और टिकटें देकर उससे 1.45 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है।

गाय के गोबर से बनी 500 मूर्तियां व 20 हजार दीये बांटे

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

धनतेरस के अवसर पर शुक्रवार को गौरीशंकर सेवादल ने सेक्टर-45 स्थित गौशाला में गाय के गोबर से बनी गणेश की मूर्ति और दीये बांटे। इन दीयों में गूगल, जटा मासी, लोबान, पीली सरसों समेत कई अन्य सामग्री मिलाई गई थी। यह सामग्री हिंदू शास्त्रों में बहुत ही शुभ मानी जाती है। गौशाला में गणेशजी की मूर्ति और गोबर से बने दीयों को लेने के लिये लोगों की भीड़ उमड़ी। गौरीशंकर सेवादल के उपप्रधान विनोद कुमार ने बताया कि गाय के गोबर में लक्ष्मीजी का वास होता है और इसे घर में रखने से शुभ लाभ होता है और उन्होंने यह भी बताया कि किस सामग्री से प्रदूषण भी नहीं होता और घर का वातावरण भी शुद्ध होता है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 20,000 दीये और 500 गणेशजी की मूर्तियां निशुल्क बांटी गई।

अर्द्धसैनिकों को विभिन्न सुविधायें देने की मांग

चंडीगढ़/पंचकूला, 25 अक्तूबर (नस)

सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी समेत असम राइफल्स, एसएसबी, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ के संयुक्त संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ एक्स-पार्लियेमेंट्री फोर्सेस वेलफयर एसोसिएशन (सीओईएमपीएफडब्ल्यूए) ने केंद्रीय सरकार से देश के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले अर्द्धसैनिक बलों को शहीद का दर्जा देने की मांग की है।

सीओईएमपीएफडब्ल्यूए के महासचिव रणबीर सिंह और ट्रेजरर वीएस कदम ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि आजादी के बाद 33 हजार से अधिक अर्द्धसैनिकों ने देश के लिए शहादत दी परंतु दुख की बात है कि उन्हें आज तक शहीद का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने सरकार से मांग की है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश को सभी राज्यों में सख्ती से लागू किया जाये जिसमें बदलों को एक्स-कैपएफ का दर्जा दिया गया है। साथ ही कहा कि सीपीसी कैंटीन की बजाय सीएसडी कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए व फिलहाल फोरी सहायता के तौर पर सीपीसी कैंटीन पर 50 प्रतिशत जीएसटी की छूट दी जाये।

फिल्म समीक्षा

हाउसफुल 4 फुल कॉमेडी, पर लचर कहानी

त्योहार के समय में बॉलीवुड में ऐसी फिल्में रिलीज़ होती हैं जो दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करती हैं। कुछ ऐसा ही इस बार भी सोचा गया। जब अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 4 रिलीज हुई। फिल्म की कहानी में इस बार पुनर्जन्म की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में पहले कहानी दिखाई जाती है 1419 के सितमगढ़ की, जहां अक्षय कुमार, बॉबी देओल, रितेश देशमुख, कृति सैनन, पूजा हेगड़े और कृति खरबंदा एक दूसरे से प्यार करते हैं, लेकिन कुछ वजहों से ये तीनों जुदा हो जाते हैं। फिर 600 साल बाद यानि 2019 में इनका फिर से जन्म होता है और तीनों को एक बार फिर से रोमांटिक पेयर बनाया जाता है। बात करें फिल्म की कहानी की तो हेयरड्रेसर हैरी (अक्षय कुमार) बहुत बड़ा भुलक्कड़ है और वह माफिया डॉन माइकल (मनोज पाहवा) के पांच मिलियन डॉलर्स को कपड़े समझकर वाशिंग मशीन में धो देता है। बस तभी से फिल्म में एक नया मोड़ आ जाता है। माइकल हैरी तभी इन लोगों की जान के पीछे पड़ जाता है। पैसों का जुगाड़ करने के लिए ये तीनों अरबपति ठकराल की तीनों खूबसूरत बेटियों से शादी करने का प्लान बनाते हैं।

शादी के लिये जब सितमगढ़ आते हैं, तब हैरी को याद आता है कि वह आज से तकरीबन 600 पहले अर्थात 1419 में सितमगढ़ का राजकुमार बाला देव सिंह था। जब हैरी को यह अहसास होता है कि इस जन्म में वे अपनी पूर्व जन्म की प्रेमिकाओं के बजाय अपनी पूर्व जन्म की भाभियों से शादी करने जा रहे हैं। पिछले जन्म की अधूरी प्रेम और बदले की कहानी इस जन्म में पूरी हो पाती है या नहीं, ये तो आप फिल्म देखने के बाद ही जान पाएंगे। अक्षय कुमार हमेशा की तरह सब पर भारी पड़े हैं। हालांकि रितेश देशमुख को कॉमेडी करने की आदत है, लेकिन इस बार कहानी में दम नहीं होने की वजह से वह बेतुकेपन का शिकार हो गए हैं, रही बात बॉबी की तो सितारों की भीड़ में वह खो से गए हैं। - धर्मपाल

धनतेरस बाजार में खरीददारों की भीड़

चंडीगढ़ में शुक्रवार को धनतेरस पर बाजार में खरीददारी करने वालों की भीड़ रही। लोगों ने बर्तन व गहने भी खूब खरीदे। - मनोज महाजन

सेक्टर 28 की डिस्पेंसरी में श्री धन्वंतरि जयंती मनाई

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

आज श्री धन्वंतरि जयंती के अवसर पर सेक्टर 28 स्थित आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी में नेशनल आयुष मिशन, चंडीगढ़ के नोडल इंचार्ज व डिस्पेंसरी के प्रभारी आयुर्वेदाचार्य डॉ. राजीव कपिला एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक श्री धन्वंतरि भगवान की पूजा-अर्चना एवं आरती की व प्रसाद बांटा।

विवाह संबंधी

वधू चाहिए

वधू चाहिए खत्री/अरोड़ा

आंशिक मंगलीक एमटैक, 5'-10''/ अक्तूबर, 90 जन्म, मद्यत्यागी, दिल्ली आधारित माता -पिता को अपने इकलौते पुत्र हेतु खानदानी हिन्दू परिवार से प्रोफेशनल योग्यताप्राप्त वधू चाहिए। 78275-55321. (CL19095282)

हिन्दू खत्री/अरोड़ा, जर्मनी में रहते पोस्ट डॉक. कर रहे जन्म तिथि 27.02.91/ सायं 6.30 बजे, कद 5'-8'', हिमाचल आधारित परिवार के लड़के हेतु सुयोग्यता प्राप्त लड़की चाहिए। जातीय बंधन नहीं। ई-मेल : parveensdopr@gmail.com (CL19103910)

खत्री

खूबसूरत हिमाचली खत्री 28/ 5'-9'', बिज़नेस परिवार बी.टैक. कंप्यूटर सुस्थापित सोफ्टवेयर बिज़नेस चंडीगढ़ लड़के हेतु सुन्दर शिक्षित हिमाचल /पंजाब से लड़की चाहिए। # 8894238742. (CL19102619)

खूबसूरत हिमाचली खत्री, 28/ 5'-9'', बिज़नेस परिवार बी.टैक. कंप्यूटर, सुस्थापित सॉफ्टवेयर बिज़नेस चंडीगढ़ लड़के हेतु सुन्दर शिक्षित हिमाचल/पंजाब से लड़की का रिश्ता चाहिए # 88942-38742. (CL19102633)

सैनी

अविवाहित सिख सैनी क्लीनशेवन 40/5'-11'', गोरे पतले, एमसीए कार्यरत एमएनसी दिल्ली /एनसीआर वेतन 06 लाख वार्षिक लड़के हेतु लड़की चाहिए। जातीय बन्धन नहीं। ई-मेल : hp.banwait@gmail. com, वट्सएप : 8826918946, सम्पर्क करें : 7508310636. (CL19102625)

राजपूत

हिमाचली राजपूत, सीए, 1989/ 5'-7'', राष्ट्रीयकृत बैंक कर्मचारी लड़के हेतु तरजीही तौर पर सरकारी कर्मचारी वधू चाहिए। 62394-90537. (CL19099005)

डाक्टर/इंजीनियर

खूबसूरत एससी 28/5'-9'', एमएस (यूएस) आईटी इंजीनियर न्यूयार्क, लड़के हेतु प्रोफेशनल योग्यता प्राप्त वधू चाहिए। जाति /धर्म बंधन नहीं। लड़की सुन्दर यूएस में कार्यरत हो। फोन /WhatsApp 9953612328, ई-मेल : vijaymohan07@ hotmail.com (CL19102124)

अनुसूचित जाति

हमें हमारे पुत्र जन्म तिथि 09 नवंबर, 84, आस्ट्रेलियन नागरिक, परिवार चंडीगढ़ में, सुस्थापित कद 5'-11'', ग्रेजुएट हिन्दू हेतु खानदानी शिक्षित वधू की तलाश है। जाति बंधन नहीं। विवरण सहित सम्पर्क करें : leo23leo23@ gmail.com (CL19102104)

तलाकशुदा

अरोड़ा बहुत ही शार्ट मैरिज 06.10.87 एम.एससी., 5'-10'', बिज़नेस, पानीपत। 9255435752. (CL19102922)

एनआरआई

कैनेडा पीआर जन्म 08.10.1990 (सायं 6.40 बजे) 5'-8'', लम्बे, शिक्षा : बीबीए/एमबीए, शाकाहारी भारद्वाज परिवार, लड़के हेतु खानदानी परिवार से सुशिक्षित वधू की तलाश है। (उच्च जाति बंधन नहीं) फोन : 9888951819 या ई-मेल : indertyagi88@gmail.com (CL19098950)

कैनेडियन नागरिक सैनी गोरे 5'-9'' /मिकै. इंजीनियर, खूबसूरत 1978 जन्म, निःसंतान, तलाकशुदा अपना बिज़नेस लड़के हेतु शिक्षित पतली कन्या की तलाश है। लड़की तलाकशुदा /अविवाहित विदेश में स्थापित होने की इच्छुक हो। लड़का थोड़े समय के विजिट हेतु भारत में। लड़के का परिवार यूएसए में स्थापित, उच्चजाति बंधन नहीं। 98888-51932, ई-मेल : yajsaini@ gmail.com (CL19103172)

ब्राह्मण

इंजीनियर गोरे मद्यत्यागी 5'-11''/ 10 मई ' 83/रात्रि 11.20 बजे, होशियारपुर, सिंगापुर में कार्यरत लड़के हेतु योग्य लड़की चाहिए। सम्पर्क करें : amarjolly4u@gmail.com, 9888296149 (CL19102700)

बीएएमएस+ एमडी, 5'-7'', आयु 32 वर्ष, ऊना (हि.प्र), लड़के हेतु बीएएमएस+एमडी/एमबीबीएस लड़की चाहिए। फोन : 9459002153. (CL19102691)

जट सिख

जट सिख 28/5'-10'', कैनेडा से इंजी. डिग्री, कैनेडियन नागरिक, शराब व धूम्रपान से बहुत दूर, अपना सुस्थापित बिजनेस कर रहे, खूबसूरत लड़के के लिए न्यूनतम 5'-4'' लम्बी, पतली, बहुत गोरी, सुंदर वधू चाहिए। +17809755265/jaspalcha-hal29@gmail.com (CL19103658)

सिख खत्री

गुरसिख खत्री Redhat Engg. एमएनसी गुड़गांव में कार्यरत आय 6 लाख /वार्षिक दिसंबर 1982, लड़के हेतु सुपात्र वधू चाहिए। talktoamrjeet@ gmail.com, 8699416641. (CL19102130)

अग्रवाल

गर्ग लड़का 07 अप्रैल, 1991 (प्रातः 8.45 बजे, दिल्ली)/6' B.Tech (CS), साफ्टवेयर इंजीनियर एमएनसी, नोएडा (16.7 लाख सालाना) परिवार वसंत कुंज, दिल्ली निवासी। फोन : 98102-47451.) (CL19103624)

रिक्त स्थान

38 वैस्ट, चंडीगढ़ में ट्रेनिंग इंस्टिच्यूट के लिए योग्यताप्राप्त एवं अनुभवी कंप्यूटर टीचर चाहिए। फोन : 98786-96516. (CL19103604)

सार्वजनिक सूचना

मैं, Nima Devi पत्नी स्व. धर्म सिंह निवासी 2273, सेक्टर 24-सी, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर Nimmo Devi रख लिया है। (CL19103736)

मैं, दीपिका पुत्री श्री लाल चन्द निवासी पुरानी मनाली, तहसील मनाली, जिला कुल्लू (हि.प्र.), ने अपना नाम बदलकर दीपिका ठाकुर रख लिया है। संबंधित नोट करें। (CL19103965)

मैं, सविता पत्नी प्रेम चंद पाल निवासी मकान नं. 1605, सैनी विहार, फेज-3, बलटाना, जिला एसएएस नगर (मोहाली) पंजाब ने अपना नाम बदलकर सावित्री रख लिया है। (CL19104018)

मैं, प्रेम चंद पाल पुत्र रूप नारायण पाल निवासी मकान नं. 1605, सैनी विहार, फेज-3, बलटाना, जिला एसएएस नगर (मोहाली) पंजाब ने अपने नाबालिग बेटे सौरभ का नाम बदलकर सौरभ पाल रख दिया है। (CL19104022)

मैं, आशिया भारद्वाज पुत्री श्री तुलसी राम निवासी गांव SHOAR, डाकघर पुरथी, तह. पांगी, ज़िला चम्बा (हि.प्र.), मौजूदा निवासी जे-3, ब्लॉक-जे, स्ट्राबरी हिल्ज़, एचबीसी, छोटा शिमला (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम आशा से बदलकर आशिया भारद्वाज रख लिया है। (CL19104081)

हम, सुरेश कुमार पुत्र नाथी राम, बिमला देवी पत्नी सुरेश कुमार निवासी गांव परवालो, जगाधरी, जिला यमुनानगर, अपने पुत्र सुर्यकांत, पुत्रवधू संगीता रानी को हमारे कहने-सुनने से बाहर होने पर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन करने पर हमारा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा। (CL19104085)

मैं, सुबोध कुमार S/o श्री वरुण कुमार गुप्ता R/o मकान नं. 42, वार्ड-1, मण्डी टाउनशिप, तहसील पूंडरी, जिला कैथल, ने अपना नाम बदलकर सुबोध गुप्ता रख लिया है। संबंधित नोट करें। (CL19104152)

01 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए सरहिन्द क्लब लिमि., अंबाला छावनी की वार्षिक जनरल बॉडी बैठक बुधवार, 20 नवंबर, 2019 को होगी तथा सायं 5 बजे क्लब हाउस में आरंभ होगी। आन. सैक्रेटरी। (CL19104160)

आवश्यक सूचना

दि ट्रिब्यून ट्रस्ट का इस समाचारपत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचारपत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

epaper.dainiktribuneonline.com

मंडी में 2 लाख क्विंटल से ज्यादा धान अनसोल्ड, लिफ्टिंग के इंतजार में 20 लाख बोरी

धान की खरीद बंद होने से किसान परेशान

जितेंद्र अग्रवाल/हप्र
अंबाला शहर, 25 अक्तूबर

अचानक धान की सरकारी खरीद बंद किये जाने से मंडियों में आये किसान और आढ़ती परेशान हो गये हैं। यह स्थिति पूरे जिले की मंडियों की है। अकेले शहर स्थित अनाज मंडी में अभी तक 2 लाख क्विंटल से ज्यादा धान बिक्री की इंताजर में पड़ा है और अभी भी आवक जारी है। सरकारी खरीद का लक्ष्य पूरा होने के बाद सरकारी खरीद बंद किए जाने की बात अधिकारी कह रहे हैं।

अंबाला में खरीद बंद किये जाने के बाद फड़ों पर पड़ी धान की ढेरियां। -हप्र

जानकारी के अनुसार आज सुबह खरीद एजेंसियां रुटीन में खरीद प्रारंभ करने ही लगी थी कि कथित रूप से ऊपर से मिले संदेश का हवाला देकर खरीद अमले को तुरंत प्रभाव से खरीद बंद करने को कह दिया गया। जिला अधिकारियों से आदेश मिलने के बाद सरकारी खरीद एजेंसियों के कारिंदो ने खरीद बंद करके वापसी कर ली लेकिन किसानों और आढ़तियों की परेशानी और बढ़ गई। धान की आवक अभी तक अच्छी मात्रा में लगातार जारी है और रोजाना खरीद एजेंसियां करीब डेढ़ लाख क्विंटल धान की खरीद कर रही हैं। ऐसे में एकाएक धान की सरकारी खरीद बंद होने से हाहाकार की स्थिति उत्पन्न हो गई। किसान आढ़तियों पर धान खरीदने का दबाव बना रहे हैं तो आढ़ती स्वयं को बेबस पा रहे हैं क्योंकि पीआर किस्म का धान केवल सरकार ही खरीदती है। शहर की अनाज मंडी में इन दिनों धान की आवक अपने पीके पर पहुंच चुकी है लेकिन लिफ्टिंग व्यवस्था चरमरा चुकी है। फिलहाल इस मंडी में 20 लाख बोरी से ज्यादा धान लिफ्टिंग की इंतजार में है। धान का सीजन पूरे उफान पर है। मंडी में रोजाना 1.40 लाख क्विंटल धान की आवक हो रही है। अभी तक शहर मंडी में 28.35 लाख क्विंटल से ज्यादा धान की आवक हो चुकी है जबकि पिछले सीजन में इसी अवधि में यह आवक करीब 22.92 लाख क्विंटल ही थी हालांकि गत वर्ष खरीद एक अक्तूबर से प्रारंभ हुई थी।

मार्केट कमेटी अंबाला शहर के वाइस चेयरमैन भारत भूषण अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से बात की तो उन्हें बताया गया कि कोई लिखित आदेश नहीं हैं लेकिन आदेश ऊपर से आए थे।

वहीं डीएम हैफड अंबाला वीपी मलिक ने कहा कि सुबह से ही उपायुक्त के निर्देश मिलने के बाद अंबाला की मंडियों से धान की सरकारी खरीद बंद करवा दी गई है। धान खरीद का सरकारी लक्ष्य पूरा हो जाने के बाद ऐसा किया गया है। आगे जैसे सरकार के आदेश मिलेंगे वैसा निर्णय ले लिया जाएगा।

धोखा देकर की दूसरी शादी, केस दर्ज

जीरकपुर, 25 अक्तूबर (निस)

शादीशुदा होते हुए भी एक व्यक्ति पर एक औरत के साथ धोखे से शादी करवाने के आरोप में जीरकपुर पुलिस ने आरोपी व्यक्ति पर केस दर्ज किया है। एसएचओ गुरचरण सिंह ने बताया कि पीड़िता प्रीति शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि जीरकपुर की निर्मल छाया सोसाइटी के निवासी दीपेंद्र सिंह सिधाना ने साल 2015 में उसके साथ शादी की थी। जबकि दीपेंद्र सिंह सिधाना पहले ही शादीशुदा था शादी के दिन ही आरोपी दीपेंद्र सिंह सीधाना ने चंडीगढ़ के रजिस्ट्रार दफ्तर में शादी को झूठे दस्तावेज देकर रजिस्टर्ड करवा लिया था व उसके बाद दीपेंद्र सिधाना ने धोखे से खाली कागजों पर पीड़िता के हस्ताक्षर करवा लिए थे। शिकायतकर्ता ने अपने पति दीपेंद्र सिधाना पर जबरन गर्भपात करवाने का भी आरोप लगाया है। जीरकपुर पुलिस ने आरोपी दीपेंद्र सिधाना, उसकी माता कमलेश कुमारी तथा बहन सोनिया उप्पल के खिलाफ मामला दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

500 से ज्यादा ने लिया आयुष मैराथन में हिस्सा

अंबाला शहर, 25 अक्तूबर (हप्र)

आज पुलिस लाइन मैदान से एक मैराथन का आयोजन किया गया जिसको नगराधीश कपिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में किया गया था। इस मैराथन में करीब 200 विद्यार्थियों सहित रेडक्रास, खेल विभाग के सदस्यों सहित लगभग 500 प्रतिभागी शामिल रहे। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार व आयुष विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार वर्ष 2016 से मनाया जा रहा है जो कि आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वन्तरी के जन्म दिवस धनतेरस के अवसर पर मनाया जाता है। पूर्व चिकित्सा अधिकारी राजेश मोहन द्वारा नाड़ी परीक्षण की जांच भी की गई।

शिविर में 82 ने किया रक्तदान

चंडीगढ़/पंचकूला (नस) : पंचकूला के सेक्टर-9 स्थित विश्वास फाऊंडेशन ने शुक्रवार को सेक्टर 22बी स्थित मोबाइल मार्केट में ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें 82 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुभाष नारंग, विश्वास फाऊंडेशन की महासचिव साध्वी नीलिमा विश्वास व बैंक की नीतिन कुमार, असीम मलिक ने ज्योति जलाकर किया।

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड
राष्ट्रीय जल परियोजना

शुद्धिपत्र-1 अभिरूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)
सूचना संख्या. NHP/EOI/02/2019 दिनांक: 17.10.2019
भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना (MoWR) भारत सरकार के तहत बीबीएमबी वैबसाईट www.bbmb.gov.in पर विस्तृत रूप से मूल्यांकन मानदंडों को पूरा करते हुए प्रसिद्ध ब्रांडों के निर्माता/अधिकृत डीलरों से "लैपटॉप की आपूर्ति" की निविदा में shortlist होने के लिए अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है।
कार्य के दायरे और इसके विनिर्देशों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया बीबीएमबी वैबसाईट पर जाएं। इच्छुक पक्ष अपने ईओआई को आवश्यक विवरण के साथ वैबसाईट में दर्शाए गए प्रारूप/विवरण के अनुसार ईमेल dirph2bbmb@yahoo.com के माध्यम से 05.11.2019 को 3:00 अपराहन तक प्रस्तुत कर सकते हैं।
19-PR-NHP-4 उज्जवल रहे कल ऊर्जा बचाओ हरपल

मोहन मीकिन लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : सोलन ब्रुअरी, डाकघर : शिमला हिल्ज़ (हि.प्र.) पिन-173214, भारत
CIN : L15520HP1934PLC000135, GSTIN : 02AAACM4465E2ZW
Website : www.mohanmeakin.com, E-mail : solan@mohanmeakin.com

सूचना

सैबी (लिस्टिंग आब्लिगेशन्ज एंड डिस्क्लोजर रिकवायरमेंट्स) रैगूलेशन्ज 2015 के विनियम 47 के साथ पढ़े जाने वाले विनियम 29 के अनुसार सूचना दी जाती है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक **मंगलवार 12 नवंबर, 2019 को अप. 4 बजे कंपनी के शाखा कार्यालय मोहन नगर (गाजियाबाद) यू.पी.** में होगी, जिसमें 30 सितंबर, 2019 को समाप्त द्वितीय तिमाही तथा 06 मास के लिए कंपनी के गैर-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा साथ ही उन्हें रिकार्ड पर लिया जाएगा। यह जानकारी कंपनी की वेबसाइट (www.mohanmeakin.com) पर भी उपलब्ध है।

कृते व मोहन मीकिन लिमिटेड की ओर से।
सोलन ब्रुअरी (हि.प्र.) हस्ता./- (एच.एन. हांडा),
दिनांक : 25.10.2019 DI-104242 सचिव।

वार्ड-8 के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी

बीबीएन, 25 अक्तूबर (निस)

नालागढ़ के निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी ने नगर परिषद के वार्ड-8 में निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार पद के लिए नामांकन पहले नवंबर से 4 नवंबर तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी नालागढ़ के कार्यालय में किया जा सकेगा। नामांकन प्रातः 11.00 बजे से सांय 3.00 बजे के मध्य किया जा सकेगा। यह नामांकन उम्मीदवार अथवा उसके प्रस्तावक द्वारा किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की छंटनी 5 नवंबर को की जाएगी।

नामांकन वापसी 7 नवंबर को सांय 3.00 बजे से पहले की जा सकती है। नामांकन वापसी का नोटिस उम्मीदवार अथवा उसके प्रस्तावक द्वारा उपमंडलाधिकारी कार्यालय नालागढ़ में दिया जा सकता है। उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह 7 नवंबर को नामांकन वापसी के उपरांत प्रदान किए जाएंगे। 7 नवंबर को उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाएगी। मतदान 17 नवंबर को होगा।

फौजी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

अंबाला शहर, 25 अक्तूबर (हप्र)

छुट्टी पर अपने घर जा रहे एक फौजी की अंबाला शहर रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन की चपेट में आ जाने के कारण मौत हो गयी। मृतक की पहचान लॉस नायक कृष्णदेव उम्र करीब 28 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह फिरोजपुर पंजाब में तैनात था। वह अपने घर छुट्टी पर जा रहा था, जब वह अंबाला शहर रेलवे स्टेशन पर कोई समान लेने के लिए उतरा और फिर चलती ट्रेन में चढ़ने लगा तो वह नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है।

युवा पीढ़ी को नैतिक मूल्यों से जोड़ा जाये : डा. सैजल

बीबीएन, 25 अक्तूबर (निस)

स्माइलेक्स ग्रुप द्वारा बद्दी में दीपावली के उपलक्ष पर परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सहकारिता मंत्री डा. राजीव सैजल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्माइलेक्स ग्रुप के अध्यक्ष मुकुल बिहारी गोयल ने उनका स्वागत किया। समारोह के दौरान सार्थक रंगमंच चंडीगढ़ के कलाकारों द्वारा विनीत शर्मा के निर्देशन में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर आधारित नाटक का मंचन किया गया जिसको सभी द्वारा खूब सराहा गया। डा. राजीव सैजल ने कहा कि भारत को अपनी विविध संस्कृति के लिए जाना जाता है और हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य है कि युवा पीढ़ी को संस्कृति, लोक परंपराओं और नैतिक मूल्यों का ज्ञान प्रदान किया जाये। दून विधायक परमजीत सिंह पम्मी व पूर्व विधायक विनोद चंदेल ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। वहां रेनु सैजल, अशोक शर्मा, बलबीर ठाकुर, डा. श्रीकांत शर्मा, कैप्टन डीआर चंदेल, मेला राम चंदेल, प्रशांत देष्टा, संजय खुराना, मुक्ता गोयल, विभोर गोयल, बाल मोहन आदि मौजूद रहे।

28 तक रहेगी धारा 144 लागू

बीबीएन, 25 अक्तूबर (निस)

बीबीएन में दीवाली पर्व को किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए उपमंडल प्रशासन चौकस है। प्रशासन ने जहां आतिशबाजी व पटाखों की बिक्री के लिए बिक्री स्थलों के स्थान तय कर दिए है, वहीं उपमंडल प्रशासन ने दीपावली पर्व पर 28 अक्तूबर तक धारा 144 लागू कर दी है। इसे लेकर एसडीएम स्वयं भी बाजार में जाकर निरीक्षण करेंगे। एसडीएम नालागढ़ प्रशांत देष्टा ने कहा कि दीवाली पर्व को लेकर पटाखों व आतिशबाजी बिक्री के नियमितीकरण के लिए बीबीएन में 28 अक्तूबर शाम 10 बजे तक धारा-144 लागू रहेगी।

नेशनल सीरियल्ज़ प्रोडक्ट्स लिमिटेड
पंजी. कार्यालय, सोलन ब्रुअरी-173214 (H.P.)
CIN No. L99999HP1948PLC001381
e-mail:ncp@nationalcereals.com
फोन नं. 01792-230222, 0120-2657001 Ext.-229

" कंपनी सूचना "

यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग सोमवार 11 नवंबर, 2019 सायं 4.00 बजे ए-4, ग्रीन एवेन्यू स्ट्रीट, निकट चर्च, वसंत कुंज, नई दिल्ली में होगी। जिसमें कंपनी के प्रथम छः माह समाप्ति के वित्तीय परिणाम लिमिटेड रिव्यू के साथ जो 30 सितंबर, 2019 को समाप्त हो गये हैं, स्वीकार करने के लिए होनी निश्चित हुई है।

कृते नेशनल सीरियल्स प्रोडक्ट्स लि.,
सोलन ब्रुअरी (मीनस कुमार)
दिनांक : 23.10.2019 DI-104238 कंपनी सचिव।

केबीडीएवी में हुआ दिवाली सेलिब्रेशन

चंडीगढ़ के सेक्टर 7 स्थित केबीडीएवी स्कूल में शुक्रवार को भगवान राम के 'राज्य अभिषेक' की झांकी प्रस्तुत करते बच्चे। -निस

चंडीगढ़/पंचकूला (नस) : सेक्टर 7 स्थित केबीडीएवी स्कूल में शुक्रवार को नन्हें-मुन्ने बच्चों ने असेंबली में इको-फ्रेंडली दिवाली का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चे भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के पारंपरिक परिधानों में आये हुए थे। कार्यक्रम की शुरुआत भक्ति भजन से हुई जिसके बाद कविताओं और विचारों का आयोजन किया गया। युवा शिक्षार्थियों ने रामायण दृश्य का चित्रण करके परंपरा को जीवित रखा। शिक्षार्थियों द्वारा मधुर गीत 'दीपावली आई रे' पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन पटाखों से बचने और धरती माता को बचाने की प्रतिज्ञा के साथ किया गया। इसके बाद स्कूल की प्रिंसिपल पूजा प्रकाश द्वारा भगवान राम का 'राज तिलक' किया गया।

प्रदूषण रहित दिवाली के लिये किया प्रेरित

चंडीगढ़ में महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल के बच्चे जागरुकता रैली निकालते हुये। -ट्रिन्यू

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) : महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल दरिया, चंडीगढ़ के विद्यार्थियों द्वारा लोगों को प्रदूषण रहित दीवाली मनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पर्यावरण विभाग के सहयोग से निबंध और प्रतियोगिता दीया डेकोरेशन, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर केटेगरी में श्रेय, राघव और दीपक को क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान मिला। सीनियर कैटेगरी में हंसराज, जतिन, मानसी और हर्ष प्रीत को पहला, दूसरा, तीसरा और सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। प्रिंसिपल डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने प्रदूषण रहित दिवाली मनाने की अपील की है।

दौड़ प्रतियोगिता में राघव अलपाइन स्कूल प्रथम

बीबीएन (निस) : युवा सेवा एवं खेल कार्यालय सोलन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय लंबी व मध्यम दूरी की दौड़ राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों

में राघव अलपाइन स्कूल नालागढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अनूप दूसरे तथा सूरज कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों में यमुना देवी स्कूल ने पहला, धृति चन्देल ने दूसरा, कनू प्रिया ने तीसरे स्थान पर कब्जा किया। 16 से 19 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों में खेडा स्कूल के अमित वर्मा ने पहले स्थान कब्जाया जबकि अंकित दूसरे तथा राजू केसी तीसरे स्थान पर रहा।

बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन

अंबाला (नस) : तनेजा पब्लिक स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित स्पेशल असेंबली मे विद्यार्थियों ने संस्कृत श्लोकों की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। राम, लक्ष्मण, सीता व रावण के संवाद वर्णन भी सरहानीय था। तानिया ने राम स्तुति का वर्णन किया। प्रदुषण मुक्त दिवाली मनाने का संदेश देते हुए बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किए। ख़ुशी व दृष्टि ने भाषण दिया और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। दीया सज्जा व मोमबत्ती सज्जा जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हें मुन्हें बच्चों ने दीपक व मोमबत्तियों को कलात्मक रूप से सजाया।

प्लास्टिक के प्रति किया जागरूक

बीबीएन (निस) : बद्दी के गुल्लारवाला स्कूल में वर्धामान टेक्सटाइल लिमिटेड बद्दी द्वारा हिमालायन सोशल इंस्टीट्यूट संस्था, ग्राम पंचायत गुल्लारवाला के सहयोग से नुक्कड़ नाटक व रैली के द्वारा प्लास्टिक के ऊपर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में करीब 150 लोगों ने भाग लिया। इस दौरान प्लास्टिक के प्रति जागरूकता के लिये रैली भी निकाली गयी। वहां प्रदीप राणा, तरुण अरोरा, मोहित भार्गव, बसुदेव मंडल, मनीष तिवारी, दिनेश शर्मा, अनूप निर्मोही, योगिता चौहान, अनुराधा रुचि, जीनत आदि मौजूद रहे।

स्कूल में किया रामायण का मंचन

पिंजौर (निस) : जेबी स्मार्ट किड्स स्कूल पिंजौर में शुक्रवार को दिवाली पर्व पर छात्रों ने रामायण नाटक का मंचन कर छात्रों को दिवाली का महत्व बताया और रंगोली, दिए सजाकर रामचंद्र, सीता, लक्ष्मण बने किरदारों का स्वागत किया। छात्रों ने सुंदर वेशभूषाओं में नाटक का मंचन किया। प्रधानाचार्य जीवन ज्योति ने छात्रों को दिवाली की शुभकामनाएं दी।

जेबी स्मार्ट किड्स स्कूल पिंजौर में शुक्रवार को रामायण नाटक का मंचन करते हुए छात्र। -निस

बाइक सवारों ने छात्र से छीना आईफोन

अंबाला शहर, 25 अक्तूबर (हप्र)

मोटरसाइकिल पर सवार 2 अज्ञात युवक सेक्टर 9 में एक छात्र का आईफोन छीनकर फरार हो गये। इस संबंध में पुलिस ने सुधीर सहगल निवासी सेक्टर 9 की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ छीना छपटी का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस शिकायत में सुधीर ने बताया कि गत शाम करीब 5.30 बजे वह अपने बेटे को ट्यूशन से लेने जा रहा था। तभी बाइक पर आये 2 युवक उसके बेटे से उसका आईफोन छीनकर फरार हो गये।

'हर साल 20 लाख लोगों को होता है ब्रेन स्ट्रोक'

चंडीगढ़, 25 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

ब्रेन स्ट्रोक/अधरंग तथा जीवन शैली में सुधार संबंधी उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए पारस अस्पताल के डाक्टरों की टीम ने बताया कि हर वर्ष 15 से 20 लाख लोगों को दिमागी दौरा पड़ता है या दिमाग की नस फटने की शिकायत होती है। वर्ल्ड ब्रेन स्ट्रोक दिवस पर यहां पत्रकारों से पारस अस्पताल के इंटरवेंशनल न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डा. प्रोफेसर विवेक गुप्ता व न्यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डा. दीपक गुप्ता ने इस संबंध में चर्चा की।

दीपावली की तैयारी

मोहाली में शुक्रवार को दिवाली पर जलाने के लिये स्टॉल से मनपसंद पटाखे खरीदते ग्राहक। -विक्की घारू

आटो चालक के सिर पर मारी तलवार, कई नामजद

अंबाला शहर, 25 अक्तूबर (हप्र)

जंडली पुल के पास एक आटो रुकवाकर लगभग 10 से अधिक युवकों ने चालक को हमला करके घायल कर दिया। हमलावर 2 मोटरसाइकिलों पर सवार थे और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। घायल को सिविल अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस वारदात के संबंध में आटो चालक अनिल कुमार निवासी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 9 की शिकायत पर करीब 10 से अधिक हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह आटो लेकर कैंट से अंबाला शहर आ रहा था। उसी समय जंडली पुल से पहले ही राहुल उर्फ चीड़ी, लखन व अन्य 3 लड़के 2 मोटरसाइकिलों पर आये और उसे रोक लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सवारी व माल डिब्बा कारखाना, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशाप, यमुनानगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए मोहरबन्द खुली ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं।

1	कार्य का नाम	रेलवे सवारी एवं मालडिब्बा कारखाना जगाधरी वर्कशाप, नॉर्दर्न रेलवे में मैकेनाइज्ड सिस्टम (एयर कम स्प्रे पेंटिंग मशीन) के साथ स्टेनलेस स्टील वैगन बीसीएनएचएल की बाहरी पेंटिंग का काम सतह तैयार करना और बीसीएनएचएल वैगनों की हैच लाइनों को शामिल करना है, जिसमें बीवीजेडसी ब्रेक वैन की बोगी और पेंटिंग सहित पूरी बाहरी पेंटिंग शामिल है।
2	कार्य स्थल	सवारी व माल डिब्बा कारखाना, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशाप, यमुनानगर, हरियाणा 135002
3	मात्रा	2640 BCNHL wagons & 480 BVZC Brake Van
4	निविदा फार्म का मूल्य	रू0 5000/-
3	कार्य की कुल अनुमानित लागत	रू0 95,84,299/-
6	जमा की जाने वाली धरोहर राशि	रू0 1,91,700/-
7	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ऑफर की स्वीकृति की जारी तिथि से 24 महीने तक
8	निविदा फार्म को जमा करने की तारीख एवं समय	20.11.2019 को 15:30 बजे तक
9	निविदा को खोलने की तारीख एवं समय	20.11.2019 को 15:35 बजे तक, निविदा खोलने को निविदा समापन समय के बाद किसी भी समय किया जाएगा। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद करने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे को सुरक्षित रखता है।
10	वेबसाईट विवरण	www.ireps.gov.in

टैण्डर नं. 6-एस/02/टैण्डर/2019-20/Pt.II दिनांक 23.10.2019 3421/2019
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स
(कार्यालय : कमांडेंट, प्रथम आईआरबी भोंडसी, गुरुग्राम)
निविदा आमंत्रण सूचना

प्रथम बटालियन आईआरबी द्वारा हरियाणा एसडीआरएफ के लिए निम्नांकित डिजास्टर उपकरणों की खरीद हेतु दोहरी बोली प्रणाली में ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम नं.	आइटम का नाम	मात्रा	क्रम नं.	आइटम का नाम	मात्रा
1	Water jet Blankets (8'X6')	5	18	GM Survey Meter	18
2	Satellite phone	12	19	Disaster Management Kit	6
3	Hand held gas detector	6	20	Battery Operated Air Sampler with filter paper	6
4	Multi gas detector	3	21	NBC Suit impermeable	36
5	Replacement 14" dia diamond tipped blades	30	22	Portable Alpha Contamination monitor	3
6	Fire entry suit	6	23	Mini Rad Meter	6
7	K. Oil Heaters	90	24	NBC First Aid Kit Type-'A'	12
8	Canvas water tank (200 L)	18	25	Butyl Rubber Gloves (Inner & Outer)	135
9	Fiber Glass Rescue Motor Boat with OBM-40HP	I	26	CW Sampling Kit	4
10	NBC Suits Mk-IV	111	27	Portable Gamma Spectrometer	1
11	Teletector	6	28	Thermo Luminescent Dosimeter (TLD)	138
12	Micro Survey Meter	6	29	Iodated tablets	767
13	Electronic Dosimeter	138	30	Tongs (2 feet)	18
14	'A' level suits	6	31	SBS smart bio senser	1
15	Contamination Monitor	18	32	Isotope identifier	1
16	NBC Over boots	135	33	Suction unit with accessories	7
17	NBC First Aid Kit Type-'B'	2			

निविदा प्रकाशन 31.10.2019 को www.etender.hry.nic.in पर। बोलियां www.etenders.hry.nic.in पर ऑनलाइन जमा करवानी होगी। निविदकों को सलाह दी जाती है कि वे www.etenders.hry.nic.in पर ई-प्रोक्योरमेंट के लिए हरियाणा ई-निविदा प्रोक्योरमेंट पोर्टल द्वारा बोलियों को ई-जमा करवाने संबंधी ऑनलाइन बोली जमा हेतु निर्देशों का पालन करें। केवल ऑनलाइन बोली ही स्वीकार होगी। बोली जमा करवाने की अंतिम तिथि 11.11.2019 को सायं 5 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना विनिर्देशों को कमांडेंट प्रथम आईआरबी के कार्यालय में देखा जा सकता है या वेबसाइट http://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड करें।

हस्ता./- कमांडेंट,
प्रथम आईआरबी भोंडसी, गुरुग्राम

epaper.dainiktribuneonline.com

दैनिक ट्रिब्यून

स्थापना 15 अगस्त 1978

जनादेश का संदेश

आत्ममंथन करे पक्ष-विपक्ष

हरियाणा, महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव और देश के अन्य राज्यों में हुए उपचुनावों के परिणाम कई मायनो में कयासों से विपरीत रहे। निःसंदेह इन परिणामों की विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार व्याख्या की जा रही है। हरियाणा के चुनाव परिणाम कई मायनो में अप्रत्याशित हैं। कुछ माह पूर्व लोकसभा चुनाव में दस में से दस सीटें भाजपा की झोली में डालने वाली हरियाणा की जनता ने राष्ट्रीय मुद्दों के बजाय स्थानीय समीकरणों को तरजीह दी। दरअसल, विधानसभा चुनाव में जनता का सत्ताधीशों से करीब का मामला होता है। निर्वाचन क्षेत्र छोटा होने के कारण पार्टी और प्रतिनिधि की कारगुजारियों से वास्ता पड़ता है। आकांक्षाओं पर खरा न उतरने पर जनता का मन बदलने में ज्यादा समय नहीं लगता। स्थानीय मुद्दे और क्षेत्रीय व जातीय समीकरण भी चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की स्थिति में होते हैं। निःसंदेह मौजूदा सरकार की कारगुजारियों, प्रत्याशियों के चयन में चूक और स्थानीय संगठन के कार्यकर्ताओं का रोष भी परिणाम बदलने वाला होता है। किसी हद तक पांच साल सरकार चलाने वाले दल के खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी घटक भी प्रभावी हो जाता है। यही वजह है कि हरियाणा सरकार के अधिकांश मंत्री परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए और 75 पार का नारा 40 पर अटक कर रह गया। मंत्रियों के हारने की एक वजह यह भी हो सकती है कि वे कुर्सी पाकर जनता से जुड़े नहीं रह पाये और उसके मूड को नहीं भांप पाये। यूं भी कह सकते हैं कि जन-आकांक्षाओं की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। कुछ खेल चेहरों की पसंद-ना पसंद का भी होता है। वहीं कांग्रेस का बढ़त लेकर भी सत्ता से दूर रहने की वजह साफ है कि पार्टी में जारी गुटबाजी से जनता यह विश्वास नहीं कर पायी कि कांग्रेस सक्षम सरकार देने की स्थिति में है। वहीं जेजेपी द्वारा दस सीटें हासिल करने का निष्कर्ष साफ है कि जनता ने चौधरी देवीलाल की विरासत दुष्यंत चौटाला को सौंपते हुए उसमें भविष्य की संभावना तलाशी है।

महाराष्ट्र हो या हरियाणा, जनता का संदेश साफ है कि जनता केंद्र व राज्य में अलग तरीके से वोट करती है। केंद्र में राष्ट्रीय सुरक्षा व आर्थिक सरोकारों की प्राथमिकता होती है तो विधानसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दे, जिसमें कानून व्यवस्था, रोजगार, बिजली-पानी जैसे मुद्दे शामिल होते हैं। यह भी कि सत्तारूढ़ दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आमजन की दिक्कतों को दूर करने में क्या भूमिका निभायी है। कांग्रेस की बेहतर होती स्थिति संकेत है कि भाजपा एक वर्ग की आंकाक्षाओं पर खरी नहीं उतरी है। साथ ही जो वायदे किये गये, वे जमीनी हकीकत नहीं बन सके। दरअसल, जनता बेहतर विकल्प की तलाश में रहती है। जहां भरोसा नजर आता है, मतदान कर उसे सत्ता की चाबी सौंप देती है। निष्कर्ष यह भी है कि भाजपा अजेय पार्टी नहीं है, जहां पार्टी नेतृत्व प्रबंधन और चुनाव के अनुकूल फिजा बनाने में चूका, वहां विपक्ष बाजी मार ले गया। हालांकि, विपक्ष में जीत को लेकर आत्मविश्वास में कमी तथा एकजुटता का अभाव अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाया, मगर पिछले चुनावों के मुकाबले विपक्ष का प्रदर्शन बेहतर रहा। जहां तक अन्य राज्यों में हुए उपचुनाव के परिणामों का प्रश्न है तो एक निष्कर्ष यह भी है कि उ.प्र., पंजाब और हिमाचल में सत्ताधारी दलों ने कामयाबी हासिल की। हालांकि, बिहार में यह निष्कर्ष कसौटी पर खरा नहीं उतरा। उ.प्र. में ग्यारह सीटों में से भाजपा एक सहयोगी समेत आठ सीटें हासिल कर पायी। बिहार में राजद ने बढ़त ली। लोकसभा की दो सीटों के उपचुनाव में समस्तीपुर सीट लोजपा ने तो सतारा सीट राकांपा ने हासिल की। बहरहाल, इन चुनावों ने विपक्ष को जो बढ़त दी है, वह आगामी महीनों में झारखंड और दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा को कड़ी चुनौती देगी।

आज का विचार

काम के आदमी के साथ आपकी बात संक्षिप्त और व्यापक होनी चाहिए। – जॉर्ज वाशिंगटन

एकदा

लालच का ज़हर

एक समय बोधिसत्व कई गाड़ियां लेकर यात्रा को निकले। सामने वन आने पर उन्होंने साथियों को संबोधित किया-इस वन में कई वृक्षों के फल विष से भरे हैं। किसी भी अनजाने फल को खाना हानिकारक हो सकता है। अतः लोभ से बचना और कोई भी फल मुझसे पूछे बिना मत खाना। सभी हां में सिर हिलाकर वन में प्रविष्ट हुए। वन में एक वृक्ष आम सरीखे हरे पीले फलों से लदा हुआ मिला। ये फल कुछ लोभी साथी वृक्ष से तोड़कर खा गए तो कुछ ने अपने हाथों में ले लिए कि बोधि से पूछकर खाएंगे। बोधि ने फल खाए हुए अचेत लोगों को देखा तो उन्हें उपचार द्वारा स्वस्थ किया। फिर बोले—यह सब पास के गांव वालों का कृत्य है जो यह वृक्ष नहीं काटते। मरे हुए लोगों को जानवरों के आगे डालकर उनका सामान लूट ले जाते हैं। तभी वहां गांव वाले आ पहुंचे और सभी को स्वस्थ देखकर अचरज में पड़ गए। तब बोधिसत्व ने खुलासा किया कि यह पेड़ चढ़ने में आसान है और गांव के समीप भी है। फिर भी यह फलों से लदा हुआ है। इन दो बातों से ही मैंने जान लिया था कि इसके फल खाने योग्य नहीं हैं। **प्रस्तुति : मुकेश कुमार जैन**

40 साल पहले

दैनिक ट्रिब्यून

बिक्रीकर के विरुद्ध आज भारत 'बंद'

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (युन्यू, प्रेट्र)। विक्रय-कर हटाने की मांग को लेकर देशभर के व्यापारी 26 अक्तूबर शुक्रवार को हड़ताल करेंगे। इस 'भारत बंद' की अपील अ.भा. विक्रय-कर समाप्ति समिति ने की है और देशभर के बड़े व्यापारिक संगठनों ने इसका समर्थन किया है। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल में भी व्यापारियों के सभी बड़े संगठन इस बंद का अनुमोदन कर चुके हैं। समिति के प्रधान भीखूराम जैन कहा कि सभी व्यापारी चाहते हैं कि विक्रय-कर समाप्त हो। शुक्रवार को होने वाला भारत बंद व्यापारियों की एकता का प्रतीक होगा।

जगजीवनराम को कांग्रेस में लाने के यत्न विफल

कोचीन (प्रेट्र, युन्यू)। कांग्रेस के नेताओं ने जनता पार्टी के नेता जगजीवन राम और सीएफडी के नेता बहुगुणा को कांग्रेस को वापस लाने के लिए जबरदस्त यत्न शुरू कर दिए हैं। लेकिन बाद में जगजीवन राम ने पत्रकारों से कहा कि उनके जनता पार्टी छोड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यदि इन मुलाकतों से कुछ लोगों को भ्रांति होती है तो मैं क्या कर सकता हूं। फिर हंसते हुए उन्होंने कहा, कभी इंदिरा गांधी मुझे पसंद करने लगती हैं, कभी अर्स। मैंने कांग्रेस पाटी को पुनर्जीवित करने के बारे में अर्स से विचार-विनिमय किया है।

चुनाव के निष्कर्षों पर चिंतन करे विपक्ष

राजेश रामचंद्रन

हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणामों का एक निष्कर्ष स्पष्ट है कि भाजपा अजेय नहीं है। विपक्ष के दिग्गजों को जब मौका मिला तो परिणामों में बदलाव नजर आया। वहीं गैर-कांग्रेसी विपक्ष को सोचना होगा कि दल-विशेष पर निर्भर रहने के बजाय भाजपा के खिलाफ सशक्त नेतृत्व विकसित करे।

दो महत्वपूर्ण राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के बाद यह कहना अटपटा होगा कि हारने वालों की कारगुजारी की समीक्षा करने की बजाय जीतने वालों की श्लाघा करने के कारण ढूंढ़े जाएं। खैर, विपक्ष की कामयाबी लंबे समय तक चर्चा का विषय रहेगा जबकि सत्तापक्ष की विजय चमकहीन और पुराने ढर्रे की रही है। मिजाज के हिसाब से महाराष्ट्र और हरियाणा भले ही बेमेल हैं लेकिन चुनाव परिणामों ने कुछ ऐसे नतीजे दिए हैं जो आपस में काफी मिलान रखते हैं। चुनकर आने वाले भाजपा विधायकों की संख्या में 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है, उससे जहां महाराष्ट्र में इसकी अजेयता की आभा मंद पड़ गई है वहीं हरियाणा में बहुमत से हाथ धोना पड़ा है। हरियाणा में मंत्री रहे अधिकांश विधायक हार गए हैं। इससे एक बार फिर सिद्ध होता है कि एंटी-इनकम्बेंसी लहर को अपने हक में करने में मोदी का जादू नाकामयाब रहा है। संक्षेप में कहें तो अनुच्छेद 370 हटाना या हिंदुत्व आधारित अतिरेक वाला राष्ट्रवाद राजकाज की कमियों, प्रशासनिक ढीलापन और जाति समीकरणों की राजनीति को ढांप नहीं सकता है।

फिर भी, विपक्ष इन चुनावों को पूरी तरह जीतने में नाकामयाब रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण है कांग्रेसी नेता राहुल गांधी द्वारा बरती जा रही राजनीतिक शैली, जो चुनाव-दर-चुनाव गलतियां दोहराए जा रहे हैं। महाराष्ट्र में राहुल ने मजबूत स्थानीय क्षत्रप की सरपरस्ती बनाने से इनकार कर दिया था, इसी तरह भूपिंदर सिंह हुड्डा के लिए उनकी नापसंदगी से पार्टी को हरियाणा में सरकार न बना पाने की हानि सहनी पड़ी है। मुख्य विपक्षी दलों के नेता केवल चुनाव के दौरान ही पेशकारी करने को मंचों पर नमूदार होते हैं और बाद में गायब हो जाते हैं, जिससे कार्यकर्ता और स्थानीय नेता अधर में लटक जाते हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में गंभीर कमियां हैं, खासकर जब इसकी तुलना 78 वर्षीय शरद पवार के साथ करें, जिन्होंने महाराष्ट्र में अपने गढ़ों में खुद के दम पर धुआंधार प्रचार किया। यही कारण है कि उनकी पार्टी राज्य में सबसे बड़ा विपक्षी दल बनकर उभरी है।

महाराष्ट्र के सीट बंटवारे में कांग्रेस सदा ही बड़ा हिस्सा अपने लिए रखती आई है लेकिन इस बार एनसीपी ने सिद्ध कर दिया है कि भले

उसने कम सीटों पर चुनाव लड़ा है, किंतु वह ज्यादा बड़ी और मजबूत साझीदार है। यह सब तब हुआ है जब भाजपा एनसीपी के दूसरी श्रेणी के नेताओं पर डोरे डालने और उन्हें अपने पाले की कोशिशें जारी रखे हुए थी। प्रचार के लिए कांग्रेस को जो एक कमी अखर रही थी वह थी किसी ऐसे कद्दावर नेता का न होना, जिसका जादू भीड़ के सिर चढ़कर बोले या जो तमाम सरकार विरोधी दलों, मनोभावों और कारकों को अपने साथ जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करने वाला हो। यदि महाराष्ट्र में गठबंधन ने एक होकर शरद पवार के नेतृत्व में काम किया होता तो नतीजे अलग हो सकते थे। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शरद पवार जैसे राजनेताओं पर कभी विश्वास नहीं किया है या कहें किसी भी ऐसे नेता पर जो जमीन से जुड़ा और भारी लोकप्रिय हो, जो आगे चलकर उनके बेटे की सरदारी के लिए खतरा बने।

सितंबर के पहले हफ्ते तक हुड्डा हरियाणा में कांग्रेस का दोफाड़ करने के काफी नजदीक थे। इससे पहले प्रदेश में राहुल गांधी के आंखों के तारे पूर्व राज्य अध्यक्ष अशोक तंवर और रणदीप सुरजेवाला पार्टी की जीत संभावनाओं के लिए नुकसानदायक सिद्ध हो चुके थे, फिर भी पार्टी ने सूबे में अपने सबसे बढ़िया और कद्दावर नेता यानी भूपिंदर हुड्डा पर दांव लगाने से गुरेज जारी रखा था। किसी तरह हुड्डा पार्टी से जुड़े रहे और हालिया चुनाव में उनकी कारगुजारी राहुल गांधी ही नहीं बल्कि भाजपा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पर भी भारी पड़ गई है, क्योंकि हुड्डा अकेले अपने दम पर इतनी सीटें निकलवा पाए हैं, जितनी बाकी का पूरा दल मिलकर नहीं निकाल पाया है। साल के शुरू में हुए उपचुनाव में सुरजेवाला के नेतृत्व में पार्टी को बुरी तरह मुंह की खानी पड़ी थी। यह सब हमें उस बड़े प्रश्न पर लाता है : 'क्या राहुल गांधी का राजनीतिक तरीका वाकई गलत है?' वे राजनीति में सामाजिक परिवर्तन वाला वैकल्पिक तरीका अमल में लाएंगे, लेकिन यह ध्येय छुट्टियों के लिए विदेश यात्राओं पर बारम्बार जाने और केवल मोदी को गाली देकर नहीं प्राप्त किया जाता है। परिवर्तनकारी राजनीति केवल जमीन पर रहकर हो सकती है। आलम यह है कि विरासत में मिले अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी का कामकाज चलाने तक लिए भी उन्हें सदा अन्यों पर आश्रित रहना पड़ता है। फिर भी मतदाताओं ने उन्हें हरा कर बाहर का रास्ता दिखा दिया था। बिडंबना देखिए कि उसे लोकसभा में फिर दाखिल होने के लिए केरल में अल्पसंख्यकों की राजनीति का सहारा लेना पड़ा है!

दल के पुराने महारथियों के प्रति विरक्ति का दिखावा केवल मुलम्मा भर नहीं है, या यूं कहे निजी तौर पर पसंदीदा लोगों को आगे बढ़ाने का आग्रह भी राहुल में है। इसका शुचिता अथवा न्यायोचित राजनीति से कुछ लेना-देना नहीं है। उनके खास दरबारियों में अधिकांश रजवाड़ों से संबंधित व मौकापरस्त लोग हैं जो जनाधार के अभाव में निर्णायक नहीं हैं। राहुल की राजनीति का विरोधाभासी पहलू है सत्यनिष्ठा, वंशवाद और आधुनिकता को लेकर दोहरा मापदंड। उनके नेतृत्व के अंतर्गत कांग्रेस के पास न तो नए विचार थे, न ही जोश। तथापि हालिया चुनाव में सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रचार में हिस्सा न लेकर सारा मैदान राहुल के लिए खुला छोड़ दिया।

अब चूंकि यह सिद्ध हो चुका है कि भाजपा के लिए भी एंटी-इनकम्बेसी उतनी ही मौजू है जितनी अन्य दलों के लिए। मामला चाहे पश्चिम महाराष्ट्र में बाढ़ प्रबंधन का हो या हरियाणा में कमियों भरे प्रशासन का, विपक्ष को नेतृत्व के लिए गांधी परिवार से इतर होकर शरद पवार, ममता बनर्जी, जगनमोहन रेड्डी के चेहरों पर विचार करना होगा। इनमें कइयों ने एक परिवार द्वारा स्वयं को कांग्रेस की विरासत का असली वारिस पेश करने वाले तिलिस्म को तोड़कर खुद को पहले ही स्थापित कर दिखाया है। कांग्रेस और इससे छिटककर बने अनेक दलों का महाविलय खेल को पलटने वाला पैंतरा सिद्ध हो सकता है।

नरेंद्र मोदी की तुलना व्लादिमीर पुतिन या रेसेप एर्डोगन से करना गलत होगा क्योंकि भाजपा को अभी भी अपनी जीत के लिए आरएसएस कार्यकर्ताओं के श्रम और दम पर निर्भर होना पड़ता है। इस संदर्भ में एक प्रभावशाली विपक्ष सदा सत्ताधारी दल को अपनी चतुराई और योग्यता से उखाड़ फेंकने की कूवत रखता है लेकिन यह काम राहुल के नेतृत्व वाली कांग्रेस के बस का नहीं है। पार्टी को उन्हें अपने दल में मौजूद अन्य बेहतर नेतृत्व, मसलन, कैप्टन अमरेंद्र सिंह जैसों को ढूंढ़ना चाहिए जो राहुल की नापसंदगी के बावजूद राजनीति में अपनी बढ़िया कारगुजारी लगातार सिद्ध करते जा रहे हैं। विरोधी दलों को लोकतंत्र की खातिर नेतृत्व के लिए गांधी परिवार से इतर होकर विकल्प पर सोचना चाहिए।

अंत में, किसी एक मौकापरस्त ताकत-हथियाऊ नेता के लिए भी ताजा चुनाव के नतीजों ने सिद्ध कर दिया है कि सत्ता उनके लिए केवल हाथ-भर की दूरी पर है, बस बात केंद्र और राज्यों में मोदी से लोहा लेने पर मन बनाने और इसको अमल में लाने की कूवत रखने की है।

लेखक द ट्रिब्यून के संपादक हैं।

अर्थमंत्र

लक्ष्मी हासिल करने का सूत्र उद्यम-जोखिम

आलोक पुराणिक

मध्यवर्गीय परिवारों के बड़े हिस्से की ट्रेनिंग ही यही है कि कहीं फेल ना हो जाना। जो समाज अपने बच्चों को फेल होने के लिए तैयार नहीं करता, दरअसल वह समाज अपने बच्चों को बड़ी सफलताओं के लिए भी तैयार नहीं करता।

दीवाली पर या लगभग हमेशा ही यह सवाल उठता है कि लक्ष्मी आये कैसे। लक्ष्मी कुछ चुनिंदा के पास कैसे आ जाती है। लक्ष्मी को हासिल करने के सूत्र क्या हैं। लक्ष्मी उन्हीं के पास क्यों आ जाती है, जिनके पास पहले ही होती है। अभी कुछ समय पहले खबर आयी कि ट्यूशन कोचिंग देने वाली कंपनी बायजूस की बाजार में कीमत करीब 40000 करोड़ रुपये है। य़ानी यह ट्यूशन कोचिंग कंपनी बहुत पुराने बैंक पंजाब नेशनल बैंक से भी ज्यादा कीमती है, जिसकी बाजार कीमत करीब 27000 करोड़ रुपये की है। ट्यूशन कोचिंग से कोई इतनी कीमती कंपनी खड़ी कर सकता है। हां, यह जवाब है। लक्ष्मी हासिल करने के दो सूत्र हैं-जोखिम और उद्यम।

उद्यम यानी कारोबार, यानी धंधा, यानी अपना कुछ सैटअप तैयार करना यानी अपनी ही क्षमताओं पर भरोसा करना। यह काम आसान नहीं है। मध्यवर्गीय परिवारों के बड़े हिस्से की ट्रेनिंग ही यही है कि कहीं फेल ना हो जाना। जो समाज अपने बच्चों को फेल होने के लिए तैयार नहीं करता, दरअसल वह समाज अपने बच्चों को बड़ी सफलताओं के लिए भी तैयार नहीं करता। लक्ष्मी का सूत्र यह है कि या तो अपना उद्यम करो या दूसरा सूत्र यह है कि कामयाब उद्यमों के मालिक यानी छोटे-मोटे ही सही शेयरधारक बन जाओ। पर यहीं पर दूसरा तत्व जुड़ता है जोखिम।

बायजूस कंपनी 40000 करोड़ रुपये की हो गयी पर जोखिम यह भी था कि यह दो रुपये की भी ना बचती। उद्यम यानी जोखिम, जिन अनिल अंबानी को दो दशक पहले वित्तीय जीनियस घोषित किया जाता था, उन्हें अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए

कुछ करोड़ रुपये अपने परिवार से लेने पड़ रहे हैं। यही जोखिम है। यह जोखिम जो कायदे से उठा गया, वह पार हो जाता है। उद्यम में भी जोखिम और उद्यमों की मिल्कियत यानी शेयरधारक होने में भी जोखिम है। यह जोखिम समझे बगैर जो भी शेयर बाजार में आयेगा, वह डूबेगा।

दिक्कत यह है कि शेयर बाजार में जो निवेशक आते हैं, उनमें से कई बहुत आसानी से समझ जाते हैं कि फलां शेयर एक साल में दोगुना हो गया, पर यह जोखिम ना समझ पाते कि किस तरह से दीवान हाउसिंग फाइनेंस का शेयर एक ही साल में अपनी कीमत के नब्बे प्रतिशत से ज्यादा खो चुका है। जोखिम है। जोखिम को समझना समझदारी है। जोखिम को जाने बगैर उद्यम में या शेयरों में उतरना वैसे ही है जैसे तैरना न आये फिर भी नदी में कूद जायें। पूंजी बाजार में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन है-यह वाक्य शायद ही कोई सुनता हो।

शेयर यानी उद्यम में निवेश, उद्यम हमेशा जोखिमपूर्ण इसलिए होता है कि जिन वजहों से कोई उद्यम आज चल रहा है, कल वो वजहें बदल सकती हैं। नोकिया मोबाइल कंपनी करीब बीस साल पहले मोबाइल कारोबार की शीर्ष कंपनी थी। अब नोकिया मोबाइल बाजार के हाशिये की कंपनी है। नयी कंपनियां आ गयीं, नयी कीमत और नयी तकनीक लेकर। चीनी मोबाइल कंपनियों ने स्मार्ट फोन बाजार पर कब्जा कर लिया हैं। नोकिया निपट गयी।

यह जोखिम आमतौर पर आम निवेशक को समझ नहीं आता। इसलिए आम निवेशक को शुरुआत म्यूचुअल फंडों से करनी चाहिए। म्यूचुअल फंड छोटे निवेशकों से रकम लेकर विशेषज्ञों की राय लेकर निवेश करते हैं। पर विशेषज्ञों की राय भी हमेशा रिटर्न दे यह जरूरी नहीं है। विशेषज्ञ उन कारकों को नहीं सोच सकते जो बाद में शेयर बाजार में गिरावट की वजह बन सकते हैं। जैसे कोई कितना ही बड़ा विशेषज्ञ हो जाये, यह भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि यमन की तरफ से फिर कब सऊदी अरब के तेल संयंत्रों पर हमला हो जायेगा। हमला अगर हुआ तो शेयर बाजार फिर डूबेगा, यह जोखिम हमेशा रहेगा।

इसलिए शेयर बाजार और शेयर आधारित म्यूचुअल फंडों में निवेश हमेशा जोखिम वाला ही रहा है। पर देखने में यह आता है कि तमाम निवेशक तमाम स्कीमों के रिटर्न पर ध्यान लगाते हैं, उनकी जोखिम की तरफ उनका ध्यान नहीं जाता। ऐसी-ऐसी फ्राड स्कीमों में लोग पैसा लगा देते हैं, जिनका न कोई सिर है न पैर। पर ज्यादा रिटर्न का लोभ उन्हें खींच लाता है ऐसी स्कीमों की तरफ, इस तरह का जोखिम जोखिम नहीं मूर्खता है।

तो इस दीवाली पर कुछ नहीं तो सेंसेक्स आधारित म्यूचुअल फंड में निवेश शुरू करें, जिसमें अपेक्षाकृत जोखिम कम रहता है। एचडीएफसी सेंसेक्स प्लान इसी तरह का निवेश प्लान है, जिसमें निवेश किया जा सकता है।

तिरछी नज़र

कुछ नया सीखें इस दीवाली पर

सहीराम

दुकानदार कहता है कि ग्रीन पटाखे क्या होते हैं, पता नहीं जी, आप ढूंढ़ लो बाजार में। नहीं हम तो बैठे ही हैं। और दीवाली पर देश बारूद के ढेर पर जाकर बैठ जाता है।

दीवाली पर सीख देने का रिवाज काफी पुराना है। जैसे एक सीख तो यही होती है कि दीवाली पर जुआ नहीं खेलना चाहिए। जुआ वैसे भी गैरकानूनी है। पर चुनाव तो हमारा संवैधानिक अधिकार है। सो हम अपने इस संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल करते हुए साल में एक-दो बार तो कोई न कोई चुनावी जुआ खेल ही लेते हैं। पर यह ऐसा जुआ है जनाब, जिसमें हार-जीत तय है। हार जनता की और जीत नेता की।

खैर, इसी तरह और भी कई सीखें दीवाली पर देने का रिवाज रहा है जैसे शराब नहीं पीनी चाहिए। ये दोनों सीखें वैसे तो स्थायी सीखें हैं, जो कोई भी दे सकता है और कभी भी दे सकता है। पर दीवाली पर ये सीखें खासतौर पर दी जाती थीं। पर लगता है अब यह सीखें पुरानी हो गयी हैं। सीख देने का रिवाज तो पुराना होकर भी चल रहा है, पर पुरानी सीखें नहीं चल पा रही। अब नयी सीख यह है कि पर्यावरण बचाओ। पर सीखों के साथ हमेशा होता यही है कि उन्हें मानता कोई नहीं है। न दीवाली पर किसी ने जुआ खेलना और शराब पीना छोड़ा और न ही कोई पर्यावरण बचाना सीखेगा। सरकार अपनी उसी भूमिका में है, जिसमें वह पहले थी। पहले जैसे वह जुआ खेलना छुड़वाती थी और शराब का सेवन रोकती थी, वैसे ही अब वह पर्यावरण बचाना सिखाती है। अब क्योंकि सीख शिक्षक ही देता है तो सरकार इस मौके पर सरकार होने का दायित्व निभाने के साथ ही शिक्षक होने की भूमिका भी निभाती है।

सरकार कहती है कि पटाखे मत चलाओ और चलाओ तो ग्रीन पटाखे चलाओ। सरकार इसलिए कहती है क्योंकि अदालत ने कहा है। पर दुकानदार कहता है कि ग्रीन पटाखे क्या होते हैं, पता नहीं जी, आप ढूंढ़ लो बाजार में। नहीं हम तो बैठे ही हैं। और दीवाली पर देश बारूद के ढेर पर जाकर बैठ जाता है। वैसे ही जैसे कोई स्त्री सती होने के लिए पति की चिता पर बैठ जाती है। सती प्रथा गैर कानूनी है पर पटाखे चलाना अभी गैर कानूनी नहीं है। बल्कि सरकार वाले तो जब पाकिस्तान को धमकाते हैं तो यह कहकर ही धमकाते हैं कि परमाणु बम हमने दीवाली पर फोड़ने के लिए नहीं रखे हैं।

ऐसी ही प्रथाओं के चिन्ह अभी भी कहीं-कहीं नजर आ ही जाते हैं। फिर सरकार ऑड-ईवन का खेल खेलने लगती है। एक तरफ यह चिंता होती है कि गाड़ियां नहीं बिक रहीं और दूसरी तरफ यह चिंता होती है कि ज्यादा गाड़ियों से पर्यावरण खतरे में पड़ रहा है। दोनों ही चिंताओं में कोई टकराव नहीं है। सरकार किसानों को तो यह कह सकती है कि भैया पराली मत जलाओ। पर वह यह कभी नहीं कहेगी कि गाड़ियां कम खरीदो यार ताकि ऑड-ईवन की जरूरत ही न पड़े। पर फिर मंदी आ जाएगी न। ऐसे में सरकार जो सीख दे मान लो भैया चुपचाप।

आपकी राय

सबक के निष्कर्ष

25 अक्तूबर के दैनिक ट्रिब्यून में मुख्य पृष्ठ पर राजकुमार सिंह का लेख 'सत्ता को सबक' मोदी लहर के थमने का सूचक है। यही कारण है कि 75 के पार का नारा देने वाली भाजपा को सत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक सीटें भी नहीं मिल सकीं। हरियाणा में स्थिति बहुत ही अजीबोगरीब और दिलचस्प है। इन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने शानदार वापसी की है। अभी कुछ समय पहले बनी जजपा ने युवा नेता दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में 10 सीटें जीतकर न केवल राजनीतिक पंडितों को हैरत में डाल दिया है बल्कि हरियाणा में सरकार बनाने में ताले की चाबी भी अपने पास रख ली है।

शामलाल कौशल, रोहतक

अन्याय का फैसला

योगी सरकार द्वारा 21 हजार से अधिक होमगार्डों को हटाने का फैसला निंदनीय व अनुचित है। एक तरफ बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है और दूसरी तरफ रोजगार से लगे हुए सिपाहियों को घर बैठाना न्यायसंगत नहीं है। हाल ही में भारी बारिश बारिश के समय इन होमगार्ड के जवानों ने जान व माल की रक्षा करने में सराहनीय भूमिका निभाई थी। इसके बाद उनको एक ही झटके में हटा देने से उनके व उनके परिजनों पर क्या बीत रही होगी। मानवीय संवेदनाओं का तकाजा है कि इन सिपाहियों के साथ पूरी निष्ठा के साथ न्याय किया जाए ।

हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद, उज्जैन

दुर्भाग्यपूर्ण

नई दिल्ली के नेहरू विहार में एक दिल दहलाने वाली घटना में ग्राहक ने पास ही पड़ी ईंट दुकानदार के मुंह पर दे मारी। वहीं दुकानदार ने 12 घण्टे बाद अस्पताल में दम तोड़ दिया। क्या केवल एक पॉलिथीन के लिए किसी का खून किया जा सकता है? लोगों में धैर्य और संयम जैसे समाप्त ही हो गया है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

मंगलेश सोनी, मनावर, धार, म.प्र.

संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशनार्थ लेख इस ईमेल पर भेजें :-
dtmagzine@tribunemail.com

चुनावी माहौल का एक रंग यह भी

कोलंबो में शुक्रवार को राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी व पूर्व रक्षा सचिव रहे पी. राजपक्षे का चुनाव घोषण-पत्र जारी करने के मौके पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। -एएफपी

करनाटक 17 विधायकों की 'अयोग्यता' पर सुनवाई पूरी

मामले पर सुप्रीमकोर्ट बाद में सुनाएगा फैसला

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

सुप्रीमकोर्ट ने कर्नाटक में मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के विश्वास मत प्राप्त करने से पहले ही अयोग्य घोषित किए गए 17 विधायकों की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी कर ली। फैसला बाद में सुनाया जाएगा। हालांकि, कर्नाटक कांग्रेस की ओर से न्यायालय में दलील दी गयी कि इस मामले को संविधान पीठ को सौंप दिया जाये। प्रदेश कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष केआर रमेश कुमार ने विधायकों को अयोग्य घोषित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल किया था और उनके निर्णय पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। उन्होने कहा कि इस मामले को संविधान पीठ को सौंपने की आवश्यकता है क्योंकि इसमें सांविधानिक महत्व के गंभीर मसले उठाये गये हैं।

जस्टिस एनवी रमण, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस कृष्ण मुरारी की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय को चुनौती देने वाली कांग्रेस-जेडीएस के 17 बागी विधायकों की याचिका पर सुनवाई के बाद कहा कि इस पर फैसला बाद में सुनाया जाएगा। सदन में विश्वास मत हासिल करने में विफल रहने पर कुमारस्वमी ने इस्तीफा दे दिया था और इस घटनाक्रम ने भाजपा के बी एस येदियुरप्पा के नेतृत्व में राज्य में नयी सरकार के गठन का रास्ता साफ कर दिया था। कर्नाटक के 17 अयोग्य विधायकों में से कुछ की ओर से बुधवार को न्यायालय में दलील दी गयी कि विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने का उनका अजेय अधिकार है और तत्कालीन अध्यक्ष केआर रमेश कुमार द्वारा उन्हें अयोग्य करार देने का फैसला 'दुर्भावनापूर्ण' है और इसमें 'प्रतिशोध' की बू आती है। सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने बृहस्पतिवार को विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय की ओर से दलील दी थी कि संविधान के प्रावधानों के तहत कानून निर्माताओं को इस्तीफा देने का अधिकार है और अध्यक्ष को इसे स्वीकार करना चाहिए।

महाराष्ट्र पर चक्रवाती तूफान का साया

'क्यार' के चलते भारी बारिश की लाल चेतावनी

मुंबई, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

मौसम विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि चक्रवातीय तूफान 'क्यार' के चलते अगले 12 घंटों में महाराष्ट्र के तटीय जिलों रत्नागिरि और सिंधुदुर्ग में बेहद भारी बारिश हो सकती है और साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती हैं। भारतीय मौसम विभाग के मुंबई केंद्र द्वारा आज दोपहर को यह चेतावनी जारी की गई। अरब सागर में शुक्रवार की शुरुआत में एक गहरा विक्षोभ तेज होकर चक्रवात में बदल गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अगले 12 घंटों के दौरान क्यार एक शक्तिशाली चक्रवात में बदल सकता है, जबकि अगले 24 घंटों के दौरान इसके अत्यधिक शक्तिशाली चक्रवाती तूफान में तब्दील होने का अनुमान है। अनुमान है कि इसके बाद चक्रवाती तूफान ओमान तट की ओर बढ़ेगा। इसके चलते सिंधुदुर्ग जिले में 'बेहद भारी बारिश' के लिए 'लाल चेतावनी' जारी की गई है। इसका मतलब है कि यहां अगले 24 घंटे में 204.5 मिमी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया कि क्यार के चलते तेज हवाएं भी चलेंगी, जिसकी रफ्तार 85 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। शनिवार तक इसकी रफ्तार 110 किलीमीटर प्रति घंटा हो जा सकती है।

मस्जिदों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश पर केंद्र को नोटिस

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

सुप्रीमकोर्ट ने देश की सभी मस्जिदों में मुस्लिम महिलाओं को प्रवेश देने के अनुरोध संबंधी जनहित याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार से जवाब मांगा। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई और जस्टिस एसए बोबडे और जस्टिस एसए नजीर की पीठ ने मस्जिदों में महिलाओं को प्रवेश देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय तथा अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को नोटिस जारी किया। यह याचिका यास्मीन जुबैर अहमद पीरजाद ने दायर की है जिसमें सरकारी अधिकारियों और वक्फ बोर्ड जैसे मुस्लिम निकायों को मस्जिदों में महिलाओं को प्रवेश की अनुमति देने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। यह अनुरोध इस आधार पर किया गया है कि प्रवेश रोकना कई मौलिक अधिकारों का हनन है।

जाम में फंसे शाहरुख ने कहा जैसी भी है, अपनी दिल्ली है!

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होने वाले ट्रैफिक जाम का अनुभव बॉलीवुड के किंग खान को भी हुआ और बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में वह देर से पहुंचे। हालांकि कारण बताते हुए शाहरुख खान ने मुस्कुराते हुए कहा 'जैसी भी है, अपनी दिल्ली है।'

शाहरुख कल शहर के पीवीआर अनुपम में एक कार्यक्रम के सिलसिले में आए थे। उन्होंने कहा-देर से आने के लिए माफी चाहता हूं। मैं समय पर निकला था लेकिन ट्रैफिक में फंस गया। मैं इसकी शिकायत नहीं कर रहा हूं। यह हमारा शहर है। जैसी भी है, अपनी दिल्ली है। भारत का पहला मल्टीप्लेक्स और दिल्ली में अपनी अलग पहचान रखने वाला सिनेमा परिसर पीवीआर अनुपम कुछ दिन के लिए बृहस्पतिवार को बंद कर दिया गया। इस परिसर का पुनःनिर्माण एवं साजसज्जा की जानी है। पीवीआर अनुपम 1997 में खुला था और इसकी पहली फिल्म शाहरुख की 'यस बॉस' थी। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। शाहरुख ने यह भी कहा कि फिल्मों के टिकट दरों में हो रही वृद्धि की जिम्मेदारी उनके जैसे फिल्मी सितारों की भी बनती है।

उन्होंने कहा-टिकट की कीमतों में तेजी से हो रही वृद्धि के लिए हम जैसे कुछ सितारे भी जिम्मेदार हैं क्योंकि सप्ताहांत में फिल्मों की रिलीज के दौरान हम टिकट दरें अधिक रखते हैं। फिल्में महंगी हो गई हैं।

जेएनयू देशद्रोह मामला

कन्हैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी अब भी लंबित

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

दिल्ली पुलिस ने यहां एक अदालत के समक्ष कहा कि जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार और अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी अब तक दिल्ली सरकार के गृह विभाग से नहीं मिल पाई है।

मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट मनीष खुराना को सरकारी वकील ने मंजूरी अब भी लंबित होने की जानकारी दी। इसके बाद खुराना ने जांच अधिकारी को 11 दिसम्बर को बुलाया। अदालत ने 18 सितम्बर को दिल्ली सरकार से एक महीने के अंदर कन्हैया और अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर फैसला लेने को कहा था। अदालत ने कहा था कि देरी के कारण अदालत का समय बर्बाद हुआ है क्योंकि आरोप पत्र दायर किए जाने के बाद भी मामला बार-बार सूचीबद्ध और स्थगित किया जा रहा है।

गौरतलब है कि 14 जनवरी को पुलिस ने कन्हैया कुमार, जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद और अनिर्बान भट्टाचार्य सहित अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। इन पर आरोप है कि 9 फरवरी 2016 को परिसर में हुए कार्यक्रम में इन्होंने एक जुलूस की अगुवाई की और देशद्रोही नारे लगाए।

प्रधानमंत्री को मिले उपहारों की ई-नीलामी

25 लाख में बिका गांधी के साथ मोदी का चित्र

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले उपहारों की प्रदर्शनी व ई-नीलामी का शुक्रवार को समापन हो गया जिसमें महात्मा गांधी के साथ बनाए गए मोदी के चित्र पर सबसे अधिक 25 लाख रुपये की बोली लगी। ई-नीलामी से हुई आमदनी 'नमामि गंगे' मिशन के लिए दान की जाएगी। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले कुल 2,772 उपहारों की बिक्री के लिए 14 सितंबर से ई-नीलामी का आयोजन किया था। नयी दिल्ली के राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में इन उपहारों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इन उपहारों में चित्र, मूर्तियां, शॉल, जैकेट और पारंपरिक वाद्य यंत्र समेत कई तरह की वस्तुएं एवं स्मृति चिह्न शामिल थे। नामी हस्तियों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने इस नीलामी में दिलचस्पी दिखाई। अनिल कपूर, अर्जुन कपूर और गायक कैलाश खेर जैसे बॉलीवुड सितारों ने इसका प्रचार किया था। प्रदर्शनी में रखी गई भेंटों में सबसे कम शुरुआती कीमत 500 रुपये भगवान गणेश और कमल के फूल के आकार में बने लकड़ी के एक बक्से जैसी वस्तुओं के लिए रखी गई थी। वहीं सबसे अधिक शुरुआती कीमत ढाई लाख रुपये एक्रलिक रंग से बने एक चित्र के लिए तय की गई थी जिसमें तिरंगे की पृष्ठभूमि में महात्मा गांधी के साथ प्रधानमंत्री की तस्वीर उकेरी गई थी। यह चित्र अंत में 25 लाख रुपये में बिका। प्रधानमंत्री की अपनी मां से आशीर्वाद लेते हुए एक तस्वीर के लिए 20 लाख रुपये बोली लगाई गई। वहीं नीलामी में बिकी अन्य लोकप्रिय वस्तुओं में मणिपुरी लोक कृतियां (10 लाख रुपये), बछड़े को दूध पिलाती गाय की धातु से बनी मूर्ति (10 लाख रुपये) और स्वामी विवेकानंद की धातु से बनी 14 सेंटीमीटर की मूर्ति (छह लाख रुपये) शामिल थीं।

ट्रंप ने बताया फर्जी अखबार

व्हाइट हाउस में 'वाशिंगटन पोस्ट', 'न्यूयॉर्क टाइम्स' बैन

वाशिंगटन, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी दैनिक 'वाशिंगटन पोस्ट' और 'न्यूयॉर्क टाइम्स' को 'फर्जी' बताते हुए इन अखबारों को मंगाना बंद करते हुए अन्य संघीय एजेंसियों से भी ऐसा ही करने को कहा है। ट्रंप ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब कुछ दिन पहले उन्होंने 'फॉक्स न्यूज' के साथ साक्षात्कार में यही बात दोहरायी थी। ट्रंप ने सोमवार को कहा, 'हम लोग इन्हें किसी कीमत पर व्हाइट हाउस में नहीं मंगाना चाहते। हम लोग 'न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'वॉशिंगटन पोस्ट' को अब संभवतः नहीं मंगाएंगे।'

साक्षात्कार में 'न्यूयॉर्क टाइम्स' ने ट्रंप के हवाले से लिखा, 'वे (दोनों अखबार) फर्जी हैं।' एक खबर के अनुसार वेस्ट विंग में अधिकारियों ने घोषणा की कि दोनों अखबार अब व्हाइट हाउस में नहीं आयेंगे। साथ ही अन्य संघीय एजेंसियों को कहा जायेगा कि वे ये अखबार न लें। खबर के अनुसार ट्रंप ने प्रेस वालों को 'जनता का दुश्मन' और उनकी आलोचनात्मक कवरेज को 'फर्जी' बताया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव स्टिफनी ग्रिशम ने एक बयान में कहा, 'सभी संघीय एजेंसियों में अखबार को मंगाना बंद करने से हजारों करदाताओं के पैसे बचेंगे।'

बगदाद में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ते हुए हल्का बल प्रयोग किया। भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और घटिया सेवाओं के विरोध में पिछले कई दिनों से अफगानिस्तान में प्रदर्शन हो रहे हैं। -रायटर

जिंदगी लाइव

लेखकों को सम्मान नहीं मिलता बॉलीवुड में

मुंबई (एजेंसी) : राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित निर्देशक भास्कर हजारिका का कहना है कि बॉलीवुड में लेखकों को वह सम्मान नहीं मिलता जिसके वह हकदार हैं। उनके अनुसार बॉलीवुड में उन्हें कदम रखे ज्यादा समय नहीं हुआ है लेकिन इस दौरान उन्होंने कभी न भूलने वाला जो सबक सीखा है वह यह है कि देश के सबसे बड़े फिल्म उद्योग में लेखकों के लिए सम्मान नहीं है। 2015 में हॉरर फिल्म 'कोथानोदी' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भास्कर हजारिका 'आमिस' की वजह से चर्चा में हैं। इसके अलावा उन्होंने अब्बास मस्तान की थ्रिलर 'प्लेयर्स' भी लिखी है। उन्होंने कहा जब वह पहचान बनाने के लिए जूझ रहे थे, उन्होंने महसूस किया कि मूल और साहसी विचारों को अहमियत नहीं दी जाती। 'बॉलीवुड में लेखकों के लिए कोई सम्मान नहीं है। मैं नाराजगी या गुस्से में ऐसा नहीं कह रहा हूं। यह सचाई है।' शुरू में उपन्यासकार बनने की इच्छा रखने वाले भास्कर ने जब देखा कि किताबें पढ़ने में लोगों की दिलचस्पी नहीं है तो उन्होंने सिनेमा का रुख किया।

द्रौपदी के रूप में दिखेंगी दीपिका पादुकोण

मुंबई (एजेंसी) : दीपिका पादुकोण पौराणिक ग्रन्थ 'महाभारत' के महिला किरदारों इर्द-गिर्द घूमती अपनी एक आगामी फिल्म में द्रौपदी की भूमिका निभाएंगी। फिल्म का नाम तो सामने नहीं आया, लेकिन बताया जाता है कि हाल ही में 'छपाक' से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रखने वाली दीपिका, मधु मंतेना के साथ इस फिल्म का निर्माण करेंगी। दीपिका ने एक बयान में कहा कि मैं द्रौपदी की भूमिका निभाने को लेकर बेहद रोमांचित और सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे लगता है कि जीवन में एक बार ही ऐसी भूमिका मिलती है। महाभारत अपनी पौराणिक कथाओं और सांस्कृतिक प्रभाव के लिए लोकप्रिय है, इससे कई सबक मिलते हैं, लेकिन ये ज्यादातर पुरुष किरदारों से हैं। इसे नए दृष्टिकोण के साथ बताना न केवल दिलचस्प होगा, बल्कि बहुत महत्वपूर्ण भी होगा। फिल्म के लिये कलाकारों का चयन अभी नहीं किया गया है।

धनतेरस पर वाद्य पूजन थाणे में शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर एक जनजातीय समुदाय के लोग वाद्य यंत्र 'तरप' की पूजा करते हुए। -प्रेट्र

पर्दे पर आंसू पसंद हैं दर्शकों को : शर्मिला टैगोर

नयी दिल्ली (एजेंसी) : वरिष्ठ अभिनेत्री शर्मिला टैगोर का कहना है कि लोग वास्तविक जीवन में भले ही किसी को रोते न देखना चाहें लेकिन पर्दे पर उन्हें किरदारों को आंसू बहाते देखना अच्छा लगता है। एक कार्यक्रम के सिलसिले में यहां आईं शर्मिला ने फिल्म 'अमर प्रेम' का जिक्र भी किया जिसमें राजेश खन्ना उनसे कहते हैं 'पुष्पा, मुझसे ये आंसू नहीं देखे जाते, आई हेट टीयर्स।' कार्यक्रम के दौरान इस पंक्ति वाला दृश्य दिखाया गया। 'अमर प्रेम' पर शर्मिला ने कहा कि दर्शकों को आंसू अच्छे लगते हैं, अन्यथा फिल्म एक दिन भी नहीं चलती।

हथियारों के साथ पोस्ट की फोटो तो लगेगी हथकड़ी !

जयपुर (एजेंसी) : राजस्थान पुलिस ने टशन में सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ तस्वीरें डालने वालों को हथकड़ी पहनाने की पूरी योजना बनायी है। राजस्थान एटीएस और एसओजी के अधिकारियों ने राज्य के सभी रेंज पुलिस महानिरीक्षकों और जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि वे हथियारों के साथ तस्वीरें पोस्ट कर आतंक फैलाने वालों की पहचान करें। एसओजी के पुलिस अधीक्षक रणधीर सिंह ने बताया कि ऐसे लोगों के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और राजपासा (राजस्थान प्रिवेंशन आफ एंटी सोशल एक्टिविटीज एक्ट) के तहत तुरंत कार्रवाई की जायेगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एटीएस और एसओजी) अनिल पालीवाल ने हाल ही में इस संबंध में आदेश जारी किये थे। उन्होंने बताया कि रेंज के आईजी और एसपी को सोशल मीडिया पर सक्रिय ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया है। पश्चिमी राजस्थान और हरियाणा सीमा से सटे क्षेत्रों में विभिन्न अपराधी गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म, विशेषतौर पर फेसबुक पर इस तरह की पोस्ट डालने में सक्रिय हैं।

आज के ट्वीट

और हमारी टीम को कोई नहीं रोक पाया। गोवा में पंचक के लिए तैयार हमारी प्रोडक्शन टीम। यहां चक्रवाती तूफान क्यार के लिए रेड अलर्ट था। टीम ने सारी परिस्थितियों को हैंडल किया। हम लोग काम करते रहे।

माधुरी दीक्षित नेने, बॉलीवुड अदाकारा

आप सबको धनतेरस की बहुत-बहुत बधाइयां। मैं प्रार्थना करती हूं कि आपको उम्मीदों से भी ज्यादा खुशियां और प्यार मिले। इस खास दिन के लिए आप सबके लिए प्रार्थना करती हूं। भगवान आपको खुश रखे।

हेमा मालिनी, भाजपा सांसद

epaper.dainiktribuneonline.com

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में लिए कई अहम फैसले

हिमाचल में नयी आयुष नीति को दी मंजूरी

सरकार के विभिन्न विभागों में भरे जाएंगे 99 पद

शिमला, 25 अक्तूबर (निस)

हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की शुक्रवार को यहां आयोजित बैठक में आयुष नीति-2019 को स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत लोगों को किफायती दरों पर आयुष सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसके लिए आयुष अस्पतालों और औषधालयों को स्तरोन्नत किया जाएगा। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने बैठक की अध्यक्षता की। नयी आयुष नीति के अंतर्गत आयुष एवं आरोग्य क्षेत्र में संभावित निवेशकों के लिए आकर्षक प्रोत्साहनों को शामिल किया गया है। आयुष थेरेपी यूनिट स्थापित करने के लिए पूंजी सब्सिडी पर 25 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है, जो एक करोड़ रुपये तक हो सकता है। ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा महिला उद्यमियों के लिए भी विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। हिमाचली लोगों को चयनित परियोजनाओं में लीज रेंट और स्टांप ड्यूटी में छूट दी जाएगी।

नई आईटी, आईटीईएस पॉलिसी को भी स्वीकृति

प्रदेश मंत्रिमंडल ने नई आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम नीति-2019 को भी मंजूरी प्रदान की है। इस नीति में अधोसंरचना प्रोत्साहन प्रणाली विकसित करने की परिकल्पना की गई है। इसी प्रकार वहन योग्य आवासीय नीति-2019 को भी मंत्रिमण्डल ने स्वीकृति प्रदान की। इसका प्रमुख उद्देश्य शहरी गरीबों के पुनर्वास और सभी नई आवासीय परियोजनाओं में मिश्रित आवासीय विकास को प्रोत्साहित करना है।

पर्यटन विभाग में लागू होंगे संशोधित मापदंड

प्रदेश में पर्यटन इकाइयां स्थापित करने के इच्छुक गैर कृषकों को राज्य में भूमि खरीदने के उद्देश्य से अनिवार्यता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए पर्यटन विभाग के संशोधित मापदंडों को स्वीकृति प्रदान की गई। रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) की स्थापना को मंजूरी प्रदान की। इस प्राधिकरण के प्रबन्धन के लिए अध्यक्ष एवं सदस्यों सहित कुल 46 पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है।

पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की लगेंगी प्रतिमाएं

बैठक में एक नई योजना मुख्यमंत्री ग्राम कौशल योजना को स्वीकृति प्रदान की गई। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की शिमला और मनाली में प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया। बिलासपुर, सोलन, कुल्लू, शिमला और नूरपुर में एकीकृत पुनर्वास केन्द्र खोलने का निर्णय लिया जिनमें नशे से प्रभावित युवाओं के उपचार की सुविधा होगी।

विकास के साथ बनेंगे रोजगार के अवसर

बैठक में मंडी ज़िला के ढीम कटरू, धरोट, सरोआ, बागाचनोगी, मुरह और सैंज तथा कुल्लू ज़िला के मंगलौर में राजकीय रेशम उत्पादन केन्द्र स्थापित करने को मंजूरी दी गई। इन केन्द्रों के समुचित प्रबन्धन के लिए सात-सात पद सृजित करने का निर्णय भी लिया गया। उद्योग विभाग में अनुबंध पर विस्तार अधिकारी (उद्योग) के 6 पद भरने का निर्णय लिया गया है। बिलासपुर ज़िला के झंडुता में नया फायर सब-स्टेशन स्थापित होगा व 23 पद सृजित किए जाएंगे।

शिमला में शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर। -दैनिक ट्रिब्यून

उद्योगों में 888 करोड़ निवेश के प्रस्ताव

शिमला (निस) : राज्य एकल खिड़की स्वीकृति एवं अनुश्रवण प्राधिकरण की बैठक शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें प्रदेश में नए औद्योगिक उपक्रमों और वर्तमान औद्योगिक इकाइयों के विस्तार के 29 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन प्रस्तावों पर लगभग 888.24 करोड़ रुपये का निवेश होगा और लगभग 3420 लोगों को रोजगार मिलेगा।

श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय मेडिकल कॉलेज नैरचोक में राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से विभिन्न संकाय के 15 पद भरने को स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग में तहसीलदार के तीन पदों के सृजन का भी निर्णय लिया गया है। निर्वाचन विभाग में निर्वाचन कानूनगो के 13 पद भरने का निर्णय लिया गया है। नगर नियोजन विभाग में योजना अधिकारियों के तीन पद भरने को स्वीकृति प्रदान की गई है। 31 मार्च और 30 सितंबर, 2019 को आठ वर्ष का लगातार सेवाकाल पूरा कर चुके सभी अंशकालिक कर्मचारियों को दैनिक भोगी बनाने का निर्णय लिया गया है।

लेक पर लेजर लाइट शो

चंडीगढ़ में शुक्रवार की शाम सुखना लेक पर दिवाली व गुरु नानक देव जयंती के अवसर पर लेजर लाइट शो आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन यूटी प्रशासक वीपी बदनोर ने किया। -रवि कुमार

संदीप संधू ने पूर्व विधायकों पर फोड़ा हार का ठीकरा

लुधियाना, 25 अक्तूबर (निस)

दाखा विधानसभा उपचुनाव

दाखा विधानसभा उपचुनाव में लगभग 15 हजार वोटों से हारे मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के सलाहकार एवं कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन संदीप संधू ने अपनी हार का ठीकरा आम आदमी पार्टी के दाखा से पूर्व विधायक एचएस फूलका और स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व पर फोड़ा है। यहां शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि फूलका अपने अढ़ाई साल के कार्याकाल के दौरान अपने क्षेत्र में अनुपस्थित रहे वहीं सक्रिय भी दिखाई नहीं दिये। वहां का कांग्रेस नेतृत्व भी इस दौरान सजग नहीं दिखा। पूर्व विधायकों द्वारा वहां के मतदाताओं से किये गये वादों को पूरा न करने का दंड उन्हें भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने चुनाव प्रचार के दौरान जो वादे किये हैं उनको वह निभायेंगे। कैप्टन संधू ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक टीम के रूप में काम किया। इस अवसर पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मंत्री भारत भूषण आशू भी उपस्थित थे।

परिवहन मंत्री गोविंद ठाकुर ने दी हरी झंडी

शिमला में 4 इलेक्ट्रिक बसों की सुविधा शुरू

शिमला में शुक्रवार को इलेक्ट्रिकल बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते परिवहन मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर व शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज। -अमित कंवर

शिमला, 25 अक्तूबर (निस)

प्रदेश के लिए लगभग 100 नई इलेक्ट्रिकल बसों की सैद्धांतिक मंजूरी केंद्र सरकार से प्राप्त हो चुकी है। यह जानकारी आज परिवहन, वन व युवा सेवा एवं खेल मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने नगर निगम पार्किंग टूटीकंडी बाईपास पर शिमला नगर के विभिन्न क्षेत्रों के लिए 4 इलेक्ट्रिकल बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरांत दी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसें चलाने में हिमाचल प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में आंका गया है। आने वाले समय में नागरिकों को भी इलेक्ट्रिकल गाड़ी उपयोग करने के प्रति प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बसों के इलेक्ट्रिकल चार्जिंग सेंटर बनाने के लिए भी केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

'शहर के लिए रहेंगी कारगर'

शिक्षा, विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा कि शिमला नगर में छोटी 21 सीटर बसें अत्यंत कारगर साबित होंगी। कार्यक्रम में उप-महापौर राकेश शर्मा, प्रबंध निदेशक हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम यूनुस खान, कार्यकारी निदेशक अनुपम कश्यप, महा-प्रबंधक नवीन कपलस, मण्डलीय प्रबंधक राजेश चैहान, पंकज सिंगला, रघुवीर चैधरी तथा क्षेत्रीय प्रबंधक देवा सेन नेगी आदि उपस्थित थे।

खबर है...

रूटस कंट्री स्कूल में खेल मैदान का उद्घाटन

शिमला (निस) : हिमाचल प्रदेश सरकार में मुख्य सचेतक नरेन्द्र बरागटा ने शुक्रवार को तहसील कोटखाई के तहत बाघी पंचायत में रूटस कंट्री स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर स्कूल के नए खेल मैदान व प्रधानाचार्य कार्यालय का उद्घाटन किया। बरागटा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां मौजूद नौजवान व बच्चे नशे से दूर रहें तथा अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि अपने बच्चों पर ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नारकंडा से हाटू मंदिर तक रोपवे का निर्माण किया जाएगा। बाघी से रूटस कंटरी स्कूल तक सड़क दुरुस्त करने के प्रयास किये जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने बच्चों को सम्मानित किया।

कपूरथला में 2 युवतियों से दुष्कर्म

कपूरथला (निस) : कपूरथला में 2 युवतियों से दुष्कर्म होने का मामला सामने आया है। पहली घटना खोजेवाल इलाके की है जहां कथित तौर पर एक लड़की को स्कूल जाते समय युवक अमनदीप सिंह वासी जिला जालंधर ने दो साथियों अमनदीप भट्टी व एक अज्ञात के साथ अगवा कर पीजी में ले जाकर दुष्कर्म किया। ऐसी ही दूसरी घटना कपूरथला शहर के ही मोहल्ला लाहौरी गेट की है जहां नाबालिग लड़की से एक युवक ने घर में आकर जबरन दुष्कर्म किया। दोनों घटनाओं में सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

मानसिक तनाव में आकर की आत्महत्या

होशियारपुर (निस) : मानसिक तनाव में आकर एक युवक ने फंदा लगा लिया जिसके चलत उसकी मौत हो गई। थाना हरियाना की पुलिस के मुताबिक गांव कांटीयों के निवासी सर्वजीत कृषि का काम करता था। बताया जाता है कि सर्वजीत कुमार कुछ समय से मानसिक परेशानी में था जिसके चलते उसने अपने ही घर में फंदा लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों को घटना का सुबाह पता चला। मृतक की पत्नी रेखा रानी की शिकायत पर 174 की कार्रवाई की जा रही है।

नैंसी को ऑस्ट्रेलिया में मिला अवार्ड

कपूरथला (निस) : आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया एसी की गवर्नर लिंडा डिसाऊ ने कपूरथला के कस्बा काला संघिया की नैंसी लूंबा को मल्टीकल्चरलिज्म अवार्ड से सम्मानित किया है। कपूरथला के काला संघिया निवासी विपन कुमार और पूनम की सबसे छोटी 24 वर्षीय बेटी नैंसी की इतनी बड़ी उपलब्धि के लिए माता-पिता उसके सम्मान समारोह के गवाह बने हैं। नैंसी वहां पढ़ाई करने के साथ-साथ नेशनल आस्ट्रेलिया बैंक में पीपुल लीडर के तौर पर कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही नैंसी आस्ट्रेलियन फुटबाल लीग, विक्टोरिया क्रिकेट और कॉमनवेल्थ गोल्ड कोस्ट गेम्स की मल्टीकल्चरल कम्यूनिटी अंबेसडर हैं। 2012 से आस्ट्रेलिया में रह रही नैंसी अपना नॉन प्रोफिट आर्गनाइजेशन फाक्सिंग फ्रेमिंग कम्यूनिटी पार्टिसिपेशन इन कार्पोरेशन को चला रही हैं। साथ ही वह ब्रदर्स एंड सिस्टर्स फाउंडेशन की मीडिया मैनेजर भी हैं। फोन पर बातचीत में नैंसी बताती हैं कि उन्हें यह अवार्ड स्वास्थ्य और कल्याणकारी परियोजनाओं जैसे ऑटिज्म, मानसिक स्वास्थ्य, विकलांगता और रोजगार में उम्दा सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है।

कालका रेलवे स्टेशन में चलाया चेकिंग अभियान

पिंजौर (निस) : दिवाली पर्व पर कालका रेलवे स्टेशन में शुक्रवार को जीआरपी पुलिस ने गहनता से चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे पुलिस कालका थाना प्रबंधक राजकुमार ने बताया रेलवे सुरक्षा बल जवानों के साथ मिलकर चेकिंग के दौरान यात्रियों के सामान, रेलवे स्टेशन के पूरे परिसर, आने-जाने वाली हर रेलगाड़ियों की गहनता से चेकिंग की और ट्रेन में आतिशबाजी, बम, पटाखे आदि सामान ले जाने वाले यात्रियों को रोका गया। अभियान में एसपीओ राकेश कुमार, साधु राम, निक्का सिंह, धर्मपाल, विजेंद्र सिंह, योगेश कुमार, प्यारा सिंह आदि अन्य पुलिस जवान थे।

चंडीगढ़ में शुक्रवार को सेक्टर-43 के बस अड्डे से अपने-अपने घरों को लौटने वालों की भारी भीड़ रही। दिवाली के मद्देनजर हर कोई अपने गांव-शहर पहुंचने को बेताब दिखा। -मनोज महाजन

केंद्र ने दी विस्तार को मंजूरी

मटौर तक बनेगा कांगड़ा एयरपोर्ट

धर्मशाला, 25 अक्तूबर(निस)

कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके बाद अब गगल एयरपोर्ट का रनवे बढ़ाकर 2050 मीटर किया जाएगा और इसका निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। एयरपोर्ट का रनवे गगल चौक से आगे तक जाएगा और इसकी जद में इच्छी, सहौड़ा व पुराना मटौर तक का क्षेत्र आएगा। इस एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का सारा खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी। याद रहे कि केंद्र सरकार ने यह मंजूरी जिला प्रशासन की ओर से जुलाई में प्रदेश सरकार के माध्यम से भेजी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर दी है। वहीं बताया जा रहा है कि लगभग पुराना मटौर तक के लोग इस एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से प्रभावित होंगे।

वर्तमान में गगल एयरपोर्ट का रनवे 1370 मीटर लंबा और 30 मीटर चोड़ा है। यहां दो बड़े जहाजों को पार्क करने की व्यवस्था है। विस्तारीकरण के बाद इसे बढ़ाकर 2050 मीटर किया जाएगा।

50 हेक्टेयर जमीन का होगा अधिग्रहण!

विस्तारीकरण के लिए 50 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। वहीं विस्तारीकरण के दौरान मांझी पुल से आगे पठानकोट-मंडी फोरलेन में भी थोड़ा बहुत बदलाव (डाइवर्ट) किया जाएगा।

रिश्वत लेते एएसआई रंगे हाथ गिरफ्तार

गुरदासपुर, 25 अक्तूबर (निस)

विजिलेंस ब्यूरो अमृतसर की टीम ने थाना सिटी गुरदासपुर में तैनात एएसआई रजिंदर कुमार को 40 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं इस संबंधी एक अन्य एएसआई कुलदीप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता इंदरजीत राय वासी जागला, पठानकोट की शिकायत पर विभाग ने मामला दर्ज किया है। इस संबंधी एएसआई कुलदीप सिंह जो खुद थाना सिटी में तैनात है तथा अभी ट्रेनिंग कोर्स के लिए के पीपीए फिल्लौर गए है के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

लूटपाट वाले गिरोह के 4 सदस्य धरे

लुधियाना, 25 अक्तूबर (निस)

स्थानीय पुलिस ने 2 विभिन्न मामलों में लूटपाट करने वाले एक गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मोबाइल झपटने वालों के तीन और कार चोरी करने वाले गिरोह के अभी एक ही सदस्य को पुलिस पुलिस काबू कर पाई है। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में बड़े खुलासे हो सकते हैं । एडीसीपी गुरप्रीत कौर पुरेवाल ने बताया कि शहर में मोबाइल झपटने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को थाना पीएयू की पुलिस ने दबोचा है जबकि कार चोरी के आरोप में लहरागागा का एक युवक भी पुलिस के हत्थे चढ़ा है जो कि किसान मेले दौरान गाड़ियों की शिनाख्त कर इन्हें उठा लेते थे और इसके बाद इन पर हरियाणा नंबर लगा कर बेच देते थे। उन्होंने कहा कि आगे की पूछताछ की जा रही है और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

'लवी मेले' को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

रामपुर बुशहर, 25 अक्तूबर (निस)

प्रतिवर्ष 11 से 14 नवंबर तक लगने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक 'लवी मेले' को लेकर रामपुर बुशहर प्रशासन सभी तैयारियां पूरी करने में जुटा है। इसके लिए बैठकों का दौर जारी है। इस संदर्भ में डीएसपी रामपुर अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि उपरोक्त मेले को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 550 अतिरिक्त पुलिस जवानों की जरूरत है जिसकी अनुमति के लिए एसपी शिमला को पत्र भेजा गया है। बता दें कि मेले में अधिकांश व्यापारी बाहरी राज्यों से आते हैं। उनकी वेरिफिकेशन के लिए पुलिस ने काम करना शुरू कर दिया है। डीएसपी ने लोगों से भी अपील की है कि जिन लोगों के मकानों में बाहरी लोग रहते हों उनकी वेरिफिकेशन करवा लें। वहीं जाम से निपटने को ट्रैफिक कंट्रोल के लिए प्लान तैयार कर लिया गया है। मेले के दौरान जिन विभागों के सहयोग की आवश्यकता रहती है उनसे पत्राचार किया जा चुका है।

देखा गया है कि लवी मेल में दूर-दूर से जुआरी इस खेल में किस्मत आजमाने आते हैं। कुछ साल पहले तक जुआ केवल साथ लगते ब्रो या जगातखाना में ही अधिकतर चलता था लेकिन अब पुलिस की नजर से बचने के लिए जुआरियों ने अपने ठिकाने बदल दिए हैं। इस बार जुआरियों पर पुलिस की खास नजर रहेगी।

अंतर्राष्ट्रीय नगर कीर्तन का लुधियाना में स्वागत

लुधियाना, 25 अक्तूबर (निस)

युवा अकाली दल के जिला प्रधान गुरदीप सिंह गोशा के नेतृत्व में अकाली दल के कार्यकर्ताओं ने आज लुधियाना में चंडीगढ़ रोड पर अंतर्राष्ट्रीय नगर कीर्तन का स्वागत किया। गुरु नानक देव जी की 550 वीं जयंती को समर्पित नगर कीर्तन पाकिस्तान से चल कर आज लुधियाना पहुंचा। गुरदीप सिंह गोशा ने कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षाओं का पालन करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर जगजीत सिंह नीता, गुरदीप सिंह ढींगरा, रविपाल सिंह, सनी, अबू पंढेर, परमजीत सिंह, कुलदीप सिंह ढिल्लों, रमन कुमार, मलकीत सिंह और रामनजोत सिंह मौजूद थे।

धर्मशाला में कालेज छात्रों को दी शिक्षा

प्राचीन भारतीय ज्ञान की विश्व को जरूरत : दलाई लामा

दुनिया के लोग भावनात्मक और शारीरिक रूप से एक समान

धर्मशाला, 25 अक्तूबर (निस)

धर्मगुरू दलाई लामा ने कहा कि वर्तमान समय में भारतीय प्राचीन शिक्षा और ज्ञान की पूरे विश्व को जरूरत है। बौद्ध धर्मगुरू ने यह बात शुक्रवार को मैकलोडगंज स्थित अपने निवास में धर्मशाला कालेज के 'पुरातन भारतीय शिक्षा' विषय के 6 माह के सर्टिफिकेट कोर्स के छात्रों को टीचिंग के दौरान कही। उन्होंने इस मौके पर धर्मशाला कालेज के प्राचार्य व अन्य शिक्षकों को भी ज्ञान बांटा। गौर हो कि धर्मशाला कॉलेज ने हाल ही में सरकार के शैक्षिक निकाय द्वारा अनुमोदित के रूप में प्राचीन भारत के ज्ञान में 6 महीने का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया है। इस सर्टिफिकेट कोर्स में करीब 30 छात्र अध्ययनरत हैं। इस दौरान दलाईलामा ने छात्रों के सवालों के जबाब भी दिए।

धर्मगुरू ने कहा कि विश्व के सभी 7 बिलियन लोग मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से समान हैं और वे एक समुदाय से हैं। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार के सदस्य होने के बावजूद, मनुष्य धार्मिक विश्वास के नाम पर विभाजन बनाते हैं, एक-दूसरे को मारते हैं और यह सब आत्म-केंद्रित दृष्टिकोण से प्रेरित है। तार्किक रूप से सोचें तो ये समस्याएं कम की जा सकती हैं।

धर्मगुरू ने कहा कि वे अपने जीवन के उत्तरार्ध में प्राचीन भारतीय ज्ञान के पुनरुद्धार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो मुख्य रूप से अहिंसा और करुणा को बढ़ावा देता है। अहिंसा और करुणा को शिक्षा के माध्यम से पुनर्जीवित किया जा सकता है।

कहा-जल्द ही तिब्बत लौटेंगे

तिब्बत लौटने के एक सवाल के जवाब में कि धर्मगुरू ने कहा कि वह जल्द ही तिब्बत लौटेंगे, उन्होंने कहा 'हालांकि शारीरिक रूप से मैं भारत में हूं, परंतु मेरा मन अक्सर तिब्बत में जाता है'।

एक और सैनिक स्कूल का केंद्र को भेजेंगे प्रस्ताव : मनप्रीत

कपूरथला, 25 अक्तूबर (निस)

वित्तमंत्री मनप्रीत सिंह बादल ने कहा कि पंजाब में एक सैनिक स्कूल नाकाफी है। दूसरे सैनिक स्कूल के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह खुद पूर्व फौजी हैं और वह एक और सैनिक स्कूल को लेकर बेहद संजीदा हैं। बादल सैनिक स्कूल के 58वें वार्षिक उत्सव के बाद शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा कि वे इस स्कूल को अगले वित्तीय वर्ष में 3 करोड़ और उससे अगले वित्तीय वर्ष में 3 करोड़ रुपये की ग्रांट भिजवाएंगे। केंद्र की ओर से 2020-21 सेशन से लड़कियों के लिए दाखिले के सवाल पर वित्त मंत्री बोले कि यह अच्छी बात है। इससे बहादुर बेटियां भी आर्म्ड फोर्सेस का हिस्सा बनेंगी।

कपूरथला में शुक्रवार को सैनिक स्कूल के 58वें वार्षिक उत्सव का शुभारंभ करते पंजाब के वित्तमंत्री मनप्रीत सिंह बादल। -दैनिक ट्रिब्यून

मुख्य अतिथि मनप्रीत बादल ने 2018-19 में सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए सीनियर वर्ग में भगत हाउस को ओवरऑल कॉक हाउस ट्राफी देकर सम्मानित किया। जूनियर वर्ग में सुभाष हाउस और नन्हे-मुन्ने बच्चों के रणजीत हाउस को कॉक हाउस ट्राफी से नवाजा।

ये रहे मौजूद

प्रिंसिपल कर्नल विकास मोहन ने बताया कि नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) में सबसे ज्यादा कैडेट भेजने के लिए तिलक हाउस को एनडीए ट्राफी से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन मनोज भसीन, कांग्रेस प्रधान अमरजीत सिंह सैदोवाल, पार्षद बलबीर बीरा, कांग्रेसी नेता विकास शर्मा के अलावा स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलप्रीत सिंह कंग मौजूद थे।

विजडन इंडिया अलमानेक सम्मान

बुमराह, मंधाना बने 'वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर'

बेंगलुरु, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बल्लेबाज स्मृति मंधाना 'विजडन इंडिया अलमानेक' वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का पुरस्कार जीता है। पाकिस्तान के फखर जमां , श्रीलंका के दिमुथ करूणारत्ने और अफगानिस्तान के राशिद खान ने भी पुरस्कार जीते हैं। सालाना क्रिकेट पुरस्कारों के सातवें सत्र में मयंक अग्रवाल का भी नाम शामिल है। मंधाना 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर' का पुरस्कार जीतने वाली तीसरी भारतीय है। उनसे पहले मिताली राज और दीप्ति शर्मा यह पुरस्कार जीत चुकी हैं। गुंडप्पा विश्वनाथ और लाला अमरनाथ को विजडन इंडिया हाल आफ फेम में शामिल किया गया। पहली भारतीय टीम के इतिहास को बयां करती प्रशांत किदाम्बी की किताब 'क्रिकेट कंट्री' को विजडन इंडिया 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ किताब' चुना गया।

चोट के कारण फेडरर के खिलाफ मुकाबले से हटे वावरिंका

बासेल, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

स्टैन वावरिंका को पीठ की चोट के कारण शुक्रवार को रोजर फेडरर के खिलाफ होने वाले बासेल क्वार्टरफाइनल से हटने के लिये बाध्य होना पड़ा। इससे पहले उन्होंने दूसरे दौर के मुकाबले में अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो को 6-3, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी थी और एक घंटे बाद ही उन्हें हटना पड़ा।

तीन बार के 34 साल के ग्रैंडस्लैम विजेता ने कहा, 'बुरी खबर यह है कि मुझे रिटायर होना पड़ रहा है। अंतिम गेम में मेरी पीठ में कुछ समस्या हो गयी। मैं कल के मुकाबले में नहीं खेल पाऊंगा। मुझे हटना पड़ेगा।' इससे शीर्ष वरीय फेडरर को शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल के लिये वाकओवर मिल गया।

कर्नाटक बना विजय हजारे चैम्पियन

मिथुन की हैट्रिक, झटके 5 विकेट। बारिश से प्रभावित रहा मैच

बेंगलुरु, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

कर्नाटक ने शुक्रवार को विजय हजारे एकदिवसीय ट्राफी के बारिश से प्रभावित फाइनल में वीजेडी प्रणाली से तमिलनाडु को 60 रन से हराकर चौथी बार खिताब हासिल किया। तेज गेंदबाज अभिमन्यु मिथुन ने अपने 30वें जन्मदिन को यादगार बनाते हुए तमिलनाडु के खिलाफ हैट्रिक सहित 5 विकेट चटकाये।

कर्नाटक की टीम इससे पहले 2013-14, 2014-15 और 2017-18 में चैम्पियन बनी थी। मिथुन ने 34 रन देकर 5 विकेट चटकाए जिससे तमिलनाडु की पारी 49.5 ओवर में 252 रन पर सिमट गयी। मिथुन ने 50वें ओवर की तीसरी, चौथी और पांचवीं गेंद पर शाहरुख खान, एम मोहम्मद और मुरुगन अश्विन के विकेट लेकर हैट्रिक पूरी की। 5 बार के चैम्पियन तमिलनाडु के लिए अभिनव मुकुंद ने 85 और बाबा अपराजित ने 66 रन बनाये। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी की। विजय शंकर (38) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। शाहरुख ने भी 27 रनों का योगदान दिया। कर्नाटक ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तेजी से बल्लेबाजी की। टीम ने जब 23 ओवर में एक विकेट पर 146 रन बनाये तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल 52 और मयंक अग्रवाल 69 रन पर नाबाद थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 112 रन की अटूट साझेदारी की। इस दौरान भारतीय टेस्ट टीम के सलामी बल्लेबाज अग्रवाल ज्यादा आक्रामक रहे जिन्होंने 55 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और सात चौके लगाये।

बेंगलुरु में शुक्रवार को विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते कर्नाटक के गेंदबाज अभिमन्यु मिथुन। -पेट्र

वीजेडी प्रणाली से निकला परिणाम

लगभग 40 मिनट तक बारिश नहीं रूकने के बाद अंपायरों ने मैच को यही समाप्त कर दिया। उस समय कर्नाटक वीजेडी प्रणाली से तमिलनाडु से 60 रन आगे था। बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए राहुल का टीम में चयन किया है। राहुल ने विजय हजारे के सेमीफाइनल और फाइनल में विकेटकीपर की भूमिका भी निभाई। टीम में ऋषभ पंत और संजू सैमसन जैसे विशेषज्ञ विकेटकीपरों का भी चयन हुआ है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या लोकेश राहुल टीम में वैसी भूमिका निभा पायेंगे जैसी राहुल द्रविड़ ने 1999 विश्व कप और फिर सौरव गांगुली की कप्तानी में 2002 से एकदिवसीय में नियमित विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाई थी।

बेंगलुरु में शुक्रवार को तमिलनाडु के एम अश्विन का विकेट चटकाने के बाद खुशी जाहिर करते कर्नाटक के खिलाड़ी। -पेट्र

मनीष, कार्तिक ने जताई खुशी

जीत के बाद कर्नाटक के कप्तान मनीष पांडे ने कहा, 'हम इस नतीजे से खुश हैं। टीम में खिलाड़ियों की मानसिकता हर परिस्थिति में जीत दर्ज करने की थी। उम्मीद है हम अच्छा प्रदर्शन जारी रखेंगे।' तमिलनाडु के कप्तान दिनेश कार्तिक ने भी टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन पर संतुष्टि जताते हुए कहा, 'मुझे लगता है हमने शानदार क्रिकेट खेली। एक दिन खराब खेलने से टीम कमजोर नहीं होती।'

सहयोगी स्टाफ की मदद के लिये आगे आये क्रिकेट प्रेमी

मुंबई, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

70 और 80 के दशक में क्रिकेट से ऐसा वित्तीय लाभ नहीं होता था जैसा कि मौजूदा दौर के खिलाड़ियों को मिलता है इसलिये क्रिकेट प्रेमियों के एक ग्रुप ने मिलकर बीते समय के सहयोगी स्टाफ की मदद करने के लिये एक कार्यक्रम शुरू किया। वरिष्ठ लेखक मार्कंड वायंगंकर की मदद से 'क्रिकेटर्स फाउंडेशन' का गठन किया गया जिसमें क्रिकेट के लिये योगदान करने वाले वित्तीय रूप से कमजोर स्टाफ की मदद की जाती है।

इस फाउंडेशन का लक्ष्य मुंबई के अनुभवी खिलाड़ियों, कोचों, अंपायरों और मैदानकर्मियों की मदद के लिये कोष इकट्ठा करने का है जो अब मुश्किल के दौर से गुजर रहे हैं। इनमें से काफी सहयोगी स्टाफ को बीसीसीआई या स्थानीय संघ से किसी भी तरह का वित्तीय लाभ नहीं मिलता। वायंगंकर के अलावा अभिजीत सांजगिरी, अनुभवी टीवी कमेंटेटर फ्रेडुन ड्रे विट्रे, मुंबई के पूर्व खिलाड़ी सलिल दतर, अमित गडकरी, डा शैलेश श्रीखंडे भी इस फाउंडेशन से जुड़े हैं।

सुडोकू

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

9			3		5		8	
	3				2			4
				4			7	
					8			7
	7	1				2	3	
8			1					
	9			1				
2			8				9	
	8		4		9			6

पिछले कल का उत्तर

9	2	5	3	8	4	7	1	6
8	6	3	7	5	1	4	9	2
4	7	1	2	6	9	5	3	8
2	9	8	5	1	3	6	4	7
7	5	4	6	9	2	1	8	3
3	1	6	4	7	8	9	2	5
6	8	9	1	3	7	2	5	4
5	3	2	9	4	6	8	7	1
1	4	7	8	2	5	3	6	9

आज का दिन

-सत्यव्रत बैंजवाल

शनिवार, 26 अक्तूबर, परिधावी नामक विक्रमी संवत् 2076, कार्तिक कृष्ण पक्ष 13 तिथि (सायं 3.47 तक), उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र (सुबह 8.27 तक बाद हस्त नक्षत्र 27 की सुबह 5.49 तक)), कार्तिक 10 प्रविष्टे।

व्रत पर्व : भद्रा (सायं 3.47 से रात 2.05 तक), धनवन्तरी जयंती, श्री हनुमान जयंती (अर्द्ध रात्रि व्यपिनी) यमाय-तर्पण, मास शिवरात्रि व्रत (कामेश्वरी देवी प्राकट् योत्सव, गणेश शंकर विद्यार्थी जयंती)।

दिशाशूल : पूर्व दिशा की यात्रा पर अदरक या उड़द खाकर जाएं।

राहुकाल : सुबह 9.00 से 10.30 तक।

	जम्मू	दिल्ली	चंडीगढ़
सूर्योदय	6.46	6.33	6.37
सूर्यास्त	5.43	5.37	5.36

सितारों के इशारे

-मदन गुप्ता सपाटू

आज 26 अक्तूबर को है जन्मदिन तो कैसा रहेगा आपका साल

शनि और नंबर 8 आपको आत्मविश्वासी, खुशमिजाज, रचनात्मक और साहसी बनाता है। किया निवेश आपको लाभ देगा। आमोद-प्रमोद की वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे। संबंधियों से उपहार और धन की प्राप्ति हो सकती है। 1990 के बाद जन्मे लोग अपने करियर से संतुष्ट रहेंगे। नये अवसर प्राप्त होंगे, उनका लाभ उठाने की जरूरत है। वित्तीय स्थिति अच्छी रहेगी। जनवरी, फरवरी, मई और अक्तूबर में धनलाभ के योग बनेंगे। अगर बड़ा निवेश करना चाहते हैं तो विशेषज्ञ की सलाह लें। शेयर मार्केट से भी धनलाभ होने की संभावना है।

शुभ रंग : गहरा नीला, गहरा ग्रे, जामुनी, नीला

शुभ दिन : शनिवार, बुधवार और शुक्रवार

शुभ अंक : 4, 5, 6, 8

शुभ रत्न : नीलम, हीरा, पन्ना

जन्मदिन को धोबी को कोयला या निर्माणाधीन धार्मिक स्थान पर निर्माण सामग्री दान करें।

राशिफल

मेष 21 मार्च से 20 अप्रैल
धन मिल सकता है। यात्रा लाभदायक रहेगी। पदोन्नति की संभावना है।

वृष 21 अप्रैल से 21 मई
अनुबंध मिलने में बाधा है। निवेशक से विवाद न करें। सकारात्मक रहें।

मिथुन 22 मई से 21 जून
आय में कमी हो सकती है। सहयोगी की लापरवाही पर ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में आलस न करें।

कर्क 22 जून से 22 जुलाई
पदोन्नति की संभावना है। आय में वृद्धि संभव है। अनुबंध मिल सकता है।

सिंह 23 जुलाई से 22 अगस्त
धन की कमी महसूस करेंगे। निवेशक का सम्मान करें। यात्रा में सतर्क रहें।

कन्या 23 अगस्त से 22 सितंबर
अनुबंध मिल सकता है। विदेश यात्रा संभव है। उपहार मिल सकता है।

तुला 23 सितंबर से 23 अक्तूबर
पदोन्नति में अभी देर है। विदेश यात्रा की संभावना है। लोन मिलने में बाधा है।

वृश्चिक 24 अक्तूबर से 22 नवंबर
संगीत में रुचि संभव है। धन-उपहार मिल सकता है। पदोन्नति संभव है।

धनु 23 नवंबर से 21 दिसंबर
आय में वृद्धि संभव है। अनुबंध मिल सकता है। जीवनसाथी की सलाह से लाभ संभव है।

मकर 22 दिसंबर से 20 जनवरी
विदेश यात्रा में सावधान रहें। धन की कमी महसूस करेंगे। अनुबंध-पदोन्नति को लेकर विवाद से बचें।

कुंभ 21 जनवरी से 18 फरवरी
खेल में रुचि हो सकती है। विदेश यात्रा में सतर्क रहें। धन मिलने में बाधा है।

मीन 19 फरवरी से 20 मार्च
साक्षात्कार परीक्षा में सफलता संभव है। लोन मिल सकता है।

पं. भानुप्रतापनारायण मिश्र

श्रीलंका के खिलाफ स्मिथ, वार्नर आस्ट्रेलियाई टीम में

एडीलेड, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

अगले साल अपनी सरजमीं पर होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज के लिये स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर ने आस्ट्रेलियाई टीम में वापसी की है। दोनों गेंद से छेड़खानी प्रकरण के कारण प्रतिबंध झेल रहे थे लेकिन टेस्ट और वनडे के बाद अब टी-20 टीम में उनकी वापसी हुई है।

आस्ट्रेलिया ने दूसरे प्रारूपों में सफलता के बावजूद अभी तक टी-20 विश्व कप नहीं जीता है। वह 2010 में फाइनल में पहुंची थी। राष्ट्रीय चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने कहा, 'हमने ऐसी टीम चुनी है जो हमें आगे तक ले जा सकती है। सभी को अपनी भूमिका पता है और टीम की जरूरत के अनुसार सभी ढल सकते हैं।' आरोन फिंच की कप्तानी बरकरार रखी गई है चूंकि स्टीव स्मिथ मार्च तक कप्तान नहीं हो सकते। एशेज सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले स्मिथ पर बल्लेबाजी का अधिकांश दारोमदार होगा। वहीं वार्नर ने इस प्रारूप में आस्ट्रेलिया के लिये सर्वाधिक रन बनाये हैं। गेंदबाजी का जिम्मा पेट कमिंस और मिशेल स्टार्क के साथ एंड्रयू टाये, केन रिचर्डसन और बिली स्टानलेक संभालेंगे। दूसरी ओर पाकिस्तान का तीन मैचों की सीरीज में सूपड़ा साफ करने के बाद श्रीलंका के हौसले बुलंद हैं।

श्रीलंका ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान ने दोयम दर्जे की टीम भेजी थी।

विश्व स्क्वाश चैम्पियनशिप

जोशना ने की जीत से शुरुआत

काहिरा, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

जोशना चिनप्पा ने सीआईबी पीएसए महिला विश्व स्क्वाश चैम्पियनशिप के अपने शुरुआती मुकाबले में अमेरिका की हाले मेंडीज पर जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। भारतीय खिलाड़ी को हालांकि गैरवरीय मेंडीज ने देर रात को खेले गये मुकाबले में कड़ी टक्कर दी। 12वीं वरीयता प्राप्त जोशना ने अनुभव का फायदा उठाते हुए इस मुश्किल मुकाबले को 9-11, 12-10, 8-11, 11-6, 11-6 से अपने नाम किया।



एक अन्य भारतीय सुनैना कुरुविला को हालांकि पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें बेल्जियम की नेली जाइल्स ने 8-11, 11-7, 11-4, 11-5 से हराया। इस टूर्नामेंट के साथ यहां मिस्र पुरुष ओपन का भी आयोजन हो रहा जहां भारतीय खिलाड़ी सौरव घोषाल को पहले दौर में बाई मिली है। रमित टंडन को हालांकि पहले दौर में हांगकांग के लियो अयू ने एकतरफा मुकाबले में 11-5, 11-7, 11-2 से हराया। टूर्नामेंट में विक्रम मल्होत्रा भी भाग ले रहे हैं।

हड़ताल खत्म कर भारत दौरे के अभ्यास में जुटी बांग्लादेशी टीम

ढाका, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के सदस्यों ने बेहतर भुगतान के लिये की गयी हड़ताल खत्म करके शुक्रवार से अभ्यास शिविर में भारतीय दौरे के लिये तैयारियां शुरू कर दी। खिलाड़ियों ने बुधवार को अपनी हड़ताल वापस ले ली थी क्योंकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने उनकी अधिकतर मांगे स्वीकार कर ली थी।

टेस्ट और टी-20 कप्तान शाकिब अल हसन की अगुवाई में खिलाड़ियों की इस हड़ताल से भारतीय दौरे पर संकट के बादल मंडराने लगे थे जहां उनकी टीम को तीन टी20 ओर दो टेस्ट मैच खेलने हैं। शाकिब ने बीमार होने के कारण पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया लेकिन अन्य खिलाड़ियों ने मुख्य कोच रसेल डोमिंगो की देखरेख में जमकर पसीना बहाया।

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी भी शुक्रवार को स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में बांग्लादेश की टीम से जुड़ गये। वह भारत के सुनील जोशी की जगह लेंगे। भारत और बांग्लादेश के बीच 3 टी-20 मैचों और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी।

दिन-रात्रि टेस्ट मैच के लिए विराट सहमत : गांगुली

कोलकाता, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय कप्तान विराट कोहली दिन-रात्रि टेस्ट खेलने के विचार से सहमत हैं और निकट भविष्य में इसका आयोजन हो सकता है। गांगुली ने बृहस्पतिवार को मुंबई में कोहली से मुलाकात की थी।

गांगुली ने ईडन गार्डन्स में बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) द्वारा उनके सम्मान मे आयोजित कार्यक्रम से इतर कहा, 'मुझे कहना होगा कि विराट कोहली इसके लिए सहमत हैं। ऐसी खबरें हैं कि वह दिन-रात्रि टेस्ट नहीं खेलना चाहता है जो कि सहीं नहीं है। इसलिए एक बार जब टीम का कप्तान इससे सहमत हो जाता है, तो चीजें आसान हो जाती है। हम देखेंगे कि इसे कैसे आगे बढ़ा सकते हैं। खेल को आगे बढ़ाने की जरूरत है।'

कोलकाता में शुक्रवार को एक कार्यक्रम में मौजूद सौरव गांगुली, मोहम्मद अजहरुद्दीन और वीवीएस लक्ष्मण। -एएफपी

पूर्व भारतीय कप्तान ने गुलाबी गेंद से टेस्ट मैच खेलने की वकालत की है जिससे अधिक से अधिक दर्शक मुकाबले का लुत्फ उठाने मैदान पहुंचे। गांगुली ने कहा, 'हम सभी इस बारे में विचार कर रहे हैं और कुछ करने की कोशिश करेंगे। मै दिन-रात्रि टेस्ट का समर्थक हूं। मुझे हालांकि नहीं पता कि ऐसा कब होगा। लेकिन जब तक मैं इस स्थिति में हूं, इसकी लिये कोशिश जारी रखूंगा।'

राष्ट्रीय हैंडबाल छायीं खानपुर की लड़कियां

कैथल (हप) : बिहार के पटना में आयोजित अंडर-20 नेशनल हैंडबाल प्रतियोगिता में हरियाणा की लड़कियों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हरियाणा की टीम में कैथल जिले की 3 लड़कियां शामिल थीं जिन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को विजेता बनाया। ये तीनों लड़कियां गांव खानपुर निवासी सविता सैनी, आरती सैनी व शीनू सैनी हैं। शीनू सब-जूनियर हैंडबाल प्रतियोगिता में पहले भी गोल्ड जीत चुकी हैं और हरियाणा सरकार की तरफ से 2 लाख रुपए के कैश ईनाम की हकदार भी बन चुकी है। प्रतियोगिता से लौटने पर तीनों खिलाड़ियों का आज गांव खानपुर व हिंदू स्कूल की तरफ से जोरदार स्वागत किया। स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका कौशिक ने बताया कि तीनों को स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

एथलेटिक व वॉलीबाल में हेरिटेज स्कूल विजयी

कैथल (हप) : सीबीएसई द्वारा पांच विद्यालय संगठित कर हब ऑफ लर्निंग बनाए गए हैं। एक हब हेरिटज इंटरनेशनल स्कूल कैथल, शिक्षा भारती स्कूल सीवन, एसएस बाल सदन, ग्रीन फील्ड कसौर, ओएसडीएवी स्कूल हैं। इन हब के अन्तर्गत इंटर स्कूल एथलेटिक व वॉलीबाल प्रतियोगिता हुई जिसमें से हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की टीम के कोच जोगिंदर थे। भाग लेने वाले खिलाड़ी गौरव, वतन, रणजीत, रमन, सुमित, अरमान, गर्व, अनुज, रणदीप, आर्यन और आयुष थे। इसके साथ ही 100 मीटर रेस में हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के समर ने प्रथम, 200 मीटर रेस में अंश ने प्रथम, लांग जंम्प में संचित ने प्रथम, रिले रेस में पारस, सुमित, केशव, अदित्य पांचाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या मधु भल्ला ने बच्चों व कोच को बधाई दी।

जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 29 से

कैथल (हप) : जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र बहल ने बताया कि बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में 29 से 31 अक्तूबर तथा 4 से 6 नवंबर तक विभिन्न जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जिला बाल कल्याण परिषद की अध्यक्ष एवं उपायुक्त डॉ. प्रियंका सोनी 29 अक्तूबर को सुबह 10 बजे स्थानीय बाल भवन मे करेंगी। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों का 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर स्थानीय बाल भवन में पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में जिला कैथल के सभी सरकारी, मान्यता प्राप्त व निजी स्कूल के बच्चे भाग ले सकते हैं।

अशोक कुमार बने बाल बैटमिंटन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष

कैथल (हप) : भारतीय बाल बैटमिंटन संघ की भिलाई छत्तीसगढ़ में हुई आम समिति की सालाना चुनावी बैठक में कैथल के अशोक कुमार गोयल को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। इस चुनाव में उन्होंने केरल के बाबू जोसेफ को हराया। इस समय अशोक गोयल हरियाणा बाल बैटमिंटन के अध्यक्ष हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर अशोक गोयल ने संघ के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संघ ने उनमें जो विश्वास जताया है वे उसे बनाकर रखेंगे।

फ्रेंच ओपन

सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में, साइना बाहर

क्वार्टरफाइनल में कोरिया की एनसी यंग से हारी

पेरिस, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी लेकिन साइना नेहवाल महिला सिंगल्स में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पायी। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने विश्व में 8वें नंबर की डेनमार्क की जोड़ी किम एस्ट्रुप और सकारूप रासमुसेन को 21-13, 22-20 से हराया।

भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला जापान के हिरोयुकी इंडो और युता वतानबे की जोड़ी तथा चीन के लि जुन लुई और लियु यु चेन की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इससे पहले साइना को महिला सिंगल्स में 49 मिनट तक चले मैच में विश्व में 16वें नंबर की कोरियाई खिलाड़ी एन सी यंग से 20-22, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

इस साल अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के बाद यह पहला अवसर था जबकि साइना अंतिम 8 में पहुंची थी। वह चीन, कोरिया और डेनमार्क में पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पायी थी।

साइना पहले गेम में शुरू में ही पिछड़ गयी और यंग ने 7-2 से बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय ने 7-8 से अंतर कम किया और कुछ समय के लिये 15-12 से बढ़त भी हासिल की। यंग ने स्कोर 18-15 कर दिया लेकिन साइना 20-19 के स्कोर पर गेम प्वाइंट पर पहुंच गयी। कोरियाई खिलाड़ी ने हालांकि लगातार तीन अंक बनाकर यह गेम अपने नाम किया।

सैन्य खेल में केटी इरफान पदक से चूके

वुहान, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

ओलंपियन केटी इरफान सातवें विश्व सैन्य खेलों में कांस्य पदक से चूक गए और 20 किलोमीटर पैदलचाल में चौथे स्थान पर रहे। इरफान ने एक घंटे 25 मिनट और 9 सकंड का समय निकाला। चीन के शू हाओ एक घंटे 22 मिनट और 18 सेकंड का समय निकालकर अव्वल रहे। उक्रेन के शूमिक विक्टर ने रजत और स्लोवाकिया के उराउनिक मिरोस्लाव ने कांस्य पदक जीता।

इरफान इससे पहले लंदन ओलंपिक 2012 में दसवें स्थान पर रहे थे जब उन्होंने एक घंटे 20 मिनट और 21 सेकंड का समय निकाला। वह मार्च में एशियाई पैदलचाल चैम्पियनशिप में चौथे स्थान पर रहे।

epaper.dainiktribuneonline.com

60 करोड़ साल पुरानी ऊलुरू रॉक पर अंतिम चढ़ाई

ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी भाग में स्थित की ऊलुरू रॉक पर शुक्रवार को चढ़ाई करते पर्यटक। इस रॉक पर चढ़ने का यह अंतिम दिन था, क्योंकि इस पवित्र मानी जाने वाली रॉक पर चढ़ने पर सरकार ने रोक लगा दी है। यह चट् टान 348 मीटर ऊंची और 3600 मीटर लंबी है। यह करीब 60 करोड़ साल पहले बनी थी। जमीन से 348 मीटर ऊंची यह चट्टान करीब ढाई किलोमीटर जमीन के भीतर है। इसकी लंबाई 3.6 किलोमीटर (3600 मीटर) और चौड़ाई 1.9 किलोमीटर है। इसकी सतह पर घाटी, पहाड़ी और गुफाएं हैं। -रायटर

शिवसेना की सख्त टिप्पणी

'घमंडियों' के लिए सबक है चुनाव परिणाम

मुम्बई, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणाम के एक दिन बाद शिवसेना ने चुनाव में उम्मीद से कम प्रदर्शन करने वाली भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में कोई 'महा जनादेश' नहीं है और यह परिणाम वास्तव में उन लोगों के लिए सबक है, जो 'सत्ता के घमंड में चूर' थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने 21 अक्तूबर को मतदान से पहले 'महा जनादेश यात्रा' के दौरान कुल 288 में से 200 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा किया था। फड़नवीस ने चुनाव परिणाम आने से एक दिन पहले 23 अक्तूबर को भगवा गठबंधन द्वारा 200 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करने का दावा किया था। शिवसेना ने अपने मुखपत्र 'सामना' में कहा कि इस जनादेश ने यह धारणा खारिज कर दी है कि दल बदलकर और विपक्षी दलों में सेंध लगाकर बड़ी जीत हासिल की जा सकती है। चुनाव में राकांपा और कांग्रेस ने पहले से बेहतर प्रदर्शन किया है।

संजय राउत ने साधा निशाना

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणामों में भाजपा की सीटों की संख्या में 2014 चुनाव के मुकाबले कमी दिखने के एक दिन बाद शिवसेना सांसद संजय राउत ने एक कार्टून पोस्ट कर अपनी पार्टी के गठबंधन साझीदार पर निशाना साधा। राउत ने कार्टून अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट किया है। इसमें एक बाघ (शिवसेना पार्टी चिह्न) को दिखाया गया है जिसने घड़ी (राकांपा चुनाव चिह्न) का एक लॉकेट पहना हुआ है और कमल (भाजपा पार्टी चिह्न) को सूंघ रहा है। पोस्ट का शीर्षक 'बुरा ना मानो दिवाली है' दिया गया है। यह भले ही मजाक में लिखा गया हो लेकिन इससे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के उस बयान की याद ताजा हो जाती है जिसमें उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस साथ आयें। चव्हाण ने बृहस्पतिवार को 'रोचक संभावना' की बात की थी कि भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस साथ आयें।

पंकजा के खिलाफ नारेबाजी न हो-धनंजय ने चेताया

बीड (महाराष्ट्र) : महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अपनी चचेरी बहन और मौजूदा विधायक पंकजा मुंडे को हराने वाले राकांपा नेता धनंजय मुंडे ने शुक्रवार को अपने समर्थकों को पंकजा के खिलाफ नारेबाजी करने से रोक दिया। राकांपा नेता ने राज्य विधानसभा चुनाव में परली सीट से पंकजा को 30,000 से अधिक मतों के अंतर से शिकस्त दी है। वैसे राज्य में भाजपा-शिवसेना सरकार के पांच साल के कार्यकाल में दोनों के बीच कट्टर प्रतिद्वंद्विता रही। यह प्रतिद्वंद्विता चुनाव से पहले एक कथित वीडियो सामने आने के बाद और बढ़ गयी जिसमें धनंजय मुंडे पंकजा के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते नजर आ रहे थे। इसी कारण उन्होंने मामले में अपनी बेगुनाही साबित करने के लिये प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। शुक्रवार को जब धनंजय मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे तब कुछ राकांपा कार्यकर्ताओं ने पंकजा के खिलाफ नारेबाजी की। धनंजय ने तुरंत उन्हें डपटा और कहा कि पंकजा के खिलाफ ऐसी नारेबाजी को वह बर्दाश्त नहीं करेंगे।

पेज 1 का शेष

हरियाणा के नेताओं को रास ...

2009 के विधानसभा चुनावों में बीरेंद्र सिंह उचाना कलां से इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला के हाथों शिकस्त खा बैठे। हुड्डा कार्यकाल-2 में दो नेताओं के पास वित्त मंत्रालय रहा। हुड्डा ने शुरूआत में कैप्टन अजय यादव को वित्त मंत्री बनाया और बाद में उन्हें हटाकर पिहोवा से विधायक रहे हरमोहिंद्र सिंह चट्ठा को वित्त मंत्रालय सौंप दिया। संयोग देखिए, 2014 के विधानसभा चुनावों में दोनों ही दिग्गज नेता-चट्ठा और यादव विधानसभा नहीं पहुंच सके। खट्टर सरकार ने कैप्टन अभिमन्यु को वित्त मंत्री बनाया और इस बार वे जजपा के रामकुमार गौतम के हाथों हार गए।

कुछ ऐसा ही शिक्षा मंत्रियों के साथ हुआ है। मांगेराम गुप्ता व रामबिलास शर्मा के अलावा हुड्डा सरकार में शिक्षा मंत्री रहे फूलचंद मुलाना भी चुनाव नहीं जीत सके। 2009 से 2014 तक हुड्डा सरकार में शिक्षा मंत्री रहीं गीता भुक्कल ने इस धारणा को तोड़ा था। वे 2014 में झज्जर से लगातार दूसरी बार चुनाव जीतीं। वहीं, मौजूदा शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा की हार ने इस धारणा को और बल दे दिया है।

जम्मू-कश्मीर बीडीसी चुनाव में आजाद उम्मीदवारों का परचम

जम्मू, 25 अक्तूबर (हप्र)

जम्मू-कश्मीर में बृहस्पतिवार को संपन्न हुए बीडीसी चुनाव में आजाद उम्मीदवारों ने परचम लहराया है, जबकि भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है। चुनाव आयोग ने बीडीसी चुनाव पार्टी लाइन पर करवाने का फैसला किया था। भाजपा को छोड़ कोई भी राजनीतिक दल मैदान में नहीं था। यानी मुख्य मुकाबला आजाद उम्मीदवारों और भाजपा के बीच था। लोकसभा चुनाव में उधमपुर-डोडा व जम्मू-पुंछ सीट पर जबरदस्त जीत दर्ज करने वाली भाजपा को लगभग पांच माह बाद ही बीडीसी चुनाव में मुंह की खानी पड़ी। बताया जा रहा है कि टिकट वितरण से कई दावेदारों में नाराजगी थी। नाराज कई नेताओं ने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ ही ताल ठोकी। बता दें कि कश्मीर संभाग में भाजपा के 18 और निर्दलीय 109 ने चुनाव जीता। लद्दाख संभाग में भाजपा की झोली में 11 व निर्दलीयों को 20 सीटें मिलीं। कुल 316 ब्लाकों में से भाजपा सिर्फ 81 में ही जीत दर्ज कर पाई है।

नवाज शरीफ को मेडिकल आधार पर जमानत

लाहौर, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को शुक्रवार को जमानत दे दी। शरीफ का एक ऐसी बीमारी का इलाज चल रहा है जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला करती है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के 69 वर्षीय सुप्रीमो को सोमवार देर रात को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) कार्यालय से लाहौर में सर्विसेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका प्लेटेलेट काउंट अचानक गिर गया था। जस्टिस बकर नजाफी की अध्यक्षता वाली लाहौर हाईकोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने पीएमएल-एन के अध्यक्ष शाहबाज शरीफ की याचिका पर सुनवाई की जिसमें धन शोधन के एक मामले में एनएबी की हिरासत में बंद उनके बड़े भाई नवाज शरीफ को स्वास्थ्य के आधार पर रिहा करने का अनुरोध किया गया था।

कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया गया। 3 बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ के वकील अश्तर औसफ ने अदालत को बताया कि उनकी हालत 'बहुत गंभीर' है और उन्हें जमानत मिलनी चाहिए। एनएबी के लोक अभियोजक ने बचाव पक्ष की याचिका को चुनौती न देते हुए कहा कि चूंकि यह पूर्व प्रधानमंत्री की सेहत की गंभीर हालत का मसला है इसलिए वह उनकी जमानत का विरोध नहीं करेंगे। शरीफ अल अजीजिया भ्रष्टाचार मामले में सात साल की जेल की सजा भी काट रहे हैं।

कश्मीर से 6 लाख टन फल तीन माह में बाहर भेजा गया

श्रीनगर, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

दक्षिणी कश्मीर में शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेबों से लदे ट्रकों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षार्मी। -एएफपी

कश्मीर घाटी से पिछले तीन महीनों में करीब 6 लाख टन ताजा फलों की खेप बाहर भेजी गयी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आतंकवादियों ने पिछले 11 दिन में दक्षिण कश्मीर में तीन ट्रक डाइवर सहित 4 गैर-कश्मीरियों की हत्या की है। ये ट्रक ड्राइवर सेब की ढुलाई के लिए वहां गए थे। उनके ट्रकों को जला दिया गया। प्रवक्ता ने कहा, 'पिछले तीन महीनों में 41,672 ट्रक में 5,88,123 टन ताजा फलों की खेप कश्मीर घाटी से बाहर भेजी गयी है।' पशु, भेड़, मत्स्य और परिवहन विभाग के प्रधान सचिव असगर हसन सामून ने यहां एक बैठक में घाटी से फलों की निकासी के लिए परिवहन सुविधाओं का जायजा लिया। बैठक में कुलगाम, शोपियां, अनंतनाग, सोपोर, बारामूला, चरार-ए-शरीफ व पुलवामा के फल उत्पादक यूनियनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

'ड्रोन' से होगी श्रीकृष्ण जन्मस्थान की सुरक्षा

मथुरा, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

श्रीकृष्ण जन्मस्थान एवं शाही ईदगाह परिसर में सुरक्षा कड़ी करने के मद्देनजर मांगा गया 'ड्रोन' जिला पुलिस विभाग को मिल गया है। अब पुलिस विभाग द्वारा इस बेहद संवेदनशील धर्मस्थल की सुरक्षा में लगे कर्मियों को 'ड्रोन' का संचालन करने के लिए प्रशिक्षित करवाया जाएगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शलभ माथुर ने कहा, 'प्रदेश के तीन सर्वाधिक संवेदनशील धर्मस्थलों में से एक मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान एवं शाही ईदगाह परिसर की सुरक्षा के लिए गठित सुरक्षा समिति की अनुशंसा के अनुसार शासन स्तर से सुरक्षा व्यवस्था को पहले से भी अधिक पुख्ता बनाने के लिए एक 'ड्रोन' मिल गया है।' इससे निगरानी व्यवस्था में खासी बढ़ोत्तरी होगी। परिसर के आकाश से चारों ओर किसी भी संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति आदि की भली प्रकार से निगरानी करना अब संभव हो जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष 1992 में अयोध्या स्थित विवादित ढांचा ढहाए जाने के बाद अयोध्या, काशी व मथुरा के अतिसंवेदनशील धर्मस्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई थी, जिसके तहत इस समय वहां त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है।

पाक में फजल से जुड़े संगठन पर प्रतिबंध

इस्लामाबाद, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

पाकिस्तान ने अगले सप्ताह देश में व्यापक स्तर पर किए जा रहे प्रदर्शन को कमजोर करने के लिए फजल-उर रहमान के नेतृत्व वाले जेयूआई-एफ से संबद्ध एक छोटे संगठन को प्रतिबंधित कर दिया है। इसने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठने की योजना बनाई थी। गृह मंत्रालय ने कल एक अधिसूचना जारी करते हुए अंसार उल-इस्लाम को प्रतिबंधित करने की घोषणा की। गौरतलब है कि जमीयत उलेमा ए इस्लाम के प्रमुख मौलाना फजल-उर रहमान ने घोषणा की है कि वह 31 अक्तूबर को सरकार के खिलाफ इस्लामाबाद में प्रदर्शन करेंगे। पीएमएल-एन, पीपीपी, एएनपी और पीकेएमएपी सहित सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने 'आजादी मार्च' को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। रहमान ने आरोप लगाया है कि जुलाई 2018 में हुए चुनाव में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की मदद करने के लिए धांधली की गई थी। उन्होंने खान का इस्तीफा मांगा है।

दीपोत्सव के लिए सज रहा सरयू का तट

अयोध्या में शुक्रवार को सरयू नदी के तट पर राम की पैड़ी पर चल रही दीपोत्सव की तैयारी में जुटे लोग। -प्रेट्र

छत्तरपुर मंदिर परिसर में होगा संस्कृत सम्मेलन

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (ट्रिब्यू)

संस्कृत पर पहला विश्वसम्मेलन 9 से 11 नवंबर को यहां छत्तरपुर मंदिर परिसर में होगा। इस सम्मेलन में 17 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसका आयोजन संस्कृत भारती की ओर से किया जा रहा है। इस सम्मेलन को लेकर डॉ. आशा तिवारी ने इसमें संस्कृत से जुड़े विषयों, पांडुलिपियों,संस्कृत शिलालेखों पर प्रदर्शनी, डॉक्युमेंट्री आदि दिखाई जाएगी। आगामी 9 नवंबर को विदेश राज्यमंत्री मुरलीधरन प्रदर्शनी का उदघाटन करेंगे। उसी दिन संघ के सह सरकार्यवाहक सुरेश सोनी का संबोधन होगा।

आलीशान सुविधाओं से होंगी लैस

200 सैलूनों को पर्यटक ट्रेनों में बदलेगा रेलवे

नयी दिल्ली, 25 अक्तूबर (एजेंसी)

रेलवे के आला अधिकारियों द्वारा दूरदराज के इलाकों का निरीक्षण करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले तमाम सुविधाओं से लैस 200 सैलूनों को 10 लग्जरी पर्यटक ट्रेनों में तबदील किया जाएगा। आईआरसीटीसी ने औपनिवेशिक काल की शैली में बने रेलवे के डिब्बों को आम जनता के इस्तेमाल के लिए शुरू करने और अतिरिक्त राजस्व अर्जित करने का फैसला किया है। शुरुआत में दूरदराज के इलाकों में निरीक्षण के लिए रेलवे अधिकारियों द्वारा खास तौर से इस्तेमाल होने वाले इन सैलूनों में दो शयनकक्ष, एक विश्राम कक्ष, एक पैंट्री, एक शौचालय और एक रसोईघर होता है जिसमें 5 दिन तक रुका जा सकता है।

सूत्र ने बताया, 'हालांकि कुछ सैलूनों को निरीक्षण के लिए रेलवे अधिकारियों के इस्तेमाल के लिए रखा जाएगा लेकिन इनमें से 200 को आईआरसीटीसी को सौंपा जाएगा तथा वे पर्यटक ट्रेनों के तौर पर चलेंगे। ऐसी करीब 10 ट्रेनों को सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए शुरू किया जाएगा।' पिछले साल अधिकारियों द्वारा इन सैलूनों के दुरुपयोग पर चिंताओं के बीच रेलमंत्री पीयूष गोयल ने अपने निजी सैलून को सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए सौंप दिया था। उन्होंने विभिन्न मंडलों से भी ऐसा करने के लिए कहा था। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम ने पिछले साल मार्च में पूरी तरह एयर कंडीशंड कमरों के साथ पहले सैलून डिब्बे की सेवाएं आम जनता के लिए शुरू की थीं। इसके लिए 2 लाख रुपये का किराया लिया गया था।

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :
सर्कुलेशन : 0172-2670419
या ई-मेल करें : circulation@tribunemail.com
विज्ञापन :
क्लासिफाइड : 0172-2670257
या ई-मेल करें : classified@tribunemail.com
डिस्पले : 0172-2670256
या ई-मेल करें : advt@tribunemail.com

प्रकाशक व मुद्रक राजकुमार सिंह द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से द ट्रिब्यून प्रेस, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से मुद्रित व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर 32198/78.
चंडीगढ़ फोन : 2655066, 2655067, 2655068.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
संपादक : राजकुमार सिंह*
*पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।

epaper.dainiktribuneonline.com